

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

पश्चिम बंगाल और कोलकाता नगर निगम को... 12

फलों, सब्जियों की उपज बढ़ाने को योगी सरकार... 03



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 333
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

गुरुवार | 19 सितंबर, 2024


# 'एक देश-एक चुनाव' को कैबिनेट की मंजूरी

## नवंबर-दिसंबर में बिल आएगा, विधानसभा-लोकसभा चुनाव साथ होंगे, अगले 100 दिन में निकाय चुनाव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव (वन नेशन वन इलेक्शन) करवाने के प्रस्ताव को बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। बिल शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में संसद में पेश किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं। 17 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सरकार इसी कार्यकाल में वन नेशन वन इलेक्शन लागू करेगी। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने कहा था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा पैदा कर रहे हैं। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। रिपोर्ट 18 हजार 626 पन्नों की है। पैनल 2 सितंबर 2023 को बनाया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है।



### क्या है वन नेशन वन इलेक्शन

भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही हुए थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

### विधि आयोग भी अपनी रिपोर्ट लेकर आएगा

एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित परिवर्तनों को कम से कम आधे राज्यों से समर्थन की जरूरत होगी। इसके अलावा विधि आयोग भी जल्द ही एक साथ चुनाव कराने पर अपनी रिपोर्ट लेकर आने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके पूरजोर सथर्मक रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, विधि आयोग सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं-पंचायतों जैसे स्थानीय निकायों के लिए 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश कर सकता है। त्रिशंकु सदन जैसे मामलों में एकता सरकार (यूनिटी गवर्नमेंट) के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है।

### कोविंद पैनल के 5 सुझाव...

- सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।
- हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।
- पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।
- चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा।
- कोविंद पैनल ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

### क्या बिल को कानून बनाने में कोई अड़चन आएगी

- कोविंद कमेटी ने 18 संवैधानिक बदलावों का सुझाव दिया है, इनमें से ज्यादातर में राज्यों की विधानसभाओं के सहमति की जरूरत नहीं है।
- कुछ संवैधानिक बदलावों के लिए बिलों को संसद में पास कराना जरूरी होगा।
- सिंगल इलेक्टोरल रोल और सिंगल वोटर आईडी कार्ड के लिए आधे से ज्यादा राज्यों की मंजूरी जरूरी होगी।
- संभव है कि कोविंद कमेटी की रिपोर्ट पर लॉ कमीशन भी अपनी रिपोर्ट पेश करे।
- सूत्रों का कहना है कि लॉ कमीशन 2029 में लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकायों और पंचायत चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दे।
- इसके अलावा लॉ कमीशन गठबंधन सरकार और हंग असेंबली जैसी स्थिति आने पर नियम की मांग करे।

### अभी ऐसी है वन नेशन-वन इलेक्शन की संभावना

एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। साथ ही इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे।

**पहला चरणः 6 राज्य, वोटिंगः नवंबर 2025 में**

- बिहारः मौजूदा कार्यकाल पूरा होगा। बाद का साढ़े तीन साल ही रहेगा।
- असम, केरल, तमिलनाडु, प. बंगाल और पुडुचेरी मौजूदा कार्यकाल 3 साल 7 महीने घटेगा। उसके बाद का कार्यकाल भी साढ़े 3 साल होगा।

**दूसरा चरणः 11 राज्य, वोटिंगः दिसंबर 2026 में**

- उत्तर प्रदेश, गोवा, मणिपुर, पंजाब व उत्तराखंडः मौजूदा कार्यकाल 3 से 5 महीने घटेगा। उसके बाद सवा दो साल रहेगा।
- गुजरात, कर्नाटक, हिमाचल, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुराः मौजूदा कार्यकाल 13 से 17 माह घटेगा। बाद का सवा दो साल रहेगा।
- इन दो चरणों के बाद देश की सभी विधानसभाओं का कार्यकाल जून 2029 में समाप्त होगा। सूत्रों के अनुसार, कोविंद कमेटी विधि आयोग से एक और प्रस्ताव मांगेगी, जिसमें स्थानीय निकायों के चुनावों को भी शामिल करने की बात कही जाएगी।

▸ संबंधित खबर पेज 12 पर

# अखिलेश और ओवैसी समेत नौ नामजद लोगों को कोर्ट से राहत

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

ज्ञानवापी प्रकरण में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, सांसद असदुद्दीन ओवैसी, मुफ्ती अब्दुल बातिन नोमानी समेत नौ नामजद और 2000 लोगों को कोर्ट से राहत मिली है। ज्ञानवापी परिसर में कथित शिवलिंग के पास गंदगी करने और आपत्तिजनक बयानबाजी, नारेबाजी को लेकर दाखिल निगरानी याचिका अपर सत्र न्यायाधीश नवम विनोद कुमार की अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि ज्ञानवापी से संबंधित वाद सिविल न्यायालय में लंबित है। इसमें कोर्ट द्वारा यह निर्धारित किया जाना है कि विवादित स्थल स्वयंभू ज्योतिर्लिंग है अथवा वजूखाना है। ऐसे में निगरानी अदालत का मत है कि अवर न्यायालय ने 14 फरवरी 2023 को पारित आदेश में न्यायिक दिमाग और अपने क्षेत्राधिकार का प्रयोग किया, उसमें हस्तक्षेप का कोई न्यायिक क्षेत्राधिकार नहीं बनता और निगरानी



याचिका खारिज की जाती है।

### लॉर्ड विश्वेश्वर मामले में 23 को सुनवाई

सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट युगल शम्भू की अदालत में बुधवार को ज्ञानवापी से जुड़े लॉर्ड विश्वेश्वर मामले में सुनवाई टल गई। वर्ष 1991 के स्वयंभू लॉर्ड विश्वेश्वरनाथ मूल वाद में अंजमुन इंतजामिया मसाजिद की तरफ से दिए स्थगन प्रार्थना पत्र के बाद अब इस प्राचीन मूल वाद की सुनवाई 23 सितंबर को होगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर की कार्रवाई पर लगाया ब्रेक

## सुप्रीम कोर्ट ने 1 अक्टूबर को होने वालीअगली सुनवाई तक बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी है

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** अपराधियों के दुस्साहस को बुलडोजर से मिट्टी में मिलाने के सीएम योगी के मंसूबों पर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 1 अक्टूबर को होने वाली अगली सुनवाई तक बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने साफ किया है कि बिना अदालत की इजाजत के इस दरम्यान कोई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं होगी। हालांकि अदालत ने साफ किया कि अगर सार्वजनिक सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन पर किसी भी तरह का अतिक्रमण है, तो वो हटाया जा सकता है। उसको हटाए जाने पर कोई रोक नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस पर कहा, बुलडोजर तो डराने और विरोधियों की आवाज दबाने का हथियार था। बुलडोजर कभी न्याय नहीं हो सकता। उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कानूनी तरीके से कार्रवाई होगी।

- कोर्ट ने साफ किया है कि बिना अदालत की इजाजत के इस दरम्यान कोई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं होगी
- हालांकि अदालत ने साफ किया कि अगर सार्वजनिक सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन पर किसी भी तरह का अतिक्रमण है, तो वो हटाया जा सकता है
- पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस पर कहा, बुलडोजर तो डराने और विरोधियों की आवाज दबाने का हथियार था

सुप्रीम कोर्ट की रोक पर केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि संवैधानिक एजेंसियों के इस तरह हाथ बांधना सही नहीं है। इस पर पीठ ने कहा, दो सप्ताह में ऐसा कोई



आसमान नहीं फट पड़ेगा। जमीयत उलेमा ए हिंद ने मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज और बरेली जैसे शहरों में बुलडोजर एक्शन का मुद्दा उठाया था।

### पीड़ितों की ओर से कोई भी कोर्ट नहीं गया

मुस्लिम संगठन की ओर से वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि रोजाना ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो रही है।इस पर केंद्र ने कहा कि 2022 में नोटिस जारी किए जाने के बाद अब बुलडोजर चलाया गया है। अपराध भी इनके बीच हुए। अदालत ने फिर इतनी जल्दबाजी में बुलडोजर एक्शन का प्रश्न उठाया।सरकार ने इस पर परसेप्शन बनाए जाने का मुद्दा उठाया। पीड़ितों की ओर से कोई भी कोर्ट नहीं गया, क्योंकि उन्हें पता है कि उनका निर्माण गैरकानूनी है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत तमाम राज्यों में आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर तमाम याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में डाली गई थीं। याचिकाकर्ताओं में जमीयत उलेमा ए हिंद भी शामिल है। उसका कहना है कि बीजेपी शासित राज्यों में बुलडोजर से आरोपियों का घर दुकान आदि ढहाया जा रहा है, खासकर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। आरोपियों का दोष साबित होने के पहले ऐसी कार्रवाई किसी भी तरीके से उचित नहीं है।

### बाबा के बुलडोजर का एक्शन काफी चर्चा में है

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद, वाराणसी में मुख्तार अंसारी जैसे माफिया डॉन पर कार्रवाई हुई है। वहीं अयोध्या में नाबालिग से गैंगरेप के आरोपी और कन्नौज में सपा नेता नवाब सिंह यादव पर बुलडोजर एक्शन लिया गया है। इससे पहले भी तमाम मामलो में आरोपियों के अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया है। उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था और आपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम को लेकर बाबा के बुलडोजर का ये एक्शन काफी चर्चा में है।

### किसी पर सिर्फ आरोप होने के कारण क्या किसी का घर दुकान या प्रतिष्ठान गिराया जा सकता है

जस्टिस विश्वनाथन और जस्टिस बीआर गवई ने कहा था कि इस मुद्दे पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने दो सितंबर को पिछली सुनवाई में संकेत दिया था कि वो बुलडोजर एक्शन पर गाइडलाइन जारी कर सकता है। हालांकि आज संभवतः सुनवाई न पूरी होने के कारण उच्चतम न्यायालय ने फिलहाल एक अक्टूबर तक इस पर रोक लगा दी है। पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने 2 सितंबर को सवाल उठाया था कि किसी पर सिर्फ आरोप होने के कारण क्या किसी का घर दुकान या प्रतिष्ठान गिराया जा सकता है।

### उद्देश्य सिर्फ ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को न्यायसंगत और कानूनसम्मत बनाए रखना है

कोर्ट ने तब कहा, बाहरी गतिविधियों से हमारा कोई लेना देना नहीं है। किस समुदाय पर बुलडोजर चलाया जा रहा है, यह प्रश्न नहीं है। एक भी जगह गलत हुआ है तो यह गलत है। अवैध तरीके से किया गया अतिक्रमण का हम बचाव नहीं करते ।लेकिन नौकरशाही को जज बनकर कार्रवाई करने की छूट नहीं दी जा सकती। हमारा उद्देश्य सिर्फ ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को न्यायसंगत और कानूनसम्मत बनाए रखना है। जमीयत उलेमा ए हिन्द ने कहा, कुछ मामलों में तो रातोंरात बुलडोजर चला दिया गया। खासकर भाजपाशासित राज्यों में मुस्लिमों को टारगेट करके बुलडोजर से कार्रवाई की गई है।

**रिपोर्ट** बोले सीएम योगी, भस्मासुर हैं कांग्रेस और सपा, जब भी जनता ने इन्हें शक्ति दी इन्होंने उसी शक्ति से जनता पर प्रहार किया


# बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों का गैंग बन चुकी है सपाः सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ/गाजियाबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों का गैंग बन चुकी है। पिछले कुछ दिनों में बेटियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले जितने भी दरिंदे पकड़े गए हैं, उन सबके संबंध समाजवादी पार्टी से हैं। उन्होंने कहा कि अपने संस्कार के अनुरूप सपा के नेता भारत की धर्म और संस्कृति के प्रतीक धर्माचार्यों को माफिया बोल रहे हैं। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा भस्मासुर हैं, जब भी जनता ने इन्हें शक्ति प्रदान की इन्होंने उसी शक्ति का दुरुपयोग जनता की आस्था पर प्रहार करने के लिए किया। सीएम योगी बुधवार को गाजियाबाद के रामलीला ग्राउंड घंटाघर में आयोजित वृहद रोजगार मेला के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 10,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 632 लाभार्थियों को ?327 करोड़ से अधिक का ऋण एवं 6,000 से अधिक युवाओं को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में आयोजित हो रहे रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार को एक नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को आज भी 2017 के पहले की सरकारों की कारगुजारियां याद आती हैं। सीएम योगी ने कहा कि माफिया और दंगाई विपक्षियों की कमाई का जरिया थे, जब किसी की कमाई पर हमला होता है तो उसका गैंग लीडर उग्र हो जाता है। फिर वह सामान्य शिष्टाचार को भूलकर अनर्गल प्रलाप करने लगता है। माफिया और दंगाई के गायब होने से आज उनके आका परेशान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस जाति के नाम पर वर्ग संघर्ष कराकर दंगाइयों को लूटपाट करने की छूट देंगे। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार समाजवादी पार्टी के इस मॉडल को ध्वस्त करने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन वर्ष उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। तीन वर्ष में उत्तर प्रदेश को देश में नंबर एक की अर्थव्यवस्था बनाना है। सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले केंद्र की कांग्रेस सरकार हिंदुओं को दबाने के लिए कानून बना रही थी। रामसेतु को तोड़ने की योजना पर कार्य कर रही थी। अयोध्या में राम मंदिर बनने के मार्ग में बाधक बन रही थी। कश्मीर में उग्रवाद को पनपा रही थी। देश की सुरक्षा में सेंध लगा रही थी। वहीं 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में सपा भी कांग्रेस के नक्शेकदम पर चल रही थी। गुंडागर्दी और अराजकता चरम पर थी। हर दूसरे दिन प्रदेश में कहीं न कहीं दंगे होते थे। उन्होंने कहा कि दुर्दांत अपराधी, वन माफिया, पशु माफिया और भू-माफिया के सामने सपा के नेता घुटने टेककर नाक रगड़ते थे। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व भारत दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार साढ़े सात साल में साढ़े छह लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार 40 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे लगभग प्रदेश के डेढ़ करोड़ युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत डबल इंजन सरकार अगले कुछ वर्षों के अंदर 10 लाख युवाओं को पहले पांच लाख और दूसरे चरण में 10 लाख रुपए का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराने जा रही है। कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री सुनील कुमार शर्मा, व्यावसायिक शिक्षा के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह, सांसद अतुल गर्ग, पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, महापौर सुनीता दयाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

- सीएम योगी ने कहा- अपने संस्कारों के अनुरूप सपा के नेता धर्माचार्यों को माफिया बोल रहे हैं
- सपा के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी हैः सीएम
- सीएम योगी ने कहा, माफिया और दंगाई विपक्षियों की कमाई का जरिया थे
- बोले सीएम योगी, माफिया और दंगाइयों के गायब होने से उनके आका परेशान हो गए हैं
- अगले तीन वर्ष में उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाना हैः मुख्यमंत्री






### युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तो उसके भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ करेगी

सीएम योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारें प्रदेश के युवाओं का शोषण करती थीं। उनके कार्यकाल में किसान आत्महत्या के लिए मजबूर थे और व्यापारियों को पलायन करना पड़ता था। सपा के कारण ही कैराना और कांधला से हिंदू व्यापारियों को पलायन करना पड़ा था। बेटी की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी। उन्होंने कहा कि आज नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में बेटी भी सुरक्षित है और व्यापारी का सम्मान होता है। युवाओं के लिए रोजगार है तो किसान भी आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि अगर किसी ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तो उसके भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ करेगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई युवाओं के सपने में रोड़ा बनने का कार्य करेगा तो सरकार उस रोड़े को जड़ से उखड़कर फेंक देगी और उसकी संपत्ति को जब्त कर गरीबों में बांट देगी।

### शायरी के माध्यम से भी कांग्रेस और सपा पर किया हमला

सीएम योगी ने अपने संबोधन में शायरी के माध्यम से भी कांग्रेस और सपा पर हमला किया। उन्होंने कहा कि- नजर नहीं है नजारों की बात करते हैं, जमीं पे चांद-सितारों की बात करते हैं। वो हाथ जोड़कर बस्ती को लूटने वाले, भरी सभा में सुधारों की बात करते हैं...। सीएम योगी ने आगे कहा कि कांग्रेस और सपा ने उत्तर प्रदेश को सिर्फ लूटा है। आज दो लड़कों की जोड़ी प्रदेश को गुमराह करने के लिए आई है। अपने परिवार के सिवाय इन्होंने किसी का कभी हित नहीं किया है।

### साढ़े सात वर्ष में बदली गाजियाबाद की तस्वीर

सीएम योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष पहले गाजियाबाद में गंदगी का अंबार था, अराजकता थी, माफिया की समानांतर सरकार चलती थी, गुंडा टैक्स वसूला जाता था। वहीं डबल इंजन सरकार में आज गाजियाबाद स्मार्ट सिटी बन चुका है। आज यहां 12 लेन का हाइवे है। देश की पहली रैपिड रेल और मेट्रो है, जल्द ही एम्स दिल्ली का सेटेलाइट सेंटर यहां शुरु करने जा रहे हैं। आज गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का पोटेंशियल बनता जा रहा है, जहां निवेश, रोजगार और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर सब कुछ है। गाजियाबाद दुग्धेश्वर महादेव का सुंदरीकरण किया गया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने बताया कि उप निरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय, उप निरीक्षक यूटी शिवम कन्नौजिया एवं उनकी टीम द्वारा संदीप कुमार उर्फ दीपू मिश्रा निवासी अगरहुंडा को 2 किलो 110 ग्राम सूखा गांजा व बिना रजिस्ट्रेशन की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से गांजा बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सरधुवा में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही मोटर साइकिल को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

### ग्रामोदय विवि में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि बढाई गई

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढाकर अब 30 सितंबर तक कर दिया गया है। इस आशय का निर्णय प्रवेश समिति की बैठक में लिया गया है। जन संपर्क अधिकारी डॉ जय प्रकाश शुक्ल ने बताया कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित यूजी, पीजी स्तर के डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट स्तर के सभी नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश और प्रवेश के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीकरण 30 सितंबर तक होंगे।

### प्रशिक्षण का हुआ समापन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मण्डलीय खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कालपी जालौन के तत्वाधान में दस दिवसीय एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत 200 प्रशिक्षार्थियों का समापन रामायण मेला परिसर सीतापुर में डिप्टी कमिश्नर संदीप कुमार केशरवानी ने किया। डिप्टी कमिश्नर संदीप कुमार केशरवानी ने कहा कि इस प्रशिक्षण को प्राप्त करके आप लोग अपने उत्पाद को बाजार की मांग के हिसाब से तैयार करें ताकि अधिक लाभ आपको मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान किया। प्रधानाचार्य मण्डलीय खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कालपी जालौन ने इस प्रशिक्षण का महत्व बताया और इस प्रशिक्षण के लाभ बताए। साथ ही पीएमजीपी, ओडीओपी ऋण योजना की भी जानकारी प्रदान किया। संचालन राकेश कुशवाहा ने किया। इस मौके पर प्रशिक्षक अमरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अनुपम, बॉबी शर्मा, नागेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### मारपीट व गाली गलौच के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपियों को सजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मारपीट व गाली गलौच करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर तीन आरोपियों को न्यायालय ने 1500 रूपए अर्थदण्ड एवं न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई गई। सहायक अभियोजन अधिकारी बृजमोहन ने बताया कि मारपीट व गाली गालौच के मामले में राजापुर थाना क्षेत्र के वीरधुमाई सुरकी निवासी बलुआ, रजईया व दवेनाथ के विरूद्ध वर्ष 2021 में राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। साथ ही पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद बुधवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती बलुआ, रजईया व दवेनाथ को दोष सिद्ध होने पर 1500 रूपए अर्थदण्ड व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई।

# सीडीओ ने राजनैतिक दलों के साथ की मतदेय स्थलों के संभाजन सम्बन्धी बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर की अध्यक्षता में बुधवार को मतदेय स्थलों के संभाजन के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों का संभाजन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में जहां नई आवासीय कालोनियां गत कुछ वर्षों में बनी हैं, उसमें नागरिक निवास करने लगे हैं तो यहां पर यथा आवश्यकता नया पोलिंग स्टेशन बनाया जा सकता है। कहा कि अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को इस मतदान क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध अस्थाई भवन में स्थानांतरित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदेय स्थलों को चिन्हित किया जाए जो मुख्य गांव, बस्ती से पर्याप्त दूरी पर है, उन मतदेय स्थलों को वहां से हटाकर मतदान क्षेत्र के अंतर्गत किसी सुविधाजनक भवन में स्थापित किया जाए, यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए की पोलिंग स्टेशन की दूरी लगभग 2 किलोमीटर से अधिक न हो। साथ ही जिन मतदेय स्थल की भवन पुरानी एवं जर्जर नहीं है, वहां मतदाताओं को 2 किलोमीटर से अधिक दूरी चलने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे मतदेय स्थल की स्थिति में परिवर्तन न किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों और असक्त मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर रैम्प की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीति दल या मजदूर यूनियन के कार्यालय से 200 मीटर के अंदर कोई भी मतदेय स्थल नहीं बनाया जाए। कहा कि यदि कोई मतदेय स्थल निजी भवन में स्थापित है और वहां शासकीय भवन उपलब्ध हो गए हैं तो उन मतदेय स्थलों को शासकीय भवनों में स्थानांतरित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई मतदेय स्थल दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, व्यक्तिगत सामुदायिक केन्द्र, विवाह घर अथवा ऐसे भवन जिनका स्वामित्व किसी राजनीतिक व्यक्ति के पास है। ऐसे मतदेय स्थलों के लिए विकल्प तलाश कर उनको हस्तांतरित कर दिया जाए। मतदेय स्थलों को बनाते समय एएमएफ सम्बन्धित सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों की आलेख सूची को डीआईओ की वेबसाइट पर अवश्य अपलोड कर दिया जाए ताकि जन सामान्य से भी शिकायतें व सुझाव प्राप्त हो सके। बहुत से मतदेय स्थलों पर राजनैतिक दलों द्वारा सहमत जताई गई। उन्होंने सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें। जिससे इसका समाधान किया जा सके। उन्होंने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि कोई सुझाव हैं तो अवगत कराए, उसका निस्तारण किया जाएगा।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा शाहू, उप जिलाधिकारी सौरभ यादव, अध्यक्ष लोहिया वाहिनी सपा अमर पटेल, कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष अपना दल यश राम सिया पटेल, जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी शिवबाबू वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पुनरीक्षण कार्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अधिकारियों के स्थानान्तरण पर लगी रोक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के अंतर्गत 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अधिकारियों तथा जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों उप जिलाधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा बूथ लेवल ऑफिसर्स को आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर से अन्तिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 तक स्थानांतरित करने पर रोक लगा दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में पुनरीक्षण कार्य में उन अधिकारियों, कर्मचारियों को फोटो युक्त निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 की अवधि आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर से अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 तक आयोग की अनुमति प्राप्त किए बिना स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

# ललितपुर में घटना कारित करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही की मांग



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पटेल सेवा संस्थान ने जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल के नेतृत्व में प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा।

पटेल सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि जनपद ललितपुर स्थित नाराहट के ग्राम गौना में इंदल पटेल के घर पहुंचकर दबंगों द्वारा की गई मारपीट, तोड़फोड़ एवं इंदल पटेल पर पेट्रोल डालकर जला कर जान से मारने की घटना ने फिर गुंडा राज की पोल खोल दी है। गौरतलब है कि इस गुंडा राज के शिकार दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के लोग ही हो रहे हैं, जो खेद जनक है। जिसकी पटेल सेवा संस्थान घोर निन्दा करता है। साथ ही अपराधियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग करता है। जिला महामंत्री देवेन्द्र सिंह ने दबंगो के हौसले बुलंद हो रहे हैं। दबंगो को फांसी की सजा दी जाए। जिससे दुबारा ऐसी घटना को अंजाम न दे सके। इस मौके पर फौजी रामसिया पटेल, जब्बर पटेल, जसवंत सिंह पटेल, जवाहरलाल पटेल, शिवबली पटेल, दीपक पटेल, हेम सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

# फाल्ट की वजह से शहर के आधा दर्जन मोहल्ले में छाया अंधेरा

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

मंगलवार रात में बारिश के दौरान हाईटेंशन लाइन में आई खराबी के कारण पूरी रात दो फीडर बंद रहे। दो फीडर बंद होने के आधे नगर में अंधेरा छाया रहा। लगातार 16 घंटे बिजली गुल होने से जलापूर्ति भी प्रभावित हुई। बिजली पानी बंद होने के कारण नगरवासी परेशान नजर आए।

बुढ़वा मंगल को नगर में स्थित श्रीहनुमानजी के मंदिरों में धार्मिक आयोजन चल रहे थे। इसके साथ ही भक्तों की भीड़ दर्शन कर रही थी। रात में करीब साढ़े आठ बजे से बूंदाबांदी शुरू हो गई। कुछ ही देर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। वहीं, पानी बरसने के साथ ही बालाजी व तोपखाना फीडर से जुड़े हुए नगर के 25 वार्डों में से लगभग 16 वार्डों की बिजली गुल हो गई। पानी बरसने के कारण बिजली विभाग लाइनों में आई खराबी को ठीक नही कर सका। रात करीब पौने दो बजे आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया गया। इस दौरान जब लाइन को शुरू किया गयातो लगभग 10 मिनट तक आपूर्ति हुई। इसके बाद आपूर्ति फिर से बंद हो गई। सुबह बारिश बंद होने पर बिजलीघर में आई खराबी को ठीक करने का प्रयास किया गया। लेकिन अबकी बार हाईटेंशन लाइन का पोल खराब हो गया जिससे नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली घर में आई खराबी व खराब हुए पोल को बदलने के बाद दोपहर लगभग एक बजे बिजली आई जो लगभग एक घंटे तक रही। इसके बाद भी बिजली के आने जाने का सिलसिला चलता रहा। मंगलवार की पूरी रात व बुधवार को दोपहर तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से सामान जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। बिजली व पानी आपूर्ति ठप होने से नगर की जनता परेशान हो गई। बरसात के मौसम में बिजली पानी बंद होने से घरेलू व व्यापारिक काम काज भी प्रभावित हुआ। जिससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी दिखी। अवर अभियंता नवीन कंजोलिया ने बताया कि हाइटेंशन पोल खराब होने के कारण दिक्कत आ गई थी। अब आपूर्ति सामान्य हो गई है।

जालौन। अवर अभियंता नवीन कंजोलिया ने बताया कि बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उरई मार्ग पर स्थित 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र में गुरुवार 19 सितम्बर को बीसीबी मशीन बदलने का कार्य किया जाना है।

### 23 सितम्बर तक जमा करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में तृतीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के बाद परिणामी रिक्त सीटों के सापेक्ष राजकीय संस्थानों के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन की स्थिति के अनुसार पंजीकरण संख्या एवं जन्म तिथि की प्रविष्टि करने पर उसकी रैंक प्रदर्शित होगी। जिसका प्रिंट आउट प्राप्त कर अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन के समय जनपद में दिए गए संस्थानों एवं व्यवसायों विकल्प के सापेक्ष उपलब्ध रिक्त सीट पर आवंटन के लिए जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 23 सितंबर तक जमा कर सकते हैं।

# झमाझम बारिश से कई इलाकों में हुआ जल भराव

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

मंगलवार की रात हुई झमाझम बारिश से नगर व ग्रामीण क्षेत्र में जगह जगह जलभराव हो गया। पानी की निकासी खराब होने के स्थिति खराब होती जा रही है। पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले अपर्याप्त दिखे। बारिश के बाद नाले उफनाते दिखे और गंदा पानी गलियों के साथ दुकानों व घरों में घुस गया जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई। गलियों में भरा हुआ पानी घंटों जाम बना रहा। बुढ़वा मंगल को रातभर झमाझम बारिश हुई। रात भर की झमाझम बारिश से नगर में चारों ओर पानी ही पानी नजर आया। मंगलवार की रात करीब साढ़े आठ बजे से शुरू हुई बारिश सुबह लगभग पांच बजे तक हुई। इस दौरान रातभर मूसलाधार बारिश होती रही। नगर के लोगों का कहना है कि वर्षों बाद ऐसी बारिश देखने को मिली। अभी तक या तो कुछ देर झमाझम पानी बरस जाता था। या फिर घंटों तक बूंदाबांदी होती रहती थी। लेकिन मंगलवार की रात तकरीबन आठ से नौ घंटे तक झमाझम बारिश होती रही। यही कारण है कि नगर में चुर्खी रोड पर अभी हाल ही बने नाले में पानी न समाने के कारण चुर्खी रोड के मोहल्ला भवानीराम, चुर्खीबाल, फर्दनवीस, जोशियाना, हरीपुरा, दवगरान, हरीपुरा, काशीनाथ, चौधरयाना, तोपखाना, चुर्खीबाल, खटीकान, मुरलीमनोहर, दलालनपुरा समेत अधिकांश मोहल्लों में पानी भर गया। जिन मोहल्लों में कभी कभार ही पानी भरता था। वह मोहल्ले भी बारिश के चलते पानी पानी नजर आए। यह पानी बारिश बंद होने के बाद भी घंटों तक गलियों में भरा रहा। नगर के सभी नाले ओवरफ्लो नजर आए। घरों में भी घुटनों तक पानी भरा हुआ नजर आया। कई जगहों पर बाइक लेकर पानी से निकल रहे लोगों की बाइक पानी के बीच में बंद हो गई और पानी साइलेंसर में भर गया। बारिश में जलभराव रोकने के लिए नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों को लगाया गया था। लेकिन इस बारिश में कुछ काम नहीं आया। ईओ सुशल कुमार ने बताया कि उन्हें जैसे ही जलभराव की जानकारी हुई कर्मचारियों को मौके पर भेजकर जल निकासी की व्यवस्था कराई गई है। भविष्य में जल भराव न हो इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

# किशोर की बांध में गिरकर डूबने से मौत, तेज बारिश में दिशा भूल होने से हुआ हादसा

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम जमालीपुर में स्थित बांध में गिरकर किशोर की मौत हो गई।

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम जमालीपुर निवासी रघुवीर कुशवाह का 16 वर्षीय पुत्र छोटे लाल बीते दिन मंगलवार को अपने खेत की रखवाली करने गया था। तभी देर रात हुई तेज बारिश के दौरान वह घर की जा रहा था। तभी मूसलाधार बारिश व अंधेरा होने के कारण वह दिशा भ्रमित हो गया और पास में ही बाँध की ओर चला गया। जिससे वह बांध में गिर गया और डूबकर उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, छोटे लाल को कम दिखाई देता था, जिसके चलते वह सही दिशा का अनुमान नहीं लगा पाया और बाँध में गिरकर डूब गया।फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कृषि विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में कृषि विभाग से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों उर्वरक उपलब्धता, वितरण एवं किसान केडिट कार्ड, फसली ऋण वितरण, सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना, नेशनल मिशन आन एडिबिल आयल, कृषि यंत्रीकरण, बुन्देलखण्ड गौ आधारित प्राकृतिक खेती, एग्री स्टैक अन्तर्गत खरीफ 2024 का डिजिटल क्रॉप सर्वे, खेत तालाब, नमसा एवं पं दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि की समीक्षा की गयी। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने योजनाओं की मदवार समीक्षा कर ससमय लक्ष्य की पूर्ति करने एवं कराये गये कार्यों की फोटोग्राफी एवं पीपीटी तैयार कराने के निर्देश दिये।

# एण्टी रोमियों टीमों ने भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया आश्वस्त

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-4 के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों शक्ति दीदी द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया। मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया। महिलाओं, बालिकाओं को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के सार्वजनिक स्थलों चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया। साथ ही महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएं यूपी 112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेन्स सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा, सहायता के लिए एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है। साथ ही समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं, बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं, बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं, बालिकाओं को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्रायड टीम के बारे में अवगत कराया गया। बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है, उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो, मनचलो द्वारा आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगों से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो, मनचलो को हिदायत, कार्यवाही की जाती है।

# मारपीट में महिला लहूलुहान, तीन पर रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस । कोंच**

पुराने विवाद को लेकर मोहल्ला गांधीनगर में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक महिला बुरी तरह से लहूलुहान हो गई जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। कस्बे के मोहल्ला गांधीनगर की रहने वाली मीरा देवी पत्नी गुड्डूलाल बेलदार और पड़ोसी अजय पुत्र बाला बेलदार के परिवार के बीच पिछले कई महीने से छोटी मोटी बातों को लेकर वाद विवाद चला आ रहा है। बुधवार की सुबह मीरा के बेटे रवि से घर के बाहर दूसरे पक्ष के लोगों की कहासुनी हो गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों के तमाम लोग बाहर सड़क पर आकर गाली गलौज करते हुए आपस में मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान मीरा के सिर में लोहे का खौपचा लग जाने से वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ी। घायल मीरा कोतवाली पहुंची जहां से पुलिस उसे सीएचसी ले गई जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मारपीट की घटना का किसी ने वीडियो बना कर सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय का कहना है कि घायल महिला के बेटे की तहरीर पर अजय, उसकी पुत्री मुस्कान और विजय पुत्र प्रकाश के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### स्वच्छता पखवाडा के तहत चलाया सफाई अभियान

**चित्रकूट।** स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत स्पोर्ट स्टेडियम में स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षकों खिलाडियों एवं स्टाफ द्वारा साफ सफाई की गई। बालिकाओं ने स्टेडियम के बिल्डिंग के सामने स्वच्छता का कार्य किया। मुख्य रूप से क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार, फिरोज अंसारी, अख्तर हुसैन, जीतू यादव ने भाग लिया।

# बारिश से गिरा किसान का पशुबाड़ा, दबाकर 40 बकरियों की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**



सिरसा कलार में भारी बारिश के चलते किसान का पशुवाडा भरभरा कर धरासाई हो गया। जिससे मलबे में दबकर किसान की 40 भेड़ व बकरियो की मौत हो गई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरा शेखपुरा निवासी किसान रामपाल बकरियों का पालने का काम करता था। जो रोज की तरह मंगलवार की रात बकरियों को बंद कमरे में बन्द कर सोने चला गया। तभी रात को हुई मूसलाधार बारिश की वजह से उसका मकान गिरकर धराशाई हो गया। जिसकी वजह से कमरे में बंद करीब 40 भेड़ बकरियां मकान के मलबे से दब गई। वही मकान गिरने की आवाज सुनकर किसान व उसके परिजन गए, बल्कि आहट सुनकर आसपास के लोगों के अलावा गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से किसान ने मलबे में दबी बकरियों को निकालने की प्रयास किया लेकिन भारी बारिश के चलते उन्हें नहीं निकाला जा सका। जिससे सभी बकरियों की मलबे में दबने से मौत हो गई। किसान ने बताया कि उसकी 40 भेड़ और बकरियां थी जिन्हें वह पाल रहा था, और इन्हें बेचकर ही वह अपने घर का खर्च चलता था। उसने बताया कि वारिस के चलते धराशाई हुए मकान में दबकर उसकी बकरियों की मौत से उसे लगभग 5 लाख रुपए का भारी नुकसान हुआ है।फिलहाल मामले की खबर मिलते ही चुर्खी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि हरेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और उन्होंने पीड़ित से मुलाकात कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। बल्कि प्रशासन से सहायता राशि दिलाने की भी बात कही।

# डीएम ने किसान दिवस पर किसानों की सुनी समस्या

**जन एक्सप्रेस । उरई**




शासन की मंशा अनुरूप डीएम राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें किसान दिवस में किसानों की समस्या एवं सुझावों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित कृषकों द्वारा विद्युत विभाग, नहर विभाग, नलकूप विभाग, फसल बीमा एवं अन्य से सम्बन्धित समस्यायें बतायी गयी। जिसके सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही कर ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं निस्तारण से शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में बाढ़ एवं अत्यधिक बारिश के कारण फसलों को हुई क्षति का 15 दिवस के अन्दर सर्वे कराने, रबी सीजन हेतु खाद एवं बीज की ससमय पर्याप्त व्यवस्था करने, जनपद की गौशालाओं को ठीक कराने, नहरों के संचालन हेतु रोस्टर समय से जारी करने, खराब पड़े नलकूपों को ससमय सही कराने, विद्युत आपूर्ति की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, अग्रणी जिला प्रबन्धक इंडियन बैंक, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम एवं द्वितीय, सहायक अभियन्ता नलकूप खण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधीक्षण अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग, सहायक अभियन्ता जल निगम, जिला प्रबन्धक फसल बीमा कम्पनी सहित सम्बन्धित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन बलराम सिंह लम्बरदार, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष डा0 द्विजेन्द्र सिंह, बृजेश राजपूत, दिनेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 26°C |
| कानपुर | 32°C | 26°C |
| देहरादून | 31°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 31°C | 25°C |

# फलों, सब्जियों की उपज बढ़ाने को योगी सरकार की नायाब पहल

* हाईटेक पौधशालाओं में वाजिब दाम पर मिलेंगे निरोग और गुणवत्ता के पौधे
* अब तक तैयार हो चुकी हैं 36 हाइटेक पौधशालाएं
* फलों और सब्जियों की खेती से रोजगार के साथ पोषण सुरक्षा भी मिलेगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

फलों और सब्जियों की उपज बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने एक और नायब नायाब पहल की है। इससे न केवल सब्जियों और फलों की उपज बढ़ेगी, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी सुधरेगी। इसके लिए योगी सरकार गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) और गाजियाबाद को छोड़ बाकी 73 जिलों में हाईटेक नर्सरी (पौधशाला) बनाएगी। संबंधित जिले के कृषि जलवायु क्षेत्र (एग्रो क्लाइमेट जोन) के अनुसार फलों और सब्जी की कौन सी प्रजातियां वहां के अनुकूल हैं, इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा। जिले के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) जिन विश्विद्यालयों से ये केवीके संबद्ध हैं और उद्यान विभाग मिलकर इसका निर्णय लेंगे।



### फलों और सब्जियों की खेती से रोजगार के साथ पोषण सुरक्षा भी मिलेगी

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि पर ही आधारित है। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में फलों और सब्जियों का महत्वपूर्ण स्थान है। वैज्ञानिक स्तर पर यह साबित हो चुका है कि फल और सब्जियां प्रति हेक्टेयर पर स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार के मौके उपलब्ध कराती हैं। प्रसंस्करण को जोड़ दिया जाय तो यह संख्या और अधिक हो जाती है। चूंकि इनमे विटामिंस और फाइबर प्रचुर मात्रा में मिलते हैं, इसलिए पोषण सुरक्षा में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान है। इन सबमें इन हाईटेक पौधशालाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### अब तक तैयार हो चुकी हैं 36 पौधशालाएं

मिली जानकारी के अनुसार ये पौधशालाएं मनरेगा की मदद से बनेंगी। अब तक ऐसी 36 पौधशालाएं तैयार हो चुकीं हैं। शीघ्र ही 16 और पर काम चलेगा। इन हाईटेक पौधशालाओं में पौधे को नियंत्रित तापमान और नमी में तैयार किया जाता है। लिहाजा ये पौधे निरोग होते हैं। ऐसे में इनके रोपण से उपलब्ध सब्जियों और फलों की उपज तो अधिक होती ही है। गुणवत्ता में भी ये बेहतर होती हैं। लिहाजा इनके दाम भी वाजिब मिलते हैं। उत्पाद का सही दाम मिलने से किसानों और बागवानों की आय बढ़ेगी। किसानों और बागवानों के हित में योगी और मोदी सरकार की जो भी योजनाएं चल रहीं हैं उनका अंतिम लक्ष्य भी यही है।

### प्रदेश में फलों और सब्जियों की खेती की संभावनाएं

नौ तरह के एग्रो क्लाइमेटिक जोन होने के कारण उत्तर प्रदेश में हर तरह के फलों और सब्जियों की खेती की संभावना है। प्रदेश की कुल भूमि का करीब 77त्र खेती योग्य है। खेती योग्य भूमि का करीब 85त्र सिंचित है। सबसे अधिक आबादी के रूप में श्रम शक्ति और बाजार भी उपलब्ध है। इस सबकी वजह से यहां फलों और सब्जियों की खेती की भरपूर संभावना है।

### निर्यात की संभावना भी बढ़ेगी

योगी सरकार का कृषि उत्पादों के निर्यात पर भी खासा जोर है। एक्सप्रेस वे का संजाल, जेवर, अयोध्या और कुशीनगर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट और प्रयागराज से बाया वाराणसी पश्चिमी बंगाल के हल्दिया तक का देश का इकलौता जलमार्ग इन संभावनाओं को और बढ़ा देता है। भविष्य में योगी सरकार की योजना इस जलमार्ग का विस्तार अयोध्या तक करने की है। सरकार जिस तरह दादरी, गोरखपुर सहित 13 जिलों में कार्गो हब बनाने की तैयारी कर रही है उससे इनके निर्यात की संभावना और बढ़ जाएगी।

# वंदे मातरम् राष्ट्रीय मंच ने किया आलोक त्रिपाठी को राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित

* तीसरे स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




वंदे मातरम् राष्ट्रीय मंच का तृतीय स्थापना दिवस समारोह बड़ी भव्यता से संपन्न हुआ। स्थापना दिवस का शुभारंभ श्री गुरु नानक तिराहा पर ,(निकट तिलकेश्वर मंदिर,वी आई पी रोड, आलमबाग, लखनऊ ) वट वृक्ष रोपण से हुआ।

कवि पुष्पेन्द्र प्रेमी ने अपने गीत से ससमां बांधां तथा बच्चों द्वारा प्रेषित विभिन्न प्रस्तुतियाँ बड़ी मनमोहक रहीं। स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे सरदार निर्मल सिंह, प्रोफेसर संजय चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार आलोक कुमार त्रिपाठी, उप निरीक्षक भूप सिंह यादव, मोहन धारा के प्रबन्धक अर्जुन द्विवेदी एवं गरीबों को निःशुल्क नज़र की जांच करके चश्मा वितरण करने वाले सन्त राम यादव को संगठन द्वारा राष्ट्र गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में योगदान प्रदान करने के लिए श्री रमेश शर्मा को विशिष्ट सेवा सम्मान तथा कवि पुष्पेन्द्र प्रेमी को अंग वस्त्र पहनकर अलंकृत किया गया।सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से संगठन का विस्तार करते हुए निम्नलिखित तीन आयामों की घोषणा की गई । वंदे मातरम् राष्ट्रीय मातृ शक्ति मंच ,वंदे मातरम् राष्ट्रीय युवा मंच, वंदे मातरम् राष्ट्रीय बालिका मंच ,तीनों आयामों के प्रमुख क्रमशः श्रीमती संध्या बाजपेई, श्री दीपक बेरी व सुश्री वैष्णवी गिरि को तीन वर्ष के लिए अपने-अपने आयाम के विस्तार एवं अन्य गतिविधियों की ज़िम्मेदारी सौपीं गई। विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में राष्ट्र गीत से समारोह प्रारंभ हुआ और विभिन्न रूपरेखाओं को पूर्ण करते हुए भारत माँ की आरती के साथ आयोजन पूर्ण हुआ। संगठन के कोषाध्यक्ष ने वर्ष भर का आय- व्यय सबके सम्मुख रखा जिसमें वर्ष भर के विभिन्न आयोजनों में संपूर्ण खर्च का ब्यौरा दिया। सभी सहयोगी साथियों को आभार। तीनों आयामों के प्रमुखों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की बधाई ।

# बुजुर्ग की जमीन पर कब्जा करने पहुंचे दबंगों के खिलाफ पीड़ित ने कि शिकायत



* कब्जा करने वाले दबंग पर पूर्व में लिखा जा चुका है एससी एसटी का मुकदमा

जन एक्सप्रेस | अभिमन्यु कुमार रावत

**लखनऊ।** पारा कोतवाली क्षेत्र के दबंग बिना किसी डर के जब चाहे, जिसकी चाहे, जहां चाहे जमीन पर कब्जा कर ले उन्हें किसी का कोई डर नहीं। पीड़ित सियाराम वर्मा पुत्र दीवानी लाल निवास ग्राम बुद्धेश्वर कोतवाली पर ने बताया कि मेरी जमीन जिसका खसरा संख्या 96 रकबा करीब 12 विश्वा सलेमपुर पतौरा का मजरा रामपुर में स्थित है। जिस पर भू-माफिया दबंग रवि अग्निहोत्री के इशारे पर राहत अली पुत्र आबिद अली निवासी रामपुर अपने करीब 8 से 10 अज्ञात लोगों के साथ मेरी जमीन पर जबरन कब्जा कर बाउंड्री वॉलकर रहे थे। जिसकी जानकारी मिलते ही तत्काल 1076 पर काल कर मदद की गुहार लगाई इसके कुछ देर बाद पुलिस आई और मेरे साथ मौके पर पहुंचकर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर बाउंड्री वॉल कर रहे व्यक्तियों को हितायत देते हुए निर्माण कार्य को रुकवा दिया। इसके संबंध में पीड़ित ने लिखित शिकायत मोहन रोड चौकी पर करते हुए विपक्षियों पर कार्यवाही करने की मांग की। पूर्व में भी विपक्षी दबंग पीड़ित के जमीन पर कब्जा करने गए थे जिसका पीड़ित ने विरोध किया तो उपरोक्त विपक्षी रवि अग्निहोत्री पुत्र कमलेश अग्निहोत्री, गुड्डू पुत्र अज्ञात, गुड्डू मियां पुत्र ज्ञात, कमाल पुत्र सूबेदार, राहत अली नईम पुत्रगण आबिद अली अपने 10 से 12 अन्य साथियों के साथ पीड़ित को जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की नियत से मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। जिसको लेकर विपक्षियों पर एससी एसटी का मुकदमा भी पारा कोतवाली में दर्ज है। पीड़ित नहीं अभी बताया कि विपक्षी बहुत पावरफुल लोग हैं और उनका कहना है कि हम लोगों का कुछ नहीं होगा ज्यादा मुकदमा बड़ी करोगे तो किसी दिन तुम ही नहीं रहोगे।

# यीडा क्षेत्र में 500 करोड़ का होगा निवेश, 5000 लोगों को मिलेगा रोजगार

* प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश को धरातल पर उतारने की योगी सरकार की मुहिम का दिख रहा असर
* यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने कॉर्पोरेट ऑफिस के लिए 45 भूखंडों का सफलतापूर्वक किया ई ऑक्शन
* 1000-1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के भूखंडों के लिए रिजर्व बिड प्राइज की तुलना में 134 प्रतिशत अधिक धनराशि की लगी बिड
* ई ऑक्शन के दौरान 112.50 करोड़ रुपए की बिड प्राइज के सापेक्ष प्राधिकरण को मिली 265.14 करोड़ की धनराशि
* 3 भूखंडों के लिए औद्योगिक समूहों के बीच लगी सर्वाधिक होड़, रिजर्व बिड प्राइज से लगभग 12 गुना रेट पर लगी बिड

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

योगी सरकार उत्तर प्रदेश में निवेश को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को ई ऑक्शन के माध्यम से बड़ी धनराशि की बिड हासिल की है। 1000 वर्ग मीटर के कुल 45 भूखंडों के लिए सफलतापूर्वक संपन्न हुए इस ई ऑक्शन के जरिए यीडा क्षेत्र में 500 करोड़ रुपए का निवेश संभव हो सकेगा। यही नहीं, परियोजनाओं के क्रियाशील होने पर यहां 5000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। इससे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकास में भी गतिशीलता आएगी। उल्लेखनीय है कि यीडा क्षेत्र में योगी सरकार विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूखंड उपलब्ध करा रही है। इसमें विभिन्न औद्योगिक समूह अपनी रुचि दिखा रहे हैं।

### 2.50 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया था बिड प्राइज

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने मंगलवार को संस्थागत भूखंडों की योजना के तहत ई ऑक्शन का आयोजन किया। इसके तहत यीडा क्षेत्र में कॉर्पोरेट ऑफिस के लिए 1000-1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के कुल 45 भूखंडों को सम्मिलित किया गया था। इसमें प्रत्येक भूखंड के सापेक्ष रिजर्व प्राइज 2.50 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया था। इस प्रकार 45 भूखंडों के सापेक्ष कुल बिज प्राइज लगभग 112.50 करोड़ रुपए थी। ई ऑक्शन के दौरान 112.50 करोड़ रुपए की बिड प्राइज के सापेक्ष प्राधिकरण को 265.14 करोड़ की धनराशि प्राप्त होगी जो कि कुल बिड प्राइज से 152.64 करोड़ रुपए ज्यादा है। यह बिड प्राइज का 134 प्रतिशत है, जो दर्शाता है कि यीडा क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना के साथ ही यहां कॉर्पोरेट ऑफिस खोले जाने के लिए भी औद्योगिक समूह किस कदर लालायित हैं।

### 3 भूखंडों से हुई 80.76 करोड़ रुपए की कमाई

इस योजना के तहत कॉर्पोरेट ऑफिस के तीन भूखंड ऐसे रहे, जिसकी बिड प्राइज से लगभग 12 गुना रेट पर बिड लगी है। इनमें प्लॉट नंबर 64 के लिए चैलेंजर कंप्यूटर लि. ने 28.28 करोड़ रुपए की बिड लगाई तो वहीं, एलेक्सिस ग्लोबल प्रा. लि. ने प्लॉट नंबर 69 के लिए 26.64 करोड़ रुपए की बिड प्राइज ऑफर की। इसी तरह, सानाश इंपेक्स प्रा. लि. ने प्लॉट नंबर 59 के लिए 25.84 करोड़ रुपए की बिड लगाई है। ई ऑक्शन के दौरान सिर्फ इन तीन भूखंडों के माध्यम से ही यीडा को 80.76 करोड़ रुपए प्राप्त हो रहे हैं। यह कुल बिड प्राइज का लगभग एक तिहाई हिस्सा है। यीडा के अधिकारी इस बिड से काफी खुश हैं और उन्होंने उम्मीद जताई है कि इन कॉर्पोरेट ऑफिस के माध्यम से बड़े पैमाने पर क्षेत्र में निवेश होगा और हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।

# ग्राम मौदा के रामलीला मैदान में पासी समाज के लोगों ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



काकोरी क्षेत्र के ग्राम मौंदा के रामलीला मैदान में पासी समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पासी समाज के शभ्य व सुलझे हुए नेता पासी समाज के हृदय सम्राट महाराजा लाखन पासी स्वाभिमान समिति व बहुजन क्रांति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहनलाल पासी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मिठाई लाल उर्फ योगेंद्र लाल रावत व उनके सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौके पर उपस्थित रहें, इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करने के लिए लोगों को जागरूक किया और मिलजुल कर रहने बच्चों को शिक्षित कर समाज में आगे बढ़कर लोगों के लिए अच्छा काम करने की प्रेरणा दी, वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री व मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर के प्रतिनिधि सूरज रावत ने समाज के गौरवशाली इतिहास को बताते हुए पासी समाज के लोगों को एकजुट होकर रहने और आदर्श समाज बनाने की अपील की, कार्यक्रम आयोजन संदीप पासी, रिंकू पासी, संजीत पासी, अमर पासी, विष्णु पासी, देवा पासी, अनिल पासी, संजय पासी, नरेंद्र पासी, अंकित पासी, दीपक पासी, छोटू पासी, धर्मेंद्र पासी, रविंद्र पासी, रितिक पासी, सुरज पासी आदि समाज के लोग उपस्थित रहें।

# तकनीकी का बढ़ता प्रयोग क्षेत्र की उन्नति का द्योतक : खन्ना

* जब हम अपने लक्ष्य के अनुरूप परिश्रम करते हैं तभी सफलता के रास्ते खुलते हैं

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

किसी भी क्षेत्र में तकनीकी का बढ़ता प्रयोग उस क्षेत्र की उन्नति का द्योतक है। तकनीकी के उपयोग से श्रम एवं समय दोनों की बचत होती है। यह बात उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना आज लॉ मार्टिनियर कॉलेज लखनऊ में लॉ मार्टिनियर एल्युमिनाई ऐप एलएमए की लॉन्चिंग के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि इस ऐप के माध्यम से दुनिया भर के इस कॉलेज के एल्युमिनाई अपने अनुभव, यादों, दुख-दर्द, खुशियां एक दूसरे से साझा कर सकते हैं। बच्चों के विकास एवं रुचि को देखते हुए उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। बच्चों से दोस्ताना व्यवहार करते हुए उनकी इच्छाओं एवं रुचि को जानने का प्रयास करना चाहिए तथा उस क्षेत्र में उन्हें बढ़ाने का अवसर उपलब्ध कराना चाहिए। अपनी इच्छाओं को उन पर नहीं थोपना चाहिए। छात्रों को भाग्य के भरोसे नहीं रहना चाहिए। अच्छे कर्म एवं मेहनत से ही भाग्य का निर्माण होता है। छात्रों को अपने लक्ष्य का निर्धारण करते हुए अपनी प्रतिभा, ज्ञान एवं मेहनत का उपयोग करके उसे पूरा करने का उद्यम करना चाहिए। जब हम अपने लक्ष्य के अनुरूप परिश्रम करते हैं तभी सफलता के रास्ते खोलते हैं न की भाग्य के भरोसे। वर्तमान सरकार के पूर्व प्रदेश का जो ग्राफ नीचे की तरफ जा रहा था, 2017 के बाद निरंतर ऊपर की ओर जा रहा है। आज प्रदेश एक रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। उन्होंने कहा कि योगी की सरकार जब से आई है प्रदेश में फिजूलखर्ची को रोका गया है। बजट का इंफ्रास्ट्रक्चर एवं कैपिटल इन्वेस्टमेंट पर ज्यादा फोकस किया गया है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े। प्रदेश सरकार ने मितव्ययिता के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा एवं इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया है।कार्यक्रम के दौरान लॉ मार्टीनियर कॉलेज के प्रिंसिपल, छात्र सहित कॉलेज के तमाम अल्युमिनाई एवं अन्य उपस्थित थे।

### इटौंजा पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत डेरवा गांव से एक व्यक्ति को एस0सी0 एस0टी0 अधिनियम अपर जिला सत्र न्यायाधीश लखनऊ द्वारा जारी एनबीडब्लू सम्बन्धित वाद संख्या 351/13 मु0अ0सं0 115/10 धारा 302 भादवि व 3(2)1 एससी एसटी एक्ट थाना इटौंजा से एक नफर वारंटी बराती पुत्र श्री मुन्नीलाल रावत निवासी ग्राम डेरवा उम्र करीब 64 वर्ष को मुखबिर खास सूचना पर घर ग्राम डेरवा से उ0नि0 प्रवीण कुमार, का0 रवि कुमार ने गिरफ्तारी अधिपत्र दिखाते हुए गिरफ़्तार कर लिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय भेजा गया है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास यूपी का पहला सेमीकंडक्टर पार्क विकसित करेगी योगी सरकार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

* यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर 10 और 28 में स्थापित किए जाएंगे दो सेमीकंडक्टर क्लस्टर्स
* सेमीकंडक्टर पार्क के लिए सेक्टर 10 में 200 एकड़, जबकि सेक्टर 28 में 125 एकड़ भूमि की गई है चिन्हित
* उत्तर प्रदेश को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का हब बनाने की दिशा में योगी सरकार ने उठाया महत्वपूर्ण कदम
* देश और दुनिया की बड़ी चिप निर्माता कंपनियों को निवेश के लिए किया जाएगा आकर्षित,दी जाएंगी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं
* बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ ही यूपी सरकार की सेमीकंडक्टर पॉलिसी का भी लाभ उठा सकेंगे निवेशक

देश में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू कर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही योगी सरकार ने इस दिशा में एक और बड़ी पहल की है। इस पहल के तहत योगी सरकार यूपी के ग्रेटर नोएडा स्थित जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास अब उत्तर प्रदेश का पहला सेमी कंडक्टर पार्क स्थापित करने जा रही है। प्रदेश सरकार की ओर से यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत सेक्टर 10 और सेक्टर 28 में सेमीकंडक्टर पार्क को स्थापित किए जाने की योजना है। इस पहल के माध्यम से देश और दुनिया की बड़ी चिप निर्माता कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपने उद्यम लगाने के लिए आकर्षित होंगी। साथ ही, व्यापक पैमाने पर यूपी के युवाओं के लिए रोजगार का भी सृजन हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री लगाने के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित करने हेतु



योगी सरकार ने सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू की है, जिसके जरिए बड़े पैमाने पर राहत प्रदान की जा रही है।

### दो क्लस्टर्स किए जाएंगे स्थापित

सेमीकंडक्टर पार्क्स के साइलेंट फीचर्स की बात करें तो इसके तहत यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने दो सेमीकंडक्टर क्लस्टर्स के लिए भूमि चिह्नित की है। पहली सेक्टर 10 में 200 एकड़, जबकि दूसरी सेक्टर 28 में 125 एकड़ भूमि शामिल है। इन दोनों क्लस्टर्स में यीडा 8 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगी, जबकि 60 एमएलडी का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी)लगाया जाएगा। वहीं, क्लस्टर्स को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 400/200/132 केवी सबस्टेशन भी स्थापित किए जाने की योजना है। इसके अतिरिक्त सेमीकंडक्टर पार्क्स में निवेश करने वाले उद्यमियों को मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी। सेक्टर 10 और 28 में स्थापित होने वाले इन क्लस्टर्स की नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दूरी मात्र 4 किमी. की है, जिससे कॉर्गो मिनटों में यहां पहुंच सकेगा और निवेशकों और विदेशी बायर्स को यहां आने-जाने में कोई समस्या नहीं होगी। इसके अलावा, यहां रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) की भी सुविधा जल्द शुरू होगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार से डीपीआर के अप्रूवल की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वहीं, दिल्ली से वाराणसी के बीच हाई स्पीड रेल की योजना है, जिसका एक स्टेशन नोएडा एयरपोर्ट भी होगा। इसके अतिरिक्त यमुना एक्सप्रेसवे में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का इंटरचेंज भी बन चुका है, जो इन बड़े शहरों से भी कनेक्टिविटी को आसान बनाएगा।

### सेमीकंडक्टर नीति लागू कर उद्योगों को दिया जा रहा प्रोत्साहन

उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की असीम संभावनाएं हैं। योगी सरकार ने निवेशकों को इस क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम बनाने पर जोर दिया है। इसके लिए प्रदेश में पहली बार सेमीकंडक्टर पॉलिसी लागू की गई है। यूपी सेमीकंडस्टर नीति के तहत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कैपिटल सब्सिडी पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त कैपिटल सब्सिडी का प्राविधान किया गया है। इसके अतिरिक्त पॉलिसी में कंपाउंड सेमीकॉन्डस्टर/सिलिकॉन फोटोनिक्स/सेंसर/एटीएमपी/ओएसएटी के लिए 75त्र की लैंड रिबेट भी प्रदान की गई है। वहीं डुएल ग्रिड नेववर्क के साथ ही 10 वर्षों के लिए इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, 25 वर्षों के लिए अंतर्राज्यीय बिजली खरीद, ट्रांसमिशन और व्हीलिंग शुल्क 50 प्रतिशत की छूट, स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस पर 100 प्रतिशत छूट और प्रति वर्ष 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी (अधिकतम 7 करोड़ रुपए) दिए जाने की भी व्यवस्था की गई है।

## स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों संग किया श्रमदान

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली** भारत सरकार के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रदेश के प्रभारी मंत्री ने जनपद रायबरेली में हाथी पार्क तिराहे पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत स्वच्छता अभियान में अपना श्रमदान दिया। उन्होंने रायबरेली की जनता को अपने आस-पास और मोहल्लों को साफ सुथरा रखने का संदेश दिया। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर आए मीडिया बंधुओ से कहा कि रायबरेली का प्रत्येक नागरिक अपने गांव और गली को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तभी हम स्वस्थ भारत का निर्माण कर पाएंगे। यही हमारे देश के प्रधानमंत्री जी का संकल्प है। हम सबको मिलकर अपने जनपद को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा और जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद को वायु सर्वेक्षण में प्रथम स्थान मिला है यह स्वच्छताअभियान काही परिणाम हैइस अवसर पर नगर पालिका ईओ स्वर्ण सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी,अपर जिलाधिकारी (प्रशा) सिद्धार्थ सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था दुराचार व अत्याचार के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था दुराचार तथा अत्याचार के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने कचहरी गेट पर जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। प्रेस क्लब पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एकत्रित होकर जुलूस की शक्ल में नारे लगाते हुए कचहरी कलेक्ट्रेट की ओर बढ़े पर कचहरी का गेट पुलिस द्वारा बंद करने के कारण,वही गेट पर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे।
इससे पूर्व प्रेस क्लब पर धरने में उपस्थित पार्टी के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार गौतम ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था खस्ता हाल है और उत्तर प्रदेश के मुखिया जाति और धर्म देखकर अपराधियों और निर्दोषों पर कार्यवाही कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश की सरकार के मुखिया खुद ही न्यायाधीश की भूमिका निभा रहे हैं और मुख्यमंत्री कार्यालय से अपराधी चिन्हित किया जा रहे हैं तथा उन पर मुख्यमंत्री के इशारे पर गैर कानूनी तरीके से कार्यवाही की जा रही है। जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा लोकसभा चुनाव में अपनी पराजय देखकर भाजपा बौखला गई है और हताशा भारी कार्यवाही पूरे प्रदेश में देखने को मिल रही है ,इसका कांग्रेस पार्टी प्रबल विरोध करती है।भाजपा सरकार ने उप्र को 'फ़र्ज़ी एनकाउंटर की राजधानी' बना दिया है। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार में महिलाओं का सम्मान सुरक्षित नहीं रह गया है , लगातार कही न कहीं महिलाओं के साथ दुराचार की घटनाएं हो रही है,।पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा जिस तरह लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा हाफ हो गई इस तरह विधानसभा में भाजपा साफ हो जाएगी।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बुलडोजर को अपना ब्रांड एंबेसडर बना लिया था और बुलडोजर को ही न्याय का प्रतीक बना दिया गया था, पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से बुलडोजरी सोच का ध्वस्तीकरण हो गया। प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य अशोक सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ,सुल्तानपुर के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ,अंबेडकर नगर से सुनील मिश्रा, महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय ,सविता यादव, दयावती, दिनेश शुक्ला ,शैलेंद्र पांडे ,पीसीसी सदस्य संजय तिवारी शामिल रहे।

## प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत माध्यमिक विद्यालयों का होगा कायाकल्प समीक्षा बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प के निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा बचत भवन सभागार में की। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह से अब तक हुए कार्यों की प्रगति जानी। प्रगति संतोष जनक ना होने पर जिला अधिकारी ने संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था आरईएस के दो अभियंताओं तथा समग्र शिक्षा माध्यमिक के डीसी का वेतन रोकने का निर्देश दिया। प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की सुविधाओं के लिए माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, अतिरिक्त कक्षाएं, भौतिक एवं रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष, मल्टीपरपज हाल के साथ-साथ पुस्तकालयों का निर्माण कराया जाएगा।

# सौ रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ़ सफाई: विजय कुमार

**जन एक्सप्रेस । मयाबाजार, अयोध्या**

डायरिया नेट जीरो के तहत जिला अयोध्या के ब्लॉक मया बाजार के ग्राम पंचायत दलपतपुर में रैकिट इंडिया और डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम डायरिया नेट जीरो के अंतर्गत गुलाबी दीदी बीनू, सरिता ने घर पर ही समुदाय की मीटिंग मे कार्यक्रम डेटॉल डायरिया नेट जीरो के अंतर्गत 0 से 5 साल तक के बच्चों में होने वाले दस्त के बचाव और जिंक ओ आर एस एवम रोटावायरस टीकाकरण की उपयोगिता पर जानकारी दी गई और कहा कि सौ रोगों की एक दवाई , घर में रखो साफ़ सफाई, स्वच्छ जल,सुरक्षित शौचालय, स्तनपान, टीकाकरण, एवं 20 सेकंड तक



साबुन से हाथ धोना डेमो के माध्यम से समझाया गया साथ ही महिलाओं को इस संदेश को अपने आसपास स्थानीय महिलाओं को साझा करने के लिए प्रेरित किया गया सात सूत्रों पर विस्तार से जानकारी दी गई एवम 25 से अधिक महिलाओं को सुरक्षा एप डाउनलोड कराई गई। टीम डी सी सुनेना जी, बी सी विजय कुमार की अध्यक्षता में मीटिंग एंड डेमो करवाया गया।

# विश्वकर्मा भगवान जयंती धूम धाम से मनाई गई जयंती हुआ प्रसाद वितरण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या धाम**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मस्थली अयोध्या में कटरा मोहल्ला श्वेतांबर जैन मंदिर सामने स्थित सिद्ध पीठ श्री पांचाल विश्वकर्मा सेवा आश्रम में गति वर्षों की भांति इस वर्ष भी वार्षिक विश्वकर्मा भगवान जयंती पर बृहद भंडारे का आयोजन के साथ-साथ देश के कुशल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हवन पूजन कर दीर्घायु होने की कामना किया भगवान विश्वकर्मा के माला फूल अर्पित करने व भोग लगाने के पश्चात उपस्थित संत महंत गृहस्थ एवं गणमन लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण कर कृतार्थ हुए विश्वकर्मा जयंती एवं भंडारे में पधारे संत महंत एवं गणमान्य लोगों को श्री पांचाल विश्वकर्मा सेवा आश्रम के पीठाधीश्वर महंत महेश दास ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर साथ ही दक्षिण भेंट कर स्वागत सत्कार किया श्री पांचाल विश्वकर्मा सेवा आश्रम की पीठाधीश्वर महंत महेश दास ने बताया की विश्वकर्मा जयंती पर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हवन पूजन एवं भंडारे में पधारे अयोध्या के प्रमुख संत महंत एवं गण मान्य लोगों ने उपस्थित होकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया मुख्य रूप से महंत राम मिलन दास नागा राम लखन दास दिनेश दास प्रदीप दास हनुमान दास बजरंगदास सुधाकर दास आदि सैकड़ो संत महंत उपस्थित रहे विश्वकर्मा जयंती पर टेढ़े बाजार स्थित प्रधानमंत्री आवास निकट युवा नेता बंटी के नेतृत्व में विश्वकर्मा भगवान की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाएंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया उपस्थित




लोगों को प्रसाद वितरण किया गया साथ ही लोग प्रसाद ग्रहण कर कृतार्थ हुए नजर बाग स्थित राम जानकी बासी मंदिरमे उमाशंकर के नेतृत्व में विश्वकर्मा जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया भगवान विश्वकर्मा को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया संस्कृत संध्या का आयोजन किया गया उमाशंकर ने बताया 25 वर्षों से प्रतिवर्ष भगवान विश्वकर्मा जयंती पर विश्वकर्मा भगवान की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है जिसमें स्थानीय लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं उक्त अवसर पर संदीप राहुल सूरज अरविंद इंद्रजीत रामगोपाल गोलू सचिन कृष्णानंद आदि का सहयोग रहा।

# किसान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी किसानों की समस्याएं एवं सुझाव

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना। और मौके पर ही उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।किसानदिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई।साथ ही किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी गई।इस दौरान जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने-अपने विचार साझा किए।तथा बताया कि कैसे उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती की और अच्छा मुनाफा कमाया।किसान दिवस में




डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को दिया जाए।उन्होंने किसान भाइयों से कहा कि शासन द्वारा कृषि,मत्स्य, उद्यान,पशुपालन विभागों में कई जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं।जिनका लाभ आप लोग लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह,उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई, नलकूप सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान बंधु मौजूद रहे।

# पूर्व छात्रा सहित हायर एजुकेशन के छात्र को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय स्तर पर बीएससी जन्तु विज्ञान में सर्वाधिक अंक पाकर गोल्ड मेडल पाए छात्र और एमएससी भौतिक विज्ञान मे सर्वोच्च अंक पाकर गोल्ड मेडल लाई छात्रा को सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम मे एनएसजीआई के संस्थापक-प्रबन्धक डॉ शशिकांत शर्मा ने छात्र और छात्रा को उनके परिजनों की उपस्थिति में मेडल पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। डॉ शर्मा ने बताया कि विद्यालय परिवार आज अपने बच्चों की इस सफलता पर आल्हादित है, विश्वविद्यालय स्तर पर अपने-अपने विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल से सम्मानित किये गए इन बच्चों में छात्र सर्वज्ञ तिवारी न्यू स्टैण्डर्ड कालेज ऑफ हायर एजुकेशन में बीएससी में जंतु विज्ञान का छात्र है और इसने प्राइमरी स्तर की शिक्षा भी एनएसपीएस से ही प्राप्त की और यह छात्र बहुमुखी प्रतिभा का धनी है तथा छात्रा सुमति ने भी एनएसपीएस से इंटर तक की शिक्षा ग्रहण की जिसने एमएससी मे भौतिक विज्ञान विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इन बच्चों ने ग्रामीण परिवेश में रहकर भी यह मुकाम हासिल किया है, मैं इन बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करता हूं और विद्यालय परिवार हमेशा ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों की मदद मे तत्पर रहेगा। वहीं विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित बच्चों ने बताया कि एनएसपीएस की प्रारंभिक शिक्षा ने ही हमें इतना मजबूत बनाया कि हम इस मुकाम पर पहुँच पाए।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ राहत सामग्री वितरित किया

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

बाढ़ राहत केंद्र बच्चू लाल इंटर कॉलेज पूरा बाजार के प्रांगण में जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह व विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बाढ़ पीड़ित 200 परिवारों को राहत सामग्री वितरित किया। राहत सामग्री में आटा 10 किलो आलू 10 किलो चावल 10 किलो अरहर की दाल 2 किलो नमक 1 किलो हल्दी 200 ग्राम मिर्च 100 ग्राम सब्जी मसाला 200 ग्राम सरसों का तेल 1 लीटर लाइ 5 किलो भुना चना 2 किलो गुड़ 1 किलो मोमबत्ती एक पैकेट माचिस एक पैकेट बिस्किट 10 पैकेट साबुन 10 पीस 5 लीटर की पिपिया व त्रिपाल पन्नी था जिलाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जलस्तर घटते ही नुकसान का आकलन कर उन्हें प्रेषित करें जिसे शीघ्र से शीघ्र बाढ़ पीड़ितों को सहायता की धनराशि दी जा सके



विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद की जा रही है सरकार तटबंध बनाकर ऐसी व्यवस्था करने जा रही है जिससे बाढ़ पीड़ितों को बार-बार की बाढ़ का प्रकोप न झेलना पड़े। बाढ़ पीड़ितों को उप जिलाधिकारी सदर विकास दुबे तहसीलदार सदर विनोद चौधरी नायब तहसीलदार गौरी शंकर वर्मा गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू भाजपा नेता दीपक सिंह उर्फ गब्बर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव ने राहत सामग्री वितरण में सहयोग किया।

# गोद भराई एवं अन्नप्रासन कार्यक्रम से होती है नियमित पोषण की जानकारी: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के आंगनबाड़ी केन्द्र भेलाई खुर्द तिलोई,नन्द घर में बुधवार को गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न हुआ।एवं कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला में भी कार्यक्रम हुआ। नन्द घर भेलाई खुर्द में आंगन बाड़ी कार्यकत्री सुनीता देवी के संयोजन में राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत सातवें मास सितम्बर में गोद भराई एवं अन्न प्रासन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी रहे।और अध्यक्षता गायत्री देवी-सुपर वाइजर ने किया।सुपर वाइजर एवं कार्यक्रम संयोजक ने मुख्य अतिथि धीरेन्द्र प्रताप सिंह का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया।धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।उन्होंने कुमारी शिवानी तथा



रोहित को उपहार देकर गोद भराई किया।इसके बाद कुमारी साक्षी छ माह को खीर खिलाकर अन्नप्रासन कार्यक्रम सम्पन्न कराया।बच्चों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह रैली निकाली गयी।रैली को धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि आप सभी मोटे अनाज एव पौष्टिक भोजन खायें।जिससे जच्चा-बच्चा का स्वास्थ्य ठीक रहे।और बच्चे के स्वास्थ्य पर? प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं अमिता जायसवाल,रजिया बानो, सुचित्रा सती,आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों में माण्डवी जायसवाल,बबिता, पराना देवी,सुशीला देवी,अभिभावकों में पार्वती देवी,कुसमा देवी,शान्ता कुमारी,विजय कुमारी एवं शान्ति देवी-आंगनबाड़ी सहायिका एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ का द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** साकेत सदन डिप्लोमा इंजीनियर सभागार में उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ का दिवार्षिक अधिवेशन हरिनाथ यादव की अध्यक्षता एवं इंजीनियर एसके वर्मा के संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष इंजीनियर एसएन मिश्रा ,प्रांतीय महामंत्री नितेद्र श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि इंजीनियर श्रवण कुमार यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष शामिल हुए। कार्यक्रम में अयोध्या मंडल के सभी जनपदों के डिप्लोमा इंजीनियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में वक्ताओं ने विभागीय समस्याओं 4200 ग्रेड पे, पुरानी पेंशन सहित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में इंजीनियर पीके राय, इंजीनियर सत्येंद्र त्रिपाठी, इंजीनियर अनुज मौर्य, इंजीनियर बृजेश कुमार, इंजीनियर ओपी यादव, इंजीनियर शीला शबनम ,इंजीनियर अमित पाठक, इंजीनियर मनोज वर्मा, इंजीनियर परमेश्वर राम, अनुराग गुप्ता, रामजी गुप्ता, इंजीनियर सच्चिदानंद ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में मंडल कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी श्रवण कुमार के नामांकन के उपरांत अध्यक्ष अध्यक्ष पद पर हरिनाथ यादव, विशिष्ट उपाध्यक्ष पद पर आलोक कुमार वर्मा, सचिव एसके वर्मा सहित समस्त पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

# रामनगरी अयोध्या में तेजी से बढ़ रही 'लखपति दीदी' की संख्या

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

ग्रामीण महिलाओं को उद्योग के क्षेत्र मे बढ़ावा देने व उनको अपना उद्योग खड़ा करने के लिए केन्द्र की मोदी सरकार के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की सरकार लखपति दीदी योजना का संचालन कर रही है। इस योजना के माध्यम से योगी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। लखपति दीदी योजना के संचालन के पीछे केन्द्र व प्रदेश की योगी सरकार की सोच है कि महिलाओं को उद्योग से जोड़कर उनको आत्मनिर्भर बनाया जाए। साथ ही, उनकी आमदनी बढ़ाने का भी यह मार्ग प्रशस्त करेगा जिससे वे अपने परिवार का पालन कर सकें।
1153 स्वयं सहायता समूह को मिलेगा रिवाल्विंग फण्ड का लाभ
राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अयोध्या में 1153 स्वयं सहायता समूह को 3.45 करोड़ रिवॉल्विंग फंड दिया गया है। इस धनराशि मे से समूह की सदस्य महिलाओं को बिना ब्याज के लोन दिया जाता है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से सदस्य महिलाएं बिना ब्याज के लोन के रूप में आर्थिक सहयोग ले सकती हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 730 स्वयं सहायता समूहों को दस करोड़ पंचानवे लाख रुपये सामुदायिक निवेश निधि के रूप में दिया गया है।
1880 स्वयं सहायता समूह को मिलेगी सीसीएल लिमिट की मदद
सीएम योगी के विजन अनुसार, योजना के अंतर्गत अयोध्या जनपद में छह लाख रुपए की दर से 1880 स्वयं सहायता समूहों को कुल 1128 करोड़ रुपए की लिमिट सीसीएल के रूप में दिया जाएगा। इस योजना का लाभ उन्हीं परिवार की महिलाओं को मिलेगा जिनके परिवार में कोई सरकारी सेवा मे कार्यरत न हो। साथ ही, परिवार की आय तीन लाख रुपये वार्षिक से अधिक न हो।

# गंगा नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु के करीब, बाढ़ का खतरा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

डलमऊ पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते पिछले एक सप्ताह से गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा जिसके चलते गंगा नदी का जलस्तर उफान पर है और चेतावनी बिंदु को पार करने के लिए बेताब नजर आ रही है जिससे गंगा तटीय क्षेत्रों के ग्रामीणों में बाढ़ से उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं की आशंका सताने लगी है वहीं क्षेत्रीय प्रशासन बाढ़ से निपटने के लिए कागजी घोड़ा दौड़ रहा हैंमंगलवार को केंद्रीय जल आयोग डलमऊ द्वारा गंगा नदी का जलस्तर 98.200 मी नापा गया जबकि गंगा के जलस्तर का चेतावनी बिंदु 98.300 मीटर है केंद्रीय जल आयोग डलमऊ ने बताया कि गंगा का जलस्तर तीन से चार घंटे में 1 सेंटीमीटर बढ़ रहा है गंगा नदी का बढ़ता हुआ जलस्तर गंगा कटरी बाढ़ पीड़ित क्षेत्र चक मलिक भीटी जमाल नगर मोहद्दीनपुर जहांगीराबाद अंबा बबुरा पूरे रेवती सिंह आदि गांव के ग्रामीण महादेव रघुनाथ जयकरण साजन यादव राजकुमार जनार्दन प्रसाद आदि के साथ अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जल कृषि भूमि तक पहुंचने से मवेशियों के चारे की गंभीर समस्या उत्पन्न होने लगी है और नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते ग्रामीणों को बाढ़ की आशंका सताने लगी हवन-पूजन कर मनाया गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 74 वां जन्मदिवस प्रभारी मंत्री का जनपद में हुआ आगमनग्रामीणों ने बताया कि प्रतिवर्ष बाढ़ से हजारों बीघे फसल बर्बाद हो जाती है लेकिन क्षेत्रीय प्रशासन द्वारा सर्वे करा कर अनुदान देने का आश्वासन कोरा साबित होता है।

## डीएम ने कूड़ा निस्तारण केंद्र का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पीएससी स्थित म्युनिसिपल वेस्ट प्लांट के अंतर्गत कूड़ा निस्तारण केंद्र का का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने कचरा प्रबंधन के तरीकों, कचरे के संग्रहण, अलगाव और निपटान की प्रक्रिया को भी देखा। उन्होंने ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह को निर्देश दिया कि प्लांट के आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता और साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए। प्लांट में उपयोग की जाने वाली मशीनरी और उपकरणों की स्थिति और कार्यक्षमता के अनुसार प्रतिदिन 70 से 100 टीपीडी कूड़े का निस्तारण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्लांट में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए आवश्यक उपकरण हर समय उपलब्ध रहे जिससे कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

# रायबरेली में बंद उद्योगों की जल्द बदलेगी सूरत मंत्री जी ने बताई कार्ययोजना

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

योगी सरकार में लघु और सूक्ष्म उद्योग मंत्री और प्रभारी मंत्री राकेश सचान एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को रायबरेली पहुंचे. जहां उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए जिले में बंद पड़े छोटे बड़े उद्योगों के सवाल पर उन्होंने कहा कि, वे जल्द ही जिला प्रशासन के साथ मिलकर उद्योग बंधुओं के साथ एक बैठक करेंगे. उन्होंने कहा कि बड़े उद्योग कैसे बंद हुए वह कैसे उन्हें फिर से शुरू किया जा सकता है इसके लिए भी एक समीक्षा बैठक की जाएगी. इससे पहले पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद जिला अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप का उदघाटन और जीआईसी में लगे प्रदर्शनी को भी देखा. इस मौके पर जिला अधिकारी हर्षिता माथुर सहित आला अधिकारी



और बीजेपी पदाधिकारी भी मौजूद रहे
एमएसएमई का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि, जिलाधिकारी से बात करके बहुत सी जमीन जो ग्राम सभा की खाली पड़ी है उसमें लघु और कुटीर उद्योग लगाने और सड़क, बिजली और पानी के साथ जो भी पैसा खर्च होना है उसे आपने विभाग से देने का काम करेंगे. उन्होंने कहा कि एमएसएमई के तमाम क्लस्टर बने हैं जिसमे ग्रामीण इलाकों में जो भी लोग छोटे-छोटे कुटीर उद्योगलगानाचाहतेहैंउन्हें जमीन देने का काम जिलाधिकारीकीअध्यक्षता में की जाएगी ग्रामीण इलाके के लोगों को जागरूक करने के लिए सरकार की 27 पॉलिसी जो बनी है उसे ऑनलाइन कर दिया गया है. सबके हाथ में स्मार्टफोन है. उद्यम पोर्टल खोल करके उसमें जाना चाहिए. जिला उद्योग और खादी ग्राम उद्योग कार्यालय पर जाकर अधिकारियों से योजनाओं के बारे में जानकारी ले सकते हैं
इससे पहले प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चलाए जा रहे सफाई पखवारा के बारे में जानकारी दी. मंगलवार को जिले में कई स्थानों पर कार्यक्रम किया जा रहे हैं. जो कार्यक्रम बीजेपी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की और से आयोजित किया जा रहा है इस मौके पर उनके साथ रायबरेली के भाजपा के जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल जी मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.6 (+0.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.6 (+2.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 61 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# भारी बारिश के कारण मकानों की छत गिरी, कई लोग घायल दो महिलाओं की हुई मौत







**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर मे मंगलवार शाम से हो रही लगातार बारिश से लोगों का जीवन जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार आठ से दस घंटे बारिश से पूरा शहर पानी मे डूब गया है। ग्रामीण क्षेत्रों मे बारिश से कच्चे मकान गिरने की घटनाएं सामने आईं हैं। बता दें कि इस भारी बारिश के चलते दो लोगों की मौत भी हुई है कुछ लोग घायल हुए हैं। सभी घटनाएं बिधनू, साढ़, बिठूर थाना अंतर्गत हुई है। स्थानीय पुलिस ने घायलों को अस्पताल मे भर्ती कराया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



### पूर्व सपा विधायक मुनीन्द्र शुक्ला ने आपदा राहत दिलाने का दिया आश्वासन, आर्थिक मदद भी की

टिकरा क्षेत्र में बीती रात तेज बारिश के बाद गांव में ही रहने वाला एक गरीब परिवार अपने कच्चे मकान में सोया हुआ था कि तभी तेज आवाज के साथ पूरा मकान भर भरा कर गिर गया। जिसमें पूरा परिवार दब गया। घटना में महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना में ग्रह स्वामी व उसका 10 वर्षीय बच्चा घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बिठूर विधान सभा के पूर्व सपा विधायक मुनीन्द्र शुक्ला ने परिवार के घायल सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें धैर्य बंधाते हुए आर्थिक मदद की है। साथ ही साथ सरकार द्वारा देवी आपदा में अनुमन 400000 की धनराशि दिलाने की बात कही है।

### पहला हादसा

साढ़ थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी 70 साल की चद्रकली के गांव मे दो मकान हैं। दोनों मकान कच्चे बने हुए हैं। एक मकान मे चंद्रकली के दोनों बेटे जगमोहन और जगन्नाथ अपने परिवार के साथ रहते हैं। एक मकान मे चंद्रकली रहती थी। बेटों ने बताया कि देर शाम से रुक रुककर हो रही बारिश से उनके घर की कच्ची छत ढह गई। छत ढहने से चारपाई पर सो रही उनकी 70 वर्षीय मां चंद्रकली की मिट्टी मे दबकर मौत हो गई। आवाज सुनकर वह लोग मौके पर पहुंचे और देखा कि घर का कमरा पूरी तरह से गिरा पड़ा था। घर के बाहर खड़ी दो बाइक भी मिट्टी मे दब हुई थी। उन्होंने मिट्टी हटाकर मां का शव बाहर निकाला।

### दूसरी घटना

साढ़ थाना क्षेत्र के बरईगढ़ गांव निवासी केंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि वह अपनी पत्नी विनीता और चार बच्चों के साथ कमरे मे लेटा था। देर रात तेज बारिश के चलते कच्ची छत गिर गई। जिसमे पूरा परिवार दब गया। मिट्टी मे दबने से उनकी पत्नी विनीता, बच्चे सचिन, प्रिया, अनुराग और दिव्या मिट्टी मे दबकर घायल हो गए। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने मिट्टी हटाकर परिवार को बाहर निकाला। सभी को मामूली चोटें आई है।

### तीसरी घटना

बिठुर थाना क्षेत्र के टिकरा गांव मे वर्षा के कारण कच्चा मकान ढह गया। मकान ढहने से तीन लोग दब गए। घर मे छूना कमल, उनकी पत्नी रानी देवी (36) और पुत्र रजत घर पर निवास करते हैं। छूना कमल, रानी देवी और उनका बेटा रजत अपने घर मे छप्पर के नीचे सोये थे। रात्रि मे काफी तेज बारिश के कारण मिट्टी से बनी कच्ची दीवाल ढह जाने के कारण तीनों उसमे दब गए थे। शोर होते ही पड़ोसी आ गए और पुलिस को सूचना दी। जिन्हे पुलिस की सहायता से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान रानी देवी को मृत घोषित कर दिया गया। छूना के हाथ मे फैक्चर हो गया है और उसके बेटे रजत को मामूली चोट आई है।

### चौथा हादसा

सूत्रानुसार खड़ेसर गांव निवासी किसान श्रीराम यादव, गुनीराम यादव व हरिपाल सिंह के कच्चे मकान गांव मे अलग-अलग मोहल्लों मे बने हुए हैं। मंगलवार की शाम से तेज हवा के साथ हुई बारिश ने बुधवार तड़के सुबह तक थमने का नाम नही लिया। जैसे ही सुबह बारिश बंद हुई गांव के तीनों किसानों के मकान के आधे-आधे हिस्से भरभरा कर गिर गए। हादसे के वक्त तीनों किसान परिवार के लोग घर के बाहर दैनिक कार्यों मे व्यस्त थे। जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया।

# दुनिया के शीर्ष वैज्ञानिकों मे सीएसजेएम विवि. के एसोसिएट प्रोफेसर का नाम



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहू जी महाराज (सी.एस.जे.एम.) विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।
जीव विज्ञान विभाग मे एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की हाल ही मे अपडेट की है जिसमे दुनिया के शीर्ष 2% सबसे प्रभावशाली वैज्ञानिकों की सूची मे स्थान प्राप्त किया है। यह मान्यता स्कोप्स उद्धरण डेटा पर आधारित है। जो अकादमिक और शोध प्रकाशनों के सबसे प्रसिद्ध वैश्विक डेटाबेस मे से एक है।

### छात्रों और शोध विद्वानों के सहयोग से मिला यह मुकाम

अपनी उपलब्धि पर डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि मै वैज्ञानिकों के ऐसे प्रतिष्ठित समूह के बीच पहचाने जाने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह उपलब्धि कुलपति मेरे सहयोगियों, शोध विद्वानों, छात्रों और सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रशासन के समर्थन के बिना संभव नही होती। मेरा मानना है कि यह मान्यता भारत मे किए जा रहे अत्याधुनिक शोध का प्रमाण है और मुझे उम्मीद है कि यह हमारे देश के युवा वैज्ञानिकों को अभिनव और प्रभावशाली शोध करने के लिए प्रेरित करेगी। सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने डॉ. शर्मा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि स्टैनफोर्ड की शीर्ष 2% सूची में डॉ. शर्मा का नाम शामिल होना हमारे विश्वविद्यालय मे अकादमिक और अनुसंधान उत्कृष्टता को उजागर करता है। यह उपलब्धि सी.एस.जे.एम. मे पूरे शैक्षणिक समुदाय के लिए प्रेरणा है।

### माइक्रोबायोलॉजी की सब कैटगरी मे मिला मुख्य योगदान

डॉ.राकेश कुमार शर्मा को जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे विशेष रूप से माइक्रोबायोलॉजी की सब कैटगरी मे उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए स्वीकार किया गया है। डॉ. शर्मा की इस उपलब्धि पर विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे विवि के लिए गौरव का क्षण है। विवि मे बीते दिनों मे रिसर्च का बेहतर वातावरण बना है। हमारी कोशिश है कि विवि मे सभी को हरसंभव संसाधन मुहैया कराए जाएं। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की रैंकिंग जो सालाना जारी की जाती है, दुनियाभर के वैज्ञानिकों की पहचान कराती है और उन्हें सम्मानित करती है। जिन्होंने उद्धरण प्रभाव, एच- इंडेक्स, सह-लेखक-समायोजित श्राइबर इंडेक्स और अन्य प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर अपने संबंधित क्षेत्रों मे महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. शर्मा का इस विशिष्ट सूची मे शामिल होना उनके उत्कृष्ट शोध कार्य और उनके वैज्ञानिक प्रकाशनों के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है। उनके अभिनव कार्य ने अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं मे कई उच्च उद्धृत पत्रों के प्रकाशन को जन्म दिया है। जिससे सैद्धांतिक और अनुप्रयुक्त माइक्रोबायोलॉजी दोनों मे वैज्ञानिक समझ बढ़ी है।

### पुलिस आयुक्त व यूपीसीए के पदाधिकारियों द्वारा ग्रीन पार्क का निरीक्षण किया गया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा पुलिस क्रिकेट सेल का उद्घाटन किया गया एवं सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। भारत बनाम बांगलादेश क्रिकेट टेस्ट मैच के दृष्टिगत ग्रीन पार्क क्षेत्र अन्तर्गत सभी प्रवेश व निकास द्वारों का पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग प्लान आदि के सम्बन्ध में यूपीसीए के पदाधिकारियों एवं सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री संजय कपूर- वेन्यू डाइरेक्टर, पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, अपर पुलिस उपायुक्त एलाइयू पूर्वी व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

# मंदिर मे जलाभिषेक कर तांबे का कलश लेकर चोर हुआ फरार



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के नबाबगंज स्थित मंदिर मे चोरी करते हुए एक युवक का वीडियो सामने आया है और जमकर वायरल भी हो रहा है। जिसमे चोरी करने आया बदमाश मंदिर मे लगे तांबे का कलश चुराकर फरार हो गया। इलाके के लोग जब सुबह मंदिर मे पूजा करने पहुचे और मंदिर मे भगवान शिव के ऊपर लगा तांबे का कलश गायब देखा तो हड़कंप मच गया। घटना के बाद मंदिर मे लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा गया तो मामले की जानकारी हुई। इलाकाई लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के अधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालाकि जन एक्सप्रेस अखबार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है।
शहर के नावबगंज इलाके मे चोरी की अजब-गजब वारदात सामने आई है। महाकालेश्वर मंदिर आजाद नगर मे घुसे चोर ने भगवान को पहले प्रणाम कर जल चढ़ाया। इसके बाद तांबे का कलश चोरी कर फरार हो गया। इतना ही नही चोर ने घंटा भी चुराने का प्रयास किया। लेकिन वह असफल रहा। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई है। बीते दिन बुधवार की सुबह जब इलाके के लोग मंदिर मे पूजा करने पहुंचे तो तांबे का कलश दिखाई न देने पर हड़कंप मच गया और मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जब मंदिर मे लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए गए तो चोरी की घटना को देखकर लोग हैरान हो गए। इलाकाई लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल होने के बाद काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से आधा दर्जन गांवों में भरा बाढ़ का पानी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही वर्षा ऊपर के बांधों से लगातार पानी छोड़े जाने से गंगा नदी का जल स्तर कई दिनों से लगातार बढ रहा है।जिससे अब पानी क्षेत्र के एक दर्जन गांवों के पास पहुंच गया है। जिससे आस पास के गावो के लोगो मे बाढ़ का खतरा बन गया है। बाढ़ से फसल भी बर्बाद होने लगी है। गांव के लोग व राजस्व उप निरीक्षक लगातार गंगा नदी के जल स्तर पर नजर रखे हुए हैं।
सदर तहसील के परियर क्षेत्र में गंगा का जल स्तर बढ़ने से अब पानी मानाबंगला, देविपुरवा, बंदनपुरवा, लाल्टूपुरवा, बाबू बंगला, टपरा, महानंदपुरवा, बेनिपुरवा, कोलवा, अतरी, पनपथा, सहित एक दर्जन गावो के पास पहुंच गया है। लोग बाढ़ की असंका को लेकर चिंतित है।राजकुमार, विपिन, संजय, कमलेश, विनोद, निवाजी, सुंदर, रमेश, गुड्डू, पप्पू, रामकिशन, भानु तिवारी, पुतु, आशु आदि ने बताया बाढ़ से खेतो में तैयार लौकी, कद्दू, तरोई, टिंडा, सेमी, करेला आदि की फसल बर्बाद हो रही है। क्षेत्रीय राजस्व उप निरीक्षक दीपचंद, प्रदीप कमल ने नाविक व गोताखोर की सूची बनाना शुरू कर दिया हैं। माना बंगला व बाबू बंगला के बीच में जरूरत पड़ने के लिए एक नाव लगा दी है।

# बारिश के चलते टीन शेड मे उतरे करंट की चपेट मे आने से सांड की मौत

✻ एक सप्ताह पहले इसी जगह करंट से हुई थी गर्भवती गाय की मौत




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीती रात बुधवार को थाना नौबस्ता क्षेत्र यशोदा नगर के ब्लाक मे कटी केबिल से बारिश के चलते टीन शेड मे उतरे करेंट मे एक सांड की चिपक कर दर्दनाक मौत हो गई। जिससे आसपास के क्षेत्रीय लोगों मे मायूसी सी छा गई। सांड को मृत देख आसपास के लोगों ने इस बात की सूचना डायल 112 को दी। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने नगर निगम टीम को अवगत कराकर सांड के शव को उन्ही के हवाले कर दिया। वहीं क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि मां दुर्गा स्कूल मे लगी हुई केबिल मे कट लगे होने के कारण नीचे बने टीन शेड पर बारिश मे करेंट उतर आता है। जिसको लेकर एक सप्ताह पहले एक गर्भवती गाय भी इसी करंट का शिकार हुई और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची केस्को विभाग टीम द्वारा केबिल मे काफी देर फॉल्ट ढूंढने के बाद भी फॉल्ट न मिलने पर भवन स्वामी को केबिल बदलाने चेतावनी दी गई थी। लेकिन भवन स्वामी ने अभी तक इस पर ध्यान नही दिया। जिसका नतीजा कल देर रात करेंट की चपेट मे आए एक सांड की मौत है। तत्पश्चात सूचना पर पहुंची पुलिस और केस्को विभाग की टीम ने केबल को बीच से काट दिया और नई भवन स्वामी को नई केबल लगवाने का आदेश दिया। वहीं अगर आने वाले समय पर इस कटी केबिल को लेकर लापरवाही दिखाई गई तो किसी इंसान के साथ भी इस तरह की घटना हो सकती है। फिलहाल मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने इस मामले मे कार्यवाही करने की बात कही है।

# कनक विश्वकर्मा ने विश्वकर्मा भगवान के चित्र को देखकर महिलाओं को किया सम्मानित




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सर्व विश्वकर्मा महासभा कानपुर नगर की ओर से विश्वकर्मा पूजा के मौके पर विश्वकर्मा वाटिका पी रोड में एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंची कनक विश्वकर्मा ने सभी महिलाओं को विश्वकर्मा भगवान के चित्र को देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वकर्मा भगवान चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कनक विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं के हितों की रक्षा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है इसके अलावा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश में महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। वर्तमान समय में महिलाएं बेखौफ होकर घूम सकती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री कल्याणी सेवा समिति की अध्यक्ष संजू शर्मा समाजसेवी ऊषा विश्वकर्म के अलावा सैकड़ो महिलाएं मौजूद रही।

### तीन महीने में म्यूचुअल फंड एयूएम चार हजार करोड़ बढ़ा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर शहर के लोगों को म्यूचुअल फंड में निवेश करना खूब रास आ रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि केवल तीन महीने में ही म्यूचुअल फंड एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) चार हजार करोड़ बढ़ गया है।
इसके अलावा म्यूचुअल फंड एयूएम पहली बार 34,686 करोड़ पहुंच गया है। यह खुलासा एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया की रिपोर्ट में हुआ है।
रिपोर्ट में ये भी पता चला है कि शहर में 10 हजार करोड़ के म्यूचुअल फंड एयूएम स्तर पर पहुंचने में 25 साल लगे। 10 से 20 हजार करोड़ रुपये होने में छह साल लगे। 20 से 30 हजार करोड़ के स्तर पर पहुंचने में केवल 14 महीने लगे हैं।
रिपोर्ट में बताया गया कि कानपुर का म्यूचुअल फंड कारोबार सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर है।

### युवती से दुष्कर्म का आरोपी प्रशिक्षु दरोगा निलंबित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी प्रशिक्षु दरोगा को मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक आरोपी ने अफसरों को दिए अपने बयान में कहा कि युवती पहले भी कई लोगों पर इस तरह के आरोप लगा चुकी है। सुल्तानपुर की रहने वाली युवती ने पनकी थाने में तैनात प्रशिक्षु दरोगा अनुज तिवारी पर झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। युवती का आरोप है कि शादी का दबाव डालने पर निजी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर पनकी रतनपुर स्थित कमरे में बुलाकर दोबारा दुष्कर्म किया। वहां मौजूद अनुज के भाई अनूप ने उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। साथ ही पत्नी वर्षा के साथ मिलकर पीटा। इस मामले में पनकी थाने में सुल्तानपुर निवासी प्रशिक्षु दरोगा अनुज तिवारी, उसके भाई अनूप व भाभी वर्षा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

# भेड़ के बच्चे को गंगा मे प्रवाहित करने के दौरान चरवाहा की मौत



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जिले के चौबेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा किनारे स्थित बरुआ गांव मे भेड़ चराने गया चरवाहा युवक पैर फिसलने से अचानक से गंगा मे गिर गया। गंगा मे ऊफान के चलते चरवाहा देखते ही देखते डूब गया। युवक को डूबता देख ग्रामीणों ने शोर मचाया। घाट किनारे मौजूद तैराकों व गोताखोर ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।
कानपुर देहात के रसूलाबाद निवासी 37 साल का उमाशंकर अपने पिता रामकिशन के साथ भेड़ चराने के लिए एक महीने पहले बरुआ गांव मे पिता, पत्नी शीलम, बेटी सृष्टि व बेटा अर्पित के साथ आया था। परिजनों के अनुसार मंगलवार देर शाम गंगा किनारे भेड़ चराने के दौरान एक भेड़ का बच्चा बीमारी के चलते मर गया था। उसे गंगा मे प्रवाहित करने के दौरान उमाशंकर का पैर फिसल गया और देखते ही देखते वो गंगा मे डूब गया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने गोताखोर व स्थानीय पुलिस को सूचना दी। गोताखोर भी मौके पर पहुंचे और गंगा मे छलांग लगाकर ढूंढना शुरू कर दिया।
करीब 1 घंटे बाद गोताखोरों ने उमाशंकर का शव बरामद कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामाभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# परख रेल के माध्यम से रेलवे ट्रेक का किया गया निरीक्षण

✻ कानपुर कमिश्नरेट पुलिस और रेलवे के उच्चाधिकारियों द्वारा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कमिश्नरेट कानपुर पुलिस व रेलवे के उच्चाधिकारियों द्वारा परख रेल के माध्यम से किया गया समस्त रेलवे ट्रैक का किया गया। निरीक्षण के दौरान रेल पटरियों, सिग्नलिंग प्रणाली, और अन्य तकनीकी पहलुओं के सम्बन्ध में जांच की गई।
कमिश्नरेट कानपुर नगर के अन्तर्गत आने वाले सभी रेलवे ट्रैक के सम्बन्ध में रेल पटरियों को क्षतिग्रस्त करने और रेल दुर्घटनाओं की साजिश की रोकथाम किये जाने तथा ट्रैक व ट्रेन की सुरक्षा के सम्बन्ध में मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज हिमांशु बडोनी, पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, अपर पुलिस आयुक्त लॉ एण्ड ऑर्डर हरीश चन्दर, सीनियर कमाण्डेन्ट आरपीएफ विजय प्रकाश, डिप्टी सीटीएम कानपुर आशुतोष सिंह, पुलिस अधीक्षक रेलवे अभिषेक यादव, पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों द्वारा कालिंदी एक्सप्रेस और हाल ही में हुई अन्य रेल दुर्घटनाओं के संबंध में परख रेल के माध्यम से कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन से चकेरी व चकेरी से मगरवारा, तत्पश्चात कानपुर सेन्ट्रल से मन्धना रेलवे ट्रैक का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। रेलवे संरचना की सुरक्षा और समुचित कार्यक्षमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण किया गया ताकि दुर्घटनाओं के कारणों का सही विश्लेषण कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। निरीक्षण में रेल पटरियों, सिग्नलिंग प्रणाली, और अन्य तकनीकी पहलुओं के सम्बन्ध में जांच की गयी, जिससे ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सके।
परख रेल के माध्यम से रेलवे ट्रैक की स्थिति का गहन अध्ययन किया गया। इसमें ट्रैक के विभिन्न पहलुओं की जाँच की गई, जिसमें पटरियों के जोड़, सिग्नलिंग सिस्टम, और अन्य तकनीकी खामियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# बारिश से धान को लाभ तो सब्जी की फसल पूरी तरीके से चौपट



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

लगातार हो रही बारिश ने किसाने की चिंताएं बढ़ा दी है। एक और जहां लगातार हो रही बारिश की वजह से खेतों में घुटनों के ऊपर तक पानी भर गया है। जहां यह बारिश धान की फसल को लाभ पहुंचा रही है वहीं दूसरी ओर सब्जियों की फसल पूरी तरीके से चौपट होती हुई दिखाई पड़ रही है। एसे में सब्जी की फसल करने वाले किसानों की रातों की नींद हराम हो गई है। आने वाले समय में आलू के दाम में बढ़ोतरी होने की संभावना नजर आ रही है। धान किसानों के लिए तो यह बारिश अमृत के समान है लेकिन बहुसंख्यक दलहन और तिलहन किसानों को इस बारिश से भारी नुकसान होगा। खेतों में पानी भर जाने से मूंग, तिल और मूंगफली की फसलों को बड़ा नुकसान होगा। फसल खेत में सड़ जाने की आशंका है। दूसरी ओर महानगर में सड़के नदियां बन गयीं हैं।

### बारिश से किसानों को कई तरह से नुकसान होता है

- बारिश से बाढ़ आ सकती है, जिससे मिट्टी के पोषक तत्व बह सकते हैं और फसलें खराब हो सकती हैं।
- पानी से फसलें जलमग्न हो सकती हैं, जिससे जड़ें सड़ सकती हैं और बीमारी हो सकती है।
- बारिश से खेतों में पानी जमा हो जाता है और अंकुरित फसलें पीली पड़ने लगती हैं।
- बेमौसम बारिश से गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का, मूंग, आम, नींबू, प्याज, कपास, मिर्च, केला, हल्दी और सब्जियों की फसल को नुकसान हुआ है।
- बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों और आलू की फसलों को काफी नुकसान पहुंचता है।
- बारिश से खेतों में खड़ी सरसों की फसल को नुकसान होता है. इससे सरसों का दाना पतला होता है और तेल की मात्रा कम हो जाती है।
- महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में भारी बारिश और तेज हवाओं के चलते किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# गरीब का पराठा और ब्यूरोक्रेसी को संदेश

**अमूमन शिकायतों को ब्यूरोक्रेसी में बेवजह का बवाल तक समझने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कुछ अन्य राज्यों में तो सीएम हेल्पलाइन या डेस्क की शिकायतें को बंद कराने के लिए अधिकारियों का दुर्व्यवहार यहां तक फोन पर धमकाने के भी ऑडियो खूब वायरल हुए। कई जगह बरगला कर झूठे आश्वासन देकर शिकायतें बंद कर दी गईं और जनसाधारण की समस्या वही ढ़ांक के तीन पात जैसी रह गईं। यह सही है कि अधिकारी जनसाधारण के वाजिब काम और समस्याओं को सुनने और उनका निराकरण करने के लिए होते हैं।**

*कभी-कभी बहुत मामूली सी बातें न केवल हर कहीं चर्चा का विषय बन जाती हैं बल्कि इतनी भावुक और प्रभावी कर जाती हैं कि पूछिए मत। लेकिन जब मामला विनम्रता, सहजता और गरीब की पोटली में बंधे पराठे खुलवा कर एक टुकड़ा खाने का हो तो दिल को छू ही जाएगी। उसमें भी यदि जिला कलेक्टर और फरियादी का हो तो हर कहीं उदाहरण और चर्चा का विषय बनेगा ही। ऐसा ही एक वाकया उत्तर प्रदेश के औरेया जिले का है जो पूरे देश में सुर्खियां बटोर रहा है। जहां अपने रुतबे और ठसक के लिए आईएएस-आईपीएस पहचाने जाते हैं वहीं औरेया कलेक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी की इससे विपरीत प्रशंसा हो रही है। हो भी क्यों न उनके दफ्तर में डरा-सहमा सा एक ग्रामीण मजदूर अपनी फरियाद लेकर बहुत दूर से आया। दफ्तर में घुसते ही वहां का माहौल उसे असहज कर, घबरा रहा था। लेकिन तुरंत कलेक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी ने उसकी मनोदशा भांपी, पूछा कि घर वापस पहुंचने में देर हो जाएगी तो रास्ते में भूख का क्या इंतजाम है? भोले-भाले मजदूर ने हाथ में रखे झोले से पोटली निकाल डरते-डरते दिखाते हुए कहा कि उसकी पत्नी ने कुछ पराठे बांध दिए हैं। इतना सुनते हुए त्रिपाठी ने कहा कि मैं तुम्हारा काम तभी करूंगा जब तुम मुझे अपना पराठा खिलाओगे! यह सुनते ही मैले-कुचैले कपड़े पहना फरियादी असमंजस में पड़ गया और बहुत हिम्मत कर बोला मैं तो छोटा आदमी हूं, आप कहां मेरे पराठे खाएंगे? कलेक्टर त्रिपाठी ने तपाक से कहा कि छोटा-बड़ा कुछ नहीं, पराठा खिलाओगे तभी काम करूंगा। फरियादी ने बड़ी ही झिझक से शर्माते हुए घर से लाई पोटली में बंधे हुए पराठों को कलेक्टर के सामने खोला और दे दिया। उसमें से एक टुकड़ा लेकर कलेक्टर ने खाना शुरू कर दिया। यह देख उनके साथ बैठे सभी मातहत भी अवाक और हक्का-बक्का रह गए। बाद में फरियादी के घर पर जिला प्रशासन की टीम पहुंची। वहां पता चला कि उसके बड़े भाई लकवाग्रस्त हैं। उनके इलाज के लिए पैसे नहीं हैं। इसलिए वह अपने हिस्से की जमीन बेचकर भाई का इलाज कराना चाहता है। जमीन बेचने की बात पर तीन भाइयों में विवाद है। प्रशासनिक अमले ने तीनों को साथ बिठाकर बात कराई। भाई के इलाज के लिए सरकारी मदद की प्रक्रिया भी शुरू कर दी और सभी के आपसी गिले-शिकवे दूर हो गए। फरियादी समस्या के समाधान से ज्यादा इसलिए बेहद खुश और भावुक था कि इतने बड़े अधिकारी ने इतना आत्मीय व्यवहार कर उसके पराठे खाए। यकीनन यह घटना कल्पना से परे है। ऐसे नजारे देश में गिने-चुने ही हुए होंगे। जिला, संभाग, तहसील तथा हर सरकारी दफ्तर के अधिकारी सरकार के प्रतिनिधि के रूप में काम करते हैं। लगभग हर कहीं एक तय दिन पर जन सुनवाई, जनता दर्शन जैसे विभिन्न नामों से सरकार की ओर से दरबार लगते हैं। दूरदराज से ज्यादातर ग्रामीण व ऐसे लोग जिनकी कोई राजनीतिक पकड़ या जुगाड़ नहीं होती, सीधे अधिकारियों के पास पहुंचते हैं। लेकिन एक बड़ी हकीकत यह भी कि कितने मामले निराकृत होते हैं या लोगों को संतुष्ट करते हैं, सब जानते हैं। कई जगह तो ठीक से फरियाद तक नहीं सुने जाने की सच्चाई भी सामने आती है। अधिकतर अधिकारी निराकरण के नाम पर महज खानापूर्ति करते हैं। सीएम हेल्पलाइन जैसी सुविधा भी कुछ राज्यों में है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने के अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं इससे भारत में विभिन्न उत्पादों की मांग में और अधिक वृद्धि होगी तथा इससे विभिन्न कम्पनियों की लाभप्रदता में भी अधिक वृद्धि होगी और अंततः इन कंपनियों के शेयरों में निवेश करने वाले विदेशी संस्थागत निवेशकों को भी भारत में निवेश करने में और अधिक लाभ दिखाई देगा। दूसरे, भारत के ग्रामीण इलाकों में रहने वाली 60 प्रतिशत जनसंख्या का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 प्रतिशत तक ही है, इसे बढ़ाए जाने के लगातार प्रयास केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के चलते ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों की आय में भी वृद्धि दर्ज होगी।**


# अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में चीन से आगे निकलता भारत



प्रहलाद सबनानी

**भारत की जनसंख्या की औसत आयु 27 वर्ष हैं, चीन की जनसंख्या की औसत आयु 40 वर्ष है और जापान की जनसंख्या की औसत आयु 53 वर्ष है। इस प्रकार भारत आज एक युवा देश है क्योंकि भारत में युवा जनसंख्या, चीन एवं जापान की तुलना में, अधिक है जो भारत के लिए, आर्थिक दृष्टि से, लाभ की स्थिति उत्पन्न करता है।**

अर्थ के कई क्षेत्रों में आज भी पूरे विश्व में चीन का दबदबा कायम है जैसे चीन विनिर्माण के क्षेत्र में विश्व का केंद्र बना हुआ है। विशेष रूप से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं (इमर्जिंग देशों) के शेयर बाजार के आकार के मामले में भी चीन का दबदबा लम्बे समय से कायम रहा है। परंतु, अब भारत उक्त दोनों ही क्षेत्रों, (विनिर्माण एवं शेयर बाजार), में चीन को कड़ी टक्कर देता दिखाई दे रहा है तथा हाल ही में तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के शेयर बाजार सम्बंधी इंडेक्स में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। दरअसल पूरे विश्व में संस्थागत निवेशक विभिन्न देशों, विशेष रूप से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं, के शेयर बाजार में पूंजी निवेश करने के पूर्व वैश्विक स्तर पर इस संदर्भ में जारी किए जाने वाले कुछ महत्वपूर्ण इंडेक्स पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं। अथवा, यह कहा जाय कि इन इंडेक्स के आधार पर अथवा इन इंडेक्स की बाजार में चाल पर ही वे इन देशों के शेयर बाजार में अपना निवेश करते हैं तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इन संस्थागत निवेशकों में विभिन्न देशों के पेन्शन फंड, सोवरेन फंड, निवेश फंड आदि शामिल रहते हैं जिनके पास बहुत बड़ी मात्रा में पूंजी की उपलब्धता रहती है एवं वे अपनी आय बढ़ाने के उद्देश्य से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के शेयर बाजार में अपना निवेश करते हैं। इस संदर्भ में का नाम पूरे विश्व में बहुत विश्वास के साथ लिया जाता है। विश्व प्रसिद्ध निवेश कम्पनी मोर्गन स्टेनली ने अपने प्रतिवेदन में बताया है कि इस इंडेक्स में 24 तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं (इमर्जिंग देशों) की 3,355 कम्पनियों के शेयरों को शामिल किया गया है। पिछले 15 वर्षों से यह प्रचलन चल रहा है कि इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में चीन की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही है परंतु धीरे धीरे अब चीन की भागीदारी इस इंडेक्स में कम हो रही है एवं इस वर्ष अब भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। इस इंडेक्स में प्रतिशत में चीन की हिस्सेदारी लगातार कम हो रही है और भारत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। इस इंडेक्स में भारत की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत से बढ़ते हुए चीन से आगे निकल आई है और भारत की हिस्सेदारी अब 22.27 प्रतिशत से अधिक हो गई है एवं चीन की हिस्सेदारी कम होकर 21.58 रह गई है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है और इसका



**भारतीय युवाओं को यदि रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होने लगते हैं तो इससे भारत के सकल घरेलू उत्पाद में और अधिक तेज गति से वृद्धि सम्भव होगी। चीन में आज बेरोजगारी की दर जुलाई 2024 में बढ़कर 5.20 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो जून 2024 में 5 प्रतिशत थी।**

आशय यह है कि जो निवेशकर्ता इस इंडेक्स के आधार पर अपना निवेश तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में करते हैं वे अब भारत की ओर अपना रूख करेंगे। दूसरे, पिछ्ले कुछ वर्षों से विदेशी निवेशक भारत से निवेश बाहर निकालते रहे हैं क्योंकि उनको भारतीय शेयर मंहगे लगाने लगे थे। परंतु, अब यह विदेशी निवेशक भी भारत की ओर रूख करेंगे। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। भारत का वेट बढ़ने से इस प्रकार के निवेशक भी भारत में आएंगे ही और भारत में 400 से 450 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नया निवेश करेंगे। एक अन्य स्ब्स्ष्ट्ढ वैश्विक सूचकांक में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 2 प्रतिशत हो गई है। परंतु, स्ब्स्ष्ट्ढ इमर्जिंग मार्केट इननवेस्टिबल फड इंडेक्स में भारत की हिस्सेदारी 22 प्रतिशत से अधिक हो गई है। वैश्विक स्तर पर निवेश करने वाले बड़े फंड्ज का निवेश सम्बंधी आबंटन भी इसी हिस्सेदारी के आधार पर होने की सम्भावना है। इन्हीं कारणों के चलते अब आने वाले समय में भारत के शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा अपना निवेश बढ़ाए जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। वैसे भी चीन की अर्थव्यवस्था में अब विकास दर कम हो रही है क्योंकि पिछ्ले कुछ समय से चीन लगातार कुछ आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहा है। चीन की विदेश नीति में भी बहुत समस्याएं उभर रही हैं विशेष रूप से चीन के अपने लगभग समस्त पड़ौसी देशों के साथ राजनैतिक सम्बंध ठीक नहीं हैं। चीन के शेयर बाजार में देशी निवेशक ही अधिक मात्रा में भाग ले रहे थे और वे भी अब अपना पैसा शेयर बाजार से निकाल रहे हैं। इन समस्याओं के पूर्व स्ब्स्ष्ट्ढ इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में चीन ओवर वेट था और भारत अंडर वेट था। परंतु, पिछ्ले दो वर्षों के दौरान स्थिति में तेजी से परिवर्तन हुआ है। चीन की अर्थव्यवस्था में आई समस्याओं के चलते चीन का इस इंडेक्स में खराब प्रदर्शन रहा है, उससे चीन की हिस्सेदार इस इंडेक्स में कम हुई है। दूसरा, भारत अपने आप में विभिन्न आयामों वाला शेयर बाजार है क्योंकि यहां निवेशकों को सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा एवं गैस, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, होटेल, बैंकिंग एवं वित्त आदि जैसे लगभग समस्त क्षेत्र मिलते हैं। इसके विपरीत ताईवान के शेयर बाजार में सेमीकंडक्टर क्षेत्र की कम्पनियों की 60 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी है, इसी प्रकार, सऊदी अरब में तेल कम्पनियों की 90 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी है। इस प्रकार ये देश पूर्णतः केवल एक अथवा दो क्षेत्रों पर ही निर्भर हैं जबकि भारत में विदेशी निवेशकों को कई क्षेत्रों में निवेश का मौका मिलता है। भारत एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय अर्थव्यवस्था शीघ्र ही पांचवे स्थान से आगे बढ़कर तीसरे स्थान पर आने की तैयारी में है। भारत में सशक्त वित्तीय प्रणाली के साथ ही सशक्त प्राइमरी मार्केट भी है। भारत में स्टार्ट अप एवं नई कम्पनियों की संख्या भी बहुत तेजी से बढ़ रही है, इन स्टार्ट अप एवं नई कम्पनियों को भी तो वित्त की आवश्यकता है, जिनमें विदेशी निवेशक अपनी पूंजी का निवेश कर सकते हैं। इस प्रकार यह स्टार्ट अप एवं नई कम्पनियां भी निवेशकों को निवेश के लिए अतिरिक्त बेहतर विकल्प प्रदान कर रही हैं। साथ ही, भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी का कम्पन भी स्पष्टतः दिखाई दे रहा हैं और भारत में सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष की वृद्धि हो रही है।

## एक्सप्रेस कविता

*युद्ध के बाद बड़ा पश्चाताप ही परिणिति होती है, अक्सर होता है ऐसा देश या इंसान दुख और पश्चाताप में डूब जाता है हमेशा के लिए। युद्ध, हिंसा, किसी समस्या का हल नहीं। फिर क्यों लोग करते हैं इतना ज्यादा भरोसा। युद्ध में जीत, जीत नहीं होती। बलपूर्वक हिंसा से किसी से जीतना वीरता नहीं होती, क्रूरता की परिणिति मुस्कान और शांति, सहजता नहीं हो सकती, मानवीय सभ्यता ,शिक्षा और संस्कृति ,संस्कारों का प्रतिफल परायों का हिस्सा, जीवन हरण है, तो अहिंसक, अशिक्षित मानव प्रेम ,शांति और सौहाद्र का संदेशवाहक सौगुना भला होता है, इतने विकासवान होकर, चंद्रमा की सतह को छूकर, नवीन जिंदगी की खोज में गया मानव, पृथ्वी पर मानव ही मानव के रक्त का प्यासा हो जाए।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*जीवन मे ज्यादा रिश्ते होना ज़रूरी नहीं लेकिन जो रिश्ते है उनमें जीवन होना ज्यादा जरूरी है!*





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 24:41 तक |
| नक्षत्रः | उत्तरभाद्रपदा 06:07 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | वृद्धि, 19:16 |
| सूर्योदयः | 06:11 |
| सूर्यास्तः | 18:17 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 13:45-15:15 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:50-12:38 |

# जन एक्सप्रेस

### हम भी करें प्रहार !

*दो हमको अधिकार ।*
*लड़नी और लड़ाई ।।*
*करते आए, करना है ।*
*आप की भलाई ।।*
*दे दो इतनी सीटें ।*
*हम भी करें प्रहार ।।*
*और प्यार बरसा कर ।*
*पहनाओ फिर हार ।।*
*डाल रहे वो बाधा ।*
*करते जो भी काम ।।*
*वादा है निभाया ।*
*किए जो तमाम ।।*
*ना रूकना है हमको ।*
*यूं ही चलते जाना ।।*
*भले पूर्व में हमने ।*
*है भरा हर्जाना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बच्चों की सेहत खराब कर सकता है गली-नुक्कड़ों में मिलने वाला फ्रूट जूस

**जब** भी हम घर से बाहर, परिवार के साथ कहीं घूमने या ट्रैवलिंग पर निकलते हैं, तो फ्रूट जूस हमारे हेल्दी खाने की लिस्ट में पहले नंबर पर होते हैं। लोगों को लगता है कि बाजार में मिलने वाले चिप्स, नमकीन और कोल्ड ड्रिंक पीने से अच्छा है, गली और नुक्कड़ पर मिलने वाली दुकान से ताजा फलों का जूस पिया जाए, तो यह स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत फायदेमंद होगा। लगभग हर शहर की गली-नुक्कड़ पर मिलने वाली इन जूस की दुकानों में ताजा फलों का जूस परोसने का दावा किया जाता है और इसे बिना कुछ सोचे-समझें मानकर पी भी लेते हैं और बच्चों को भी पिलाते हैं। अगर आज तक आप भी ऐसा ही करते आए हैं, तो रुक जाइए। गली के नुक्कड़ की दुकानों पर मिलने वाले जूस आपके बच्चों की सेहत को फायदा पहुंचाने की बजाय नुकसान पहुंचाता है। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित आनंद केयर क्लीनिक के बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. तरूण आनंद का कहना है कि देशभर में चल रहीं ज्यादातर जूस की दुकान पर साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता है। गंदगी में बनाए जाने वाले जूस का सेवन अगर छोटे बच्चे करते हैं, तो यह स्वास्थ्य के लिहाज से



बहुत नुकसानदायक साबित हो सकता है। इस विषय पर डॉ. तरूण आनंद ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी शेयर किया है।

**हेपेटाइटिस ए का खतराः** डॉ. तरूण आनंद का कहना है कि बाजार में मिलने वाले जूस में जिन फलों का इस्तेमाल किया जाता है, उसे साफ पानी से धोया नहीं जाता है। फलों को धोने के लिए गंदे पानी का उपयोग होने के कारण बैक्टीरिया और फंगस उस पर पनपते हैं। जब बच्चे इस तरह के फलों के जूस का सेवन करते हैं, तो उन्हें हेपेटाइटिस ए और बी का खतरा रहता है। हेपेटाइटिस के कारण बच्चे को बुखार, अस्वस्थता, भूख न लगना, दस्त, मतली, पेट में तकलीफ जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**पाचन संबंधी समस्याएंः** हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, फलों का बीज बोने से लेकर उसे लोगों के घर तक पहुंचाने के लिए एक लंबी प्रक्रिया अपनाई जाती है। इस प्रक्रिया के दौरान कई तरह के केमिकल्स का इस्तेमाल होता है। फलों पर लगे केमिकल्स को साफ पानी से न हटाया जाए, तो इसके कारण हानिकारक बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश कर सकते हैं और पाचन संबंधी समस्याओं का कारण बन सकते है।

**दांतों से जुड़ी समस्याएंः** दुकान से या सड़क किनारे खरीदे गए जूस के स्वाद को बेहतर बनाने के लिए चीनी का इस्तेमाल किया जाता है। ज्यादा मात्रा में चीनी का इस्तेमाल होने की वजह से गली-नुक्कड़ पर मिलने वाले जूस बच्चे का अनहेल्दी तरीके से वजन बढ़ा सकते हैं। इसकी वजह से दांतों से जुड़ी समस्या भी हो सकती है।

**हार्ट संबंधी परेशानियांः** बाजार में मिलने वाले जूस को रंग देने के लिए फ्लेवर और पानी का भी इस्तेमाल किया जाता है। आर्टिफिशियल फ्लेवर बच्चे के ब्लड प्रेशर को ट्रिगर करके हार्ट संबंधी परेशानियां बढ़ा सकते हैं। साथ ही, यह किडनी पर भी बुरा प्रभाव डालते हैं। डॉक्टर तरूण आनंद का कहना है कि बच्चों को फलों के पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में मिले।

## एक्सप्रेस विशेष

# सनातन धर्म में संत परंपरा



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप नाथपंथ ने अपनी भूमिका को सदैव समझा। जब देश पर बाहरी आक्रमण शुरू हो गए थे तब नाथपंथ के योगियों ने सारंगी वादन के जरिये समाज को देश पर आए खतरे के प्रति जागरूक किया। महायोगी गोरखनाथ जी ने गोरखपुर को अपनी साधना से पवित्र किया।**

**वह मंजूनाथ गोरखनाथ जी ही हैं। महाराष्ट्र में संत ज्ञानेश्वर दास की परंपरा भी मत्स्येंद्रनाथ जी, गोरखनाथ जी और निवृत्तिनाथ जी की कड़ी है। महाराष्ट्र में रामचरितमानस की तर्ज पर नवनाथों की पाठ की परंपरा है। पंजाब,त्रिपुरा, असम,बंगाल आदि राज्यों के साथ ही वृहत्तर भारत और नेपाल,बांग्लादेश, तिब्बत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान समेत अनेक देशों में नाथपंथ का विस्तार देखने को मिलेगा।**

**सनातन** धर्म में समरसता का भाव समाहित है। समय समय पर अनेक मनीषियों ने इसके अनुरूप आचरण का संदेश दिया। नाथ सम्प्रदाय में भी समरसता को बहुत महत्व दिया। महान संत महंत अवैद्यनाथ श्री राम कथा के माध्यम से जन मानस को समरसता की प्रेरणा देते है। उनके शिष्य योगी आदित्यनाथ इसी भाव से कार्य करते है। भारतीय दर्शन में जीवन का चौथा चरण सन्यास आश्रम होता है। लेकिन आध्यात्मिक प्रेरणा से किसी भी अवस्था में सन्यास ग्रहण किया जा सकता है। इस परम्परा में बालक, युवा और वृद्ध सभी लोग सम्मिलित है। हमारी परंपरा में इस प्रकार के सन्यास जीवन पर अमल करने वाले अनगिनत उदाहरण है। सन्यास आश्रम के साथ समाज सेवा को जोड़कर चलने की भी परम्परा रही है। इस मार्ग का अनुसरण करने वालों ने निजी जीवन सन्यास को अपनाया, इसी के साथ उसमें समाज सेवा का भी समावेश किया। इस प्रकार के उदाहरणों की भी कमी नहीं है। योगी आदित्यनाथ सन्यास की इसी परम्परा पर चल रहे है। वह निजी जीवन में सन्यास आश्रम की मर्यादाओं का अमल करते है। इसके साथ ही समाज सेवा के प्रति भी समर्पित है। सन्यास और समाज सेवा का सामंजस्य उनके आचरण में परिलक्षित होता है। सन्यास व समाज की यह भावभूमि उन्हें लोगों के कष्ट पर व्यथित करती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश की संचारी रोग आपदा का लोकसभा में वर्णन करते हुए उनकी आँखें छलक जाती है। मुख्यमंत्री बने तो इस समस्या के समाधान पर ध्यान दिया। इस मामले में अभूतपूर्व सफलता मिली है। कई क्षेत्रों में सत्तर से अस्सी प्रतिशत तक सुधार हुआ है। सुधार की प्रक्रिया जारी है। समाज के प्रति उनकी संवेदना दिखाई देती है। उनके पूर्व आश्रम के पिता का निधन होता है। योगी को सूचना मिलती है, प्रदेश में कोरोना आपदा है,वह आपदा प्रबंधन की बैठक जारी रखते है,मन की व्यथा को रोकते है,आंसू पोछ लेते है। जरुरतमन्दों के भोजन इलाज आदि की व्यवस्था करते है। प्रदेश की जनता के प्रति जिम्मेदारी का निर्वाह करते है। पूर्व आश्रम पिता के अंतिम संस्कार में नहीं जाते है।योगी आदित्यनाथ ने केंद्र की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया. इसका सकारात्मक परीणाम दिख रहा है।हमारा देश अति विशाल एवं समृद्ध संस्कृति वाला है परन्तु अनेकता में एकता इसके मूल में समाहित है। अपनी विविधता के लिए भारत पूरे विश्व में विख्यात है। जैसे बगीचे में फूलों के अलग-अलग रंग देखने को मिलते हैं और इकट्ठा होकर एक माला का रूप लेते हैं उसी प्रकार सभी प्रदेश मिलकर भारत माता की आकृति का रूप लेते हैं और हम सब उसी भारत माता के सपूत हैं। विभिन्न भाषा और संस्कृति के बावजूद सभी भाषाओं में एकरूपता दिखाई पड़ती है , संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। भाषा और भेष अलग-अलग हो सकते हैं पर हम सब की संस्कृति की मूल धारणा एक है। योगी आदित्यनाथ ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 'समरस समाज के निर्माण में नाथपंथ का अवदान' विषयक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने संतों और ऋषियों की परंपरा को समाज और देश को जोड़ने वाली परंपरा बताते हुए आदि शंकर का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ऋषियों संतों की परंपरा सदैव जोड़ने वाली रही है। इस संत-ऋषि परंपरा ने प्राचीन काल से ही समतामूलक और समरस समाज को महत्व दिया है। संत परंपरा ने समाज में छुआछूत और अस्पृश्यता को कभी महत्व नहीं दिया। यही नाथपंथ की भी परंपरा है। नाथपंथ ने प्रत्येक जाति,मत, मजहब,क्षेत्र को सम्मान दिया। सबको जोड़ने का प्रयास किया। नाथपंथ ने काया की शुद्धि के माध्यम से एक तरफ आध्यात्मिक उन्नयन पर जोर दिया। समाज के हरेक तबके को जोड़ने के प्रयास किए।महायोगी गुरु गोरखनाथ जी की शब्दियों,पदों और दोहों में समाज को जोड़ने और सामाजिक समरसता की ही बात है। उनकी गुरुता भी सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए प्रतिष्ठित है। मलिक मुहम्मद जायसी ने भी कहा है बिनु गुरु पंथ न पाइये,भूलै से जो भेंट,जोगी सिद्ध होई तब, जब गोरख सौं भेंट। संत कबीरदास जी भी उनकी महिमा का बखान करते हैं तो गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं, गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग निगम नियोग सों। संत साहित्य की परंपरा, इसकी श्रृंखला गुरु गोरखनाथ के साहित्य से आगे बढ़ती है। नाथपंथ की परंपरा के अमिट चिह्न सिर्फ देश के हर कोने में ही नहीं हैं बल्कि विदेशों में भी हैं। तमिलनाडु के सुदूर क्षेत्रों की नाथपंथ की पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं। यहां गोरखनाथ जी से जुड़े अनेक साधना स्थल और नाथपंथ की परंपराएं आज भी विद्यमान हैं। कर्नाटक की परंपरा में जिस मंजूनाथ का उल्लेख आता है।

# सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों, योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर करे काम

**उपभोक्ताओं की कॉल अटेंड कर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराए विद्युत महकमा**



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बुधवार को प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में विधायक योगेश वर्मा, रोमी साहनी, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरी, मंजू त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, डीएफओ संजय विश्वल, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, एएसपी पवन गौतम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी अफसर सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योजनाओं सहित अच्छे कामों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर काम करें। जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ को जरूरतमंदों तक पहुंचाएं। स्वच्छता अभियान को जनप्रतिनिधियों के सहयोग से व्यापक स्तर पर चलाया जाए। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़े के प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित कराए। जल जीवन मिशन के तहत कॉन्ट्रैक्ट शर्तों के अनुसार पाइपलाइन डाले जाने से पूर्व जिस स्थिति में सड़क थी, उसी स्थिति में वापस बनाने के लिए निर्देशित किया, जिसका नियमित अनुश्रवण, पर्यवेक्षण भी किया जाए। पीडब्लूडी समेत सभी संबंधित विभाग बाढ़, कटान से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, पुनर्निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाए। विद्युत महकमें की क्षेत्रीय अफसर फोन ऑन रखते हुए सभी कॉल अटेंड करें और उनपर प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण कराए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी नगरीय निकाय अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाए, इससे जनमानस को सहूलियत होगी। सीएमओ-सीएमएस को निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी में चिकित्सकों, औषधीय की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। निर्देश दिए कि बाहर की दवाएं कदापि न लिखी जाए। इसे सुनिश्चित कराए। एमएसएमई क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत नौजवानों को लोन दिलाने में उद्योग विभाग फैसिलिटेट करें। लोन दिलाने में आ रही समस्याओं को एलडीएम के जरिए दूर कराए।प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई अवश्य करें। वरासत, मेड़बंदी, जमीनी विवाद के मामलो का समयबद्ध निस्तारण कराए। आकांक्षात्मक ब्लॉक के लिए नीति आयोग से तय पैरामीटर को फॉलो करके विकास कार्यक्रमों, योजनाओं को आगे बढ़ाएं।विधायक रोमी साहनी द्वारा डी-सिल्टिंग कराने, बंधे निर्माण सहित सुहेली नदी के सफाई के सुझाव पर प्रस्ताव तैयार कर शासन व उन्हें भिजवाए। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद हो, उन्हें विकास योजनाओं से जोड़े। टीमवर्क से काम करें। मा. मुख्यमंत्री की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के अनुसार माफियाओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। महिला सुरक्षा प्राथमिकता है। कानून व्यवस्था को और अधिक सुढण किया जाए। उम्मीद है लखीमपुर खीरी विकास योजनाओं में आगे बढ़ेगा मेरी शुभकामनाएं है। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। मंत्री ने निर्देश दिए कि प्राप्त सुझाव पर अमल करते हुए कृत कार्रवाई से संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाए। बैठक की शुरुआत में अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से परियोजनाओं और फ्लड फाइटिंग कार्यों की कार्यों की जानकारी दी। गत वर्षों में नदियों के जलस्तर एवं डिस्चार्ज की तुलनात्मक जानकारी दी। प्राप्त सूचना पर कटाव निरोधक कार्य करवाया जा रहा है। ड्रोन वीडियो के जरिए वर्तमान स्थितियों को रेखांकित किया। इस दौरान विधायक रोमी साहनी ने बाढ़ की विभीषिका से कैसे बचाएंगे। इसका प्लान भी पूछा।

इस पर मंत्री ने ईई बाढ़खंड को एक सप्ताह के भीतर टीम गठन, 15 दिन में सर्वे कराने की कार्यवाही सहित त्वरित गति से प्रोजेक्ट बनाकर शासन व उन्हें भेजने के निर्देश दिए।एसपी गणेश प्रसाद साहा ने अपराध नियंत्रण और निरोधात्मक कार्यवाही की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में साइबर थाने की शुरुआत हुई है। जिसके अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। जिले में नए पांच थाने भी शुरू किए गए। प्रदेश में एक्सीडेंट रोकने के मामले में जनपद में विशेष स्थान अर्जित किया है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए जिले में हुए नवाचारो और अन्नपूर्णा भवन, अमृत सरोवर, पीएम व सीएम आवास, आवास सर्वे, एनआरएलएम समूह, पंचायत भवन, ग्राम चौपाल, अभ्युदय कोचिंग, सामूहिक विवाह, जल जीवन मिशन, गो आश्रय स्थल, आयुष्मान कार्ड निशुल्क राशन वितरण, खाद बीज की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति पीएम स्वनिधि, राजस्व संग्रह, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना सहित विभिन्न योजनाओं एवं बिंदुओं पर प्रगति बताई। समूहो द्वारा तैयार प्रोडक्ट की मार्केटिंग के उद्देश्य से विकास भवन में डिस्प्ले यूनिट की स्थापना, एस्ट्रोलैब की स्थापना, सभी 136 गौशालाओं में इंटरनेट के साथ सीसीटीवी के जरिए मॉनिटरिंग जैसे नवाचारों को रेखांकित किया। जिलाधिकारी ने शिक्षकों में क्षमतावर्धन हेतु यूट्यूब स्टेशन का भी आयोजन किया।बैठक के अंत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधियों का आभार ज्ञापित करते हुए जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैठक के माध्यम से प्राप्त हुए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

# प्रभारी मंत्री ने किया निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, जी प्लस-12 ट्रांजिट हास्टल का निरीक्षण

**प्रभारी मंत्री ने थ्री-डी व्यू माडल से समझी मेडिकल कॉलेज की संरचना**



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बुधवार को प्रभारी मंत्री और राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उप्र नितिन अग्रवाल ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल ब्लाक और पुलिस लाइन स्थित जी प्लस 12 ट्रांजिट हास्टल भवन का निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति जानी और संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज निर्माण तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ देश दीपक संग कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य व गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। निर्देशित किया कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने थ्री-डी व्यू माडल से मेडिकल कॉलेज की संरचना समझी। मौजूद अफसरों से नक्शे पर फ्लोर प्लान भी देखा। उन्होंने विशेष प्रयास कर निर्माण कार्य मिशन मोड में तय समय में हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिए। मेडिकल कालेज निर्माण परियोजना व्यापक जनहित की हैं। सरकार जिले में मेडिकल कालेज के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। यह शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। निर्देश दिए कि पीडब्ल्यूडी निरंतर मेडिकल कॉलेज निर्माण का अनुश्रवण, पर्यवेक्षण करें।डीएम ने किया निर्माणाधीन ट्रांजिट हास्टल भवन का निरीक्षण इसके बाद प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पुलिस लाइन स्थित जी प्लस 12 ट्रांजिट हास्टल भवन का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बारीकी से पूरे परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। सारे निर्माण कार्य को पूर्ण करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए।प्रभारी मंत्री ने देखा पुलिस लाइन का तालाब, की सराहना प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने पुलिस लाइन में विशेष प्रयास कर तैयार कराए तालाब का अवलोकन किया। कहा कि इतना सुंदर तालाब, आप सभी बधाई के पात्र है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने इस तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने के लिए एसपी गणेश प्रसाद साहा द्वारा किए जाने वाले प्रयासो को रेखाकित किया।

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन




जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही विभिन्न विकास खण्डों के किसान एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर द्वारा उपस्थित समस्त किसान एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुये अवगत कराया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सीतापुर द्वारा वर्तमान समय में फसलों में लगने वाले कीट/रोंगों के बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। जिला उद्याान अधिकारी सीतापुर द्वारा मशरूम उत्पादन के विषय में जानकारी दी गयी, जिससे किसान भाई अधिक लाभ अर्जित कर सकते है। बैठक में अधिकांश शिकायतें विद्युत विभाग से सम्बन्धित थी। अध्यक्ष महोदय को उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा गत माह के किसान दिवस की बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया गया, जिसमें 14 शिकायतों के सापेक्ष 11 शिकायतों का निस्तारण हो पाया था। अध्यक्ष महोदय द्वारा किसान भाइयों के स्तर से प्राप्त शिकायतों को सुना गया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया व सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला कृषि अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# शारदा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए विद्युत आपूर्ति की गई बंद

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**लहरपुर।** शारदा नदी के बढ़े जलस्तर को लेकर पानी गांव में पहुंचने के चलते तंबौर इलाके में 11 केवी कम्हरिया फीडर के बम्हैला, देवपालपुर, मोग, लापुर पूरनसराय, कोल्हूपुरवा, बसंतापुर, छतांगुर, रजनापुर, बड़रिया, बोधवा, कतरारायपुर और तम्बौर देहात फीडर के बिसवा खुर्द, औरंगाबाद, पकरियापुरवा, डीहपुरवा, काजीबेहड, भनवापुर, चांदी, चंदापुरवा, यादवपुरवा, अकबरपुर, भगहरिपुरवा, दुबई, ईसापुर, सपहा, अहमदाबाद गंज सहित एक प्लाईवुड फैक्ट्री की में पानी भर जाने एवं जलस्तर बढ़ने की आशंका के मद्देनजर विधुत विभाग द्वारा जानमाल की सुरक्षा की दृष्टि से इन गांवों की विधुत सप्लाई सोमवार से बंद करदी। अवर अभियंता अमरीश कुमार ने बताया कि जलस्तर कम होने पर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। वही 10 हजार के करीब आबादी प्रभावित होने के बावजूद बिजली विभाग के जेई के अलावा कोई भी अधिकारी इस समस्या की और गंभीर होता नही दिखा।

# गो आश्रय स्थल में तेंदुए ने किया गाय का शिकार फैली सनसनी

**प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा कि सियार ने खाया है। अन्य किसी जानवर के पगचिह्न नहीं मिले हैं। डिप्टी रेंजर रविकांत वर्मा**



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** जिले के वन रेंज धौरहरा में लौखनियां मजरा जटपुरवा के अस्थायी गो आश्रय स्थल में बुधवार तड़के तेंदुए ने एक गाय को मार डाला। बुधवार सुबह इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। सुबह 11 बजे तक कोई वनकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। दो माह पहले भी इस गो आश्रय स्थल में बाघ ने दो गायों का शिकार किया था। वन्यजीव की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत है। करीब 20 दिन पूर्व तेंदुए ने जटपुरवा गांव में एक किसान के खूंटे पर बंधी बछिया को खींच ले गया था।

मैगलगंज वन रेंज की बेहजम वन बीट में नीमगांव के निकट लोनपुरवा में बुधवार सुबह झाड़ी में गोवंश का अधखाया शव देखकर ग्रामीणों मे दहशत फैल गई। गोवंश को निवाला बनाने वाला वन्यजीव भेड़िया या लकड़बग्घा बताया जा रहा है।

सूचना पर डिप्टी रेंजर रविकांत वर्मा फारेस्टर उमेश वर्मा के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से भी जानकारी हासिल की।

# परिवार रजिस्टर नकल व अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे ग्रामीणङ : राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच



उपजिलाधिकारी सदर सीतापुर को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि सीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जाए। ज्ञापन सपना के दौरान उप जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया की सीख रही इसका निस्तारण कराया जाएगा। यदि शीघ्र ही ग्रामीणों की समस्या का निस्तारण नहीं किया गया तो संगठन ग्रामीणों के साथ धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान एडवोकेट अरुण कुमार राज, मोतीलाल, हीरालाल, पंकज यादव, देशराज, आयुष रावत, जितेंद्र कुमार सहित पदाधिकारी ग्रामीण मौजूद रहे।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**खैराबाद।** विकास खण्ड खैराबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिकटिहा मजरा तेजासिंह पुरवा के ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर नकल, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सरकारी योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच द्वारा उपजिलाधिकारी सदर सीतापुर को ज्ञापन सौंपा गया। जिलामहासाचिव अखिलेश गौतम ने बताया कि वर्ष 2021 के ग्राम पंचायत चुनाव में किए गए परसीमन में विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत जैतीखेड़ा के मजरा तेजासिंह पुरवा को ग्राम पंचायत सिकटिहा में जोड़ दिया गया था। परंतु सरकारी दस्तावेजों पर यह कार्य पूरा नहीं किया गया। जिससे ग्रामीणों को काफी समस्याएं हो रही है। और उन समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी सहित जिले पर सम्बन्धित को प्रार्थना पत्र भी दिया गया लेकिन कोई निस्तारण नहीं हुआ जिसको लेकर आज राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच द्वारा उपजिलाधिकारी सदर सीतापुर को ज्ञापन सौंपा गया है। ग्रामीण बताते हैं कि ग्राम पंचायत जैतीखेड़ा के मजरा तेजासिंह पुरवा को ग्राम पंचायत सिकटिहा में जोड़ दिया गया। जिससे हम ग्रामीणों को आय जाति निवास जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर नकल सहित अन्य दस्तावेज व सरकारी योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा जिससे काफी दिक्कतें हो रही है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों द्वारा कई बार जरुरी दस्तावेज लेने का प्रयास किया है लेकिन दस्तावेज नही मिल पाए है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### उपजिलाधिकारी सदर की सक्रियता से अवैध लकड़ी कटान पर लगी रोक हुई कार्यवाही : शिव प्रकाश सिंह

जन एक्सप्रेस । सीतापुर। थाना इमलिया सुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोलई खुर्द में भू माफियाओं द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर अवैध कब्जा कर काफी वर्ष पहले लिपटिस और शीशम के पेड़ लगाए गए थे। कब्जेदार द्वारा वहां तीस लिपटिस और चार शीशम के पेड़ उसी गांव के लकड़ी माफिया गंगाराम उर्फ फदाली को बेंच कर अवैध कटान किया जा रहा था।किसान मंच कार्यकर्ता द्वारा इस प्रकरण की जानकारी संगठन पदाधिकारियों को दी गई!मेरे द्वारा दूरभाष पर उपजिलाधिकारी सदर से संपर्क कर हो रही अवैध कटान पर रोंक और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। उपजिलाधिकारी सदर ने अविलंब हो रहे अवैध कटान का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो के साथ पुलिस को मौका-ए- वारदात पर भेजा और भूमि को चिन्हित करवाकर वहां ग्राम समाज के सामूहिक रास्ते पर लगे पेड़ों में कट चुके दस लिपटिस पेड़ों की लकड़ी और शेष बीस लिपटिस पेड़ों के साथ चार शीशम पेड़ों की जिम्मेदारी लिखित समझौते में ग्राम प्रधान के सुपुर्द करते हुए इस प्रकरण में जिम्मेदार अवैध कब्जेदार शिवाय सिंह व लकड़ी ठेकेदार गंगराम उर्फ फदाली के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। किसान मंच राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि अवैध लकड़ी कटान में लिप्त कथित ठेकेदार पुलिस की सांठगांठ से अक्सर ग्राम समाज की जमीन व देहात क्षेत्र में सड़कों के किनारे लगे पेड़ों की अवैध कटाई करता रहता है। इसके विरुद्ध साक्ष्य और प्रमाणों सहित पूर्व में प्रतिबंधित पेड़ों सहित अवैध कटाई का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही होना जनहित में अतिआवश्यक है।

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत नगर पालिका में लगा स्वस्थ्य कैम्प

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पालिका में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलेगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दो कैम्प लगाए जाएंगे उसी क्रम में नगर पालिका सभागार में स्वस्थ्य कैम्प का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला के मेडिकल आफीसर डा. नरेन्द्र कुमार,डा. निधि यादव,एल टी प्रमोद कुमार,सत्येन्द्र प्रकाश,पूजा सिंह स्टाफ नर्स,परवेज वेग फार्मासिस्ट के द्वारा किया गया।जिसमें 115 सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा,卐 स्वास्थ व्यक्ति ही अपना काम पूरी मेहनत से कर सकता है इसलिए नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सफाई कर्मचारियों का स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक है।

### पलिया-भीरा मार्ग पर छोटे वाहनों का आवागमन शुरू

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। पलियाकलां में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने पलिया विधायक रोमी साहनी की सख्ती के बाद 24 घंटे में ही पलिया-भीरा मार्ग पर अतरिया के आगे बाढ़ से कटी पुलिया के एक तरफ की सड़क दुरुस्त कर दी है। इस मार्ग पर बुधवार को छोटे वाहनों का आवागमन शुरू हो गया। हालांकि अभी बसों और बड़े वाहनों पर रोक बरकरार है। पलिया अतरिया के आगे स्थित पुलिया के समीप अभी भी सड़क पर पानी बह रहा है।पुलिया पर दूसरी तरफ भी पटान करने का कार्य चल रहा है।

# गंगा से निकली झील में मछली पकड़ने गए चाचा भतीजे की डूबकर मौत

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले में मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर हरैया गांव में पुलिया के पास मछली पकड़ने के लिए लगाए गए जाल के पास पारिवारिक चाचा-भतीजा झील में डूब गए। लगभग साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद चाचा का शव और 12 घंटे की मशक्कत के बाद भतीजे का शव बरामद किया गया। दोनों शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शाहपुर हरैया निवासी राम निवास (40) खेती करते थे। इन दिनों गंगा में पानी बढ़ा हुआ है। गंगा से एक झील माधौगंज के गौरा होते हुए शाहपुर हरैया तक जाती है। गंगा में पानी बढ़ने पर इस झील में पानी आ जाता है। इस झील में अलग-अलग जगहों पर लोगों ने मछली पकड़ने के लिए जाल लगा रखे हैं। मंगलवार दोपहर राम निवास पारिवारिक भतीजे आदेश (14) के साथ गांव में पुलिया के पास लगाए गए जाल को देखने गए थे। इसी दौरान दोनों झील में डूब गए। घटना का पता तब चला जब कुछ लोग उन्हें खाना देने के लिए गए। काफी मशक्कत के बाद रात आठ बजे राम निवास का शव निकाल लिया गया, जबकि बुधवार की सुबह आदेश का शव भी बरामद हो गया।

# बच्चों के लिए एनपीएस वात्सल्य योजना लॉन्च



**छात्र अभय को प्रदान किया पेनकार्ड**

**जादूगर सलमान ने मनोरंजन, जादू के जरिए दी एनपीएस वात्सल्य की जानकारी**

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बुधवार को नई दिल्ली से बच्चों के लिए देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत की, जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग पं. दीन दयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर में बच्चों, विभिन्न अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा देखा और सुना गया।इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख कमलेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि एनपीएस वात्सल्य की शुरुआत भारत सरकार की सभी के लिए दीर्घकालिक वित्तीय योजना और सुरक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह भारत की भावी पीढ़ियों को अधिक वित्तीय रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडे ने योजना की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। कार्यक्रम में अभय कश्यप को भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जादूगर सलमान ने एनपीएस वात्सल्य की जानकारी मनोरंजन और जादू के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह, इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख कमलेश चंद्र त्रिपाठी, आर्यावर्त बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित रंजन, अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडेय, नाबार्ड डीडीएम प्रसून, इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक बिकास झा, प्रबंधक कृष्ण कांत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन टाइगर आठ दिन से खुले मैदान में बाघ का शिकार



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

महेशपुर रेंज में आठ दिनों से वन विभाग और एक्सपर्ट की टीम बाघ का शिकार लिए बैठी है। वे मौका तलाश रहे कि कब बाघ यहां तक आए और उसे काबू में करने का जतन किया जा सके पर बाघ है कि वह इस मुफ्त भोजन के करीब तक नहीं जाना चाह रहा। यही बात वन विभाग के लिए तनाव का सबब है। यूं तो दक्षिण खीरी के महेशपुर में ऑपरेशन टाइगर 28 अगस्त से शुरू हुआ था। वहीं, जब पिंजरों में बाघ का फंसना नामुमकिन हो गया तो एक्सपर्ट ने उसे खुले में घेरने की तैयारी की। तीन किलोमीटर के दायरे में खुले मैदान व खेतों के पास उसके शिकार का इंतजाम किया गया।पांच पड्डे और चार बकरियां बांधी गई। वन विभाग को अंदाजा था कि बाघ खुले में बंधे इन जानवरों के पास जरूर आएगा और इसी दौरान उसे ट्रैंकुलाइज कर लिया जाएगा। वहीं, वन विभाग की इस रणनीति में बाघ फंस ही नहीं रहा। उसके पगमार्क तो शिकार के करीब मिलते हैं लेकिन वह वहां तक जा नहीं रहा। एक्सपर्ट सुबह- शाम मचान पर बैठकर बाघ का रास्ता ही देख रहे हैं। डीएफओ संजय विश्वाल ने बताया कि बाघ को घेरने का इससे बेहतर विकल्प नहीं है।

# जैन मंदिर में दशलक्षण समापन के अवसर पर श्री जी की शोभायात्रा निकाली गई

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



ममहमूदाबाद। स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर में दशलक्षण समापन के अवसर पर श्री जी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा अपने परम्परागत मार्गा का भ्रमण कर वापस मंदिर जी में समाप्त हुई। मंदिर जी में श्रद्धालुओं ने श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और पूजन अर्चन कार्यक्रम सम्पन्न किया। दस दिन पूर्व शुरू हुए जैन धर्म के महत्वपूर्ण पर्व दशलक्षण का समापन मंगलवार को हुआ। प्रातःकाल मंदिर जी में नित नियम पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुए। तत्पश्चात प्रातः 11 बजे जैन धर्मावलम्बियों ने श्रीजी को रथ पर विराजमान कर जोरदार जयकारे लगाते हुए श्रीजी की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा बजाजा बाजार, रामकुण्ड चौराहा, कोतवाली मार्ग, बस स्टॉप होते हुए वापस जैन मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा का उद्घाटन दवा व्यवसाई अरिहंत जैन ने परिवार के साथ किया। रथ में सारथी बनने के सौभाग्य गौरव जैन को प्राप्त हुआ। मंदिर पहुँचने के उपरांत श्रीजी को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर अभिषेक, शांतिधारा और पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुए। जैन समाज की प्रस्तावित शोभायात्रा को देखते हुए नगर पालिका द्वारा पूरे मार्ग पर विशेष सफाई कराते हुए चूने का छिड़काव कराया गया। इस दौरान सुरक्षा में सीओ दिनेश शुक्ला कोतवाल अनिल सिंह, जैन समाज अध्यक्ष अनुज जैन आदि उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
मुख्य परियोजना प्रबन्धक/निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई-निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर जौनपुर जंक्शन-जफराबाद दोहरीकरण के संबंध में जौनपुर एवं जफराबाद सेक्शन के मध्य फॉर्मेशन में मिट्टी का कार्य भरना, काटना एवं संघनन सहित, तटबंध पर ब्लैंकेटिंग सामग्री की आपूर्ति एवं फैलाव, आरसीसी बॉक्स/पीएससी स्लैब द्वारा मौजूदा छोटे पुलों का विस्तार, विविध सिविल इंजीनियरिंग कार्य जैसे प्लेटफॉर्म कार्य, बिल्डिंग कार्य, अन्य सहायक कार्य एवं जौनपुर – जफराबाद सेक्शन के मध्य प्रमुख पुल संख्या 76 और 77 की उप संरचना का निर्माण कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 15 (पंद्रह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 6562.05 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 34,31,000/- |
| 5 | ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 10.10.2024 को समय 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 10.10.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 19.09.2024 से आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनांक 26.09.2024 से 10.10.2024 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 4-टेण्डर/सीपीएम/नि./वाराणसी दिनाँक: 15.09.2024 2892/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गोला से बड़हलगंज तक बाढ़ का कहर

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

सरयू और राप्ती नदियों ने गोला से बड़हलगंज तक कहर मचा दिया है। दर्जनों गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। लोग घर छोड़कर सड़क किनारे रहने को मजबूर हैं। घरों से निकलने के लिए प्रशासन ने नाव की व्यवस्था की है। सहजनवां क्षेत्र में आमी नदी में बाढ़ से भी जनजीवन पर असर पड़ा है।

सैकड़ों एकड़ फसल बाढ़ के पानी में डूब गई है। प्रशासन ने राहत व बचाव कार्य तेजी से कराने का दावा किया है। हालांकि राहत की बात यह है कि अयोध्या पुल पर सरयू नदी आठ घंटे में एक सेंटीमीटर घटी है। नदी के जलस्तर में उतार शुरू हो गया है। सरयू नदी मंगलवार शाम चार बजे अयोध्या पुल पर खतरे के निशान से 58 सेंटीमीटर ऊपर थी।

गोला तहसील क्षेत्र में सरयू, राप्ती और कुआनो नदियों में आई बाढ़ से 30 से ज्यादा गांव पूरी तरह या आंशिक रूप से प्रभावित हैं। बुधवार दोपहर बाद बाढ़ की भयावहता को देख तहसील प्रशासन ने दस गांवों को मैरूंड घोषित करते हुए सोलह नाव लगा दी है।





### तहसीलदार बोले प्रभावित गांवों इंतजाम मुकम्मल

तहसीलदार बृजमोहन शुक्ल ने बताया कि कुआनों नदी के बाढ़ से प्रभावित कुरावल बुजुर्ग, राप्ती नदी के बाढ़ से प्रभावित पटना, नेतवारपट्टी, पटना एहतमाली रामनगर और सरयू नदी के बाढ़ से प्रभावित कोलखास, ज्ञानकोल, बगहा, गोरखपुरा, कोटिया निरंजन, खड़ेसरी और कोटियादीपशाह को मैरूंड घोषित कर दिया है। राजस्वकर्मी नजर बनाए हुए हैं। जरूरत के अनुसार नाव का इंतजाम है।गोला क्षेत्र में सरयू नदी के किनारे बसे बिसरा, तीरागांव, बारानगर, बिजुलियाडाड़, कौड़िया, झरकटा, गोड़ियाना टोला रकौली, कोहना आदि गांवों के सैकड़ों परिवार बाढ़ प्रभावित हुए हैं। सबसे खराब स्थिति तीरागांव व बिसरा की है। यहां घरों में पानी घूसना शुरू हो गया है।

### बोले ग्रामीण आवागमन हुआ दूरुह, जिम्मेदार नहीं लें रहे संज्ञान

रास्ते पर पानी आ जाने के कारण आवागमन में दिक्कत हो रही है। बाढ़ प्रभावित हरिकेश, संजय, लालमोहन, मुरारी, लक्ष्मण आदि का कहना है कि फसल डूब गई है। घरों में पानी घुसने के साथ ही रास्तों पर पानी चढ़ गया है। अनाज व अन्य खाद्य सामग्री, पशुओं का भूसा भीगकर खराब हो रहा है। वार्ड नंबर 44 के जिला पंचायत सदस्य अवधनारायण यादव ने प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया और लोगों से मिलकर उनकी समस्या सुनी। कहा कि प्रशासनिक अफसरों से मुलाकात कर सहायता दिलाई जाएगी। इस दौरान हरेन्दर, राणा प्रताप, मुकेश, कृष्ण मोहन, नन्हें, लालू, रामविलास, रामबचन, लालबचन, हीरालाल आदि मौजूद रहे।

### दर्जनों गांव मैरुंण होने की कगार पर

ढाई महीने में बड़हलगंज कछार क्षेत्र में पांचवीं बार बाढ़ आई है। मंगलवार को 20 से ज्यादा गांव बाढ़ के पानी से घिर चुके थे। संपर्क मार्गों पर भी बाढ़ का पानी चढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी के जलस्तर में इसी तरह बढ़त जारी रही तो सुबह तक कई और गांव गांव मैरूंड हो जाएंगे। राप्ती नदी में आई बाढ़ से हिगुंहार, लखनौरी, लखनौरा, खोहियापट्टी, बिहुआ उर्फ अगलगौआ, सुबेदारनगर मांझा, मच्छरगांवा, तुर्कवलिया और सरयू नदी के बाढ़ से कोलखास, ज्ञानकोल, खैराटी, बगहादेवार, मुसाडोही, अजयपुरा, कोटियानिरंजन, बल्थर, भयपुरा, गोनहा, जैतपुर आदि गांव घिरे हैं। बरडीहा गांव में मंगरू, रमेश, काशी, बगहा देवार में सौदागर, दीपचंद, रामकपूर के घर में सरयू नदी का पानी घुस गया है। परिवार के लोग ऊंचे स्थान पर शरण लिए हुए हैं। बगहा देवार, लखनौरी, अजयपुरा, कोलखास आदि प्राथमिक विद्यालयों में बाढ़ का पानी घुस गया है।

मुख्यमंत्री ने किया था शिलान्यास

# नवरात्र से होगी कालेसर आवासीय योजना की आवेदन प्रक्रिया शुरू

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर




गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीडीए) की कालेसर आवासीय योजना की झलक अब नवरात्र से देखने को मिलेगी, जब इस योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी।रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (आरईआरए) से अनुमोदन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और जीडीए को जल्द ही आरईआरए से रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस महत्वाकांक्षी योजना का शिलान्यास लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले किया था। कालेसर और जगदीशपुर फोरलेन बाईपास के किनारे फैली यह योजना लगभग 120 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जाएगी, जिसकी लागत करीब 650 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के तहत लगभग 400 भूखंड उपलब्ध होंगे, जो 90, 120, 150, 250 और 300 वर्ग मीटर के आकार में होंगे।

लोगों की उत्सुकता इस बात को लेकर बढ़ गई है कि नवरात्र के मौके पर भूखंडों के लिए आवेदन कैसे करें। जीडीए के सीईओ अनुज मलिक ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी और ई लाटरी के आधार पर भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। इसके साथ ही, जीडीए की ओर से ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट्स भी बनाए जाएंगे। हालांकि, व्यावसायिक योजना के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अभी चल रही है, ऐसे में व्यावसायिक भूखंडों के लिए रजिस्ट्रेशन नंबर बाद में जारी किया जाएगा। नवरात्र में केवल आवासीय भूखंडों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

# किसानों ने दी जिला प्रशासन को दी चेतावनी, मांगे नहीं मानी तो होगा आंदोलन

जन एक्सप्रेस | देवरिया



देवरिया बाईपास निर्माण के निमित्त जिला प्रशासन द्वारा अधिगृहीत भूमि का किसानों को मिलने वाले मुआवजे में जिला प्रशासन द्वारा मनमानी कटौती करने के से आहत भूमि बचाओ संघर्ष समिति व भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को डीएम को पत्रक सौंपते हुए चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 22 सितंबर 2024 तक शासन द्वारा किसानों की भूमि का उचित मूल्य व मुआवजे में की जा रही कटौती पर रोक नहीं लगाई गई तो 23 सितम्बर 2024 को पूर्वांचल के दर्जनों जनपदों के किसानों संग जिलाधिकारी कार्यालय पर डेरा डालो, घेरा डालो अभियान के तहत अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने किसानों व किसान संगठनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों के मुआवजे में की जा रही कटौती रोकने संबंधी मांग से शासन को अवगत कराया जा चुका है जैसा निर्देश जारी होगा उसी के अनुसार आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।पत्रक सौंपने वालों में मुख्य रूप भूमि बचाओ संघर्ष समिति संयोजक अजीत त्रिपाठी, विनय सिंह उपाध्यक्ष पुर्वी उत्तर प्रदेश भाकियू,गिरिश नारायण शाही जिलाध्यक्ष भाकियू, सुग्रीव मिश्र, अजय सिंह, प्रेम चंद यादव अध्यक्ष किसान संघर्ष समिति, कलक्टर शर्मा सदस्य जिला पंचायत, राजनाथ यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सामाजिक सुरक्षा का आधार बनेगी एनपीएस वात्सल्य योजना: सीडीओ

जन एक्सप्रेस | देवरिया



केंद्रीय बजट 2024-25 की घोषणा के अनुसरण में, केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा नई दिल्ली में %नाबालिगों के लिए एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में किया गया, कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय की अध्यक्षता में बड़ी संख्या में लोगों ने देखा।

इस दौरान सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने कहा कि एनपीएस वात्सल्य योजना विकसित भारत के लक्ष्य के दृष्टिगत सामाजिक सुरक्षा का आधार बनेगा। इस योजना की अंशदाई प्रकृति भविष्य के राजस्व पर कोई शुल्क न लगाकर अंतर-पीढ़ीगत समानता सुनिश्चित करेगी तथा सभी नाबालिग नागरिक जिनकी आयु 18 वर्ष से कम हो का खाता नाबालिग के नाम पर खोला जा सकता है और माता-पिता या अभिभावक द्वारा संचालित किया जा सकता है। नाबालिग लाभार्थी होगा, योजना को पीएफआरडीए द्वारा विनियमित उपस्थिति के विभिन्न बिंदुओं जैसे प्रमुख बैंकों, इंडिया पोस्ट, पेंशन फंड और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (ई-एनपीएस) के माध्यम से खोला जा सकता है, सब्सक्राइबर को प्रति वर्ष न्यूनतम 1 हजार रुपये का योगदान करना होगा, अधिकतम योगदान की कोई सीमा नहीं है, पीएफआरडीए ग्राहकों को निवेश के कई विकल्प प्रदान करेगा, सब्सक्राइबर्स जोखिम उठाने की क्षमता और वांछित रिटर्न के आधार पर सरकारी प्रतिभूतियों, कॉर्पोरेट ऋण और इक्विटी में अलग-अलग अनुपात में एक्सपोज़र ले सकते हैं तथा वयस्क होने पर, योजना को सामान्य एनपीएस खाते में निर्बाध रूप से परिवर्तित किया जा सकता है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के क्षेत्रीय प्रमुख राजेश देशपाण्डे द्वारा जनपद के अग्रणी बैंक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया में इस योजना के अधिक से अधिक खाते खुलवाने का आग्रह किया। अग्रणी जिला प्रबन्धक अरूणेश कुमार के द्वारा %एनपीएस वात्सल्य% योजना के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों की टीम द्वारा इस योजना से सम्बन्धित एक नुक्कड़ नाटक एवं अन्य प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम के उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किये गये %एनपीएस वात्सल्य% योजना के उद्घघाटन समारोह का आनलाइन प्रसारण का देखा गया। कार्यक्रम में कीर्ति चतुर्वेदी पुत्री विजय कुमार चतुर्वेदी, पंकज कुमार पुत्र मनोज प्रसाद एवं इन्द्रजीत पुत्र गीता देवी को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा इस योजना के क्रह्न की रिपीलिका वितरित की गई। अन्त में अग्रणी जिला प्रबन्धक द्वारा कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, देवरिया सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के क्षेत्रीय प्रमुख सहित समस्त गणमान्यों, अधिकारियों, छात्र-छात्राओं एवं उनके परिजनों को धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड सूरज शुक्ला, राजकीय इण्टर कॉलेज प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्र, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबन्धक संतोष जायसवाल एवं जनपद के अन्य बैंकों के अधिकारियों के साथ लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्रायें, अध्यापकगण एवं छात्रों के परिजन तथा एनपीएस वात्सल्य योजना के लाभार्थी अपने अभिभावक के साथ उपस्थित रहे।

# सदस्यता अभियान सर्वसमाज को भाजपा से जोड़ने का प्रयास: डा.रमापति राम त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस | देवरिया

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के निमित्त पूर्व सांसद देवरिया सदर डाक्टर रमापति राम त्रिपाठी ने लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के संगठन मंडल पथरदेवा के बूथ संख्या 266 पर दुर्गा मंदिर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया, तथा कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ पर ही चार दर्जन से अधिक युवाओं को भाजपा की डिजिटल माध्यम से 88000 02024 पर मिस्ड काल कराकर सदस्यता दिलाई। इस दौरान युवा वर्ग भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्य बनने के पश्चात खुशी की अनुभूति कर रहा था। युवाओं में एक नया जोश दिखाई दे रहा।

स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए पूर्व सांसद डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी के संविधान नियमानुसार भाजपा की सदस्यता का प्रत्येक 6 वर्ष बाद नवीनीकरण होता है, जो 2 सितंबर से प्रारंभ हुआ है। उन्होंने लोगों को बताया कि वे 8800 002024 पर मिस्ड कॉल देकर और भाजपा से संपर्क कर सदस्य बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे भारत में 10 करोड़ नए लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह अभियान न केवल पार्टी की सदस्य संख्या बढ़ाएगा, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को भाजपा से जोड़ने का एक प्रयास भी है। कहा कि स्वच्छता मानव जीवन का जरुरी हिस्सा है, हम सभी को अपने दिनचर्या में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। भाजपा में कार्य करने वाला सामान्य कार्यकर्ता भी फर्श से अर्श तक पहुंच जाता है। पूर्व सांसद ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर बधाई देते हुए मौजूद लोगों को विश्वकर्मा जयंती की भी बधाई दी। जिलापंचायत सदस्य सुजीत प्रताप सिंह ने कहा की शहर और, गांवों को सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। भाजपा मंडल महामंत्री सुशील पांडेय ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर आज से सभी नगरीय निकायों में विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयर मैन कमलेश सिंह क्रांति व संचालन सभासद सुशील पांडेय ने की इस दौरान सभासद अफजल अंसारी, अजय सिंह, जीपू शाही,अरविंद तिवारी,राम प्रवेश सिंह,अब्दुल हसन आदि उपस्थित रहे।






# मदरसा में छात्रों को टीबी रोग के प्रति किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



सघन टीबी खोज अभियान के आठवें दिन क्लोज़ सेटिंग के तहत नगरपालिका परिषद स्थित मदरसा दारुल उलूम अंजुमन इस्लामिया में शिक्षा ग्रहण कर रहे हाईस्कूल बच्चो एवं बच्चियों को टीबी रोग के प्रति टीबी यूनिट कसया के क्षयरोग पर्यवेक्षक द्वारा जागरूक किया गया।

बच्चों को सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने कहा कि जिनको भी दो सप्ताह से ज्यादा की खाँसी, बलगम आना, बलगम के साथ खून आना, रात में पसीना होना, शरीर मे गाँठ होना, भूख न लगना, वजन कम होना, बाझपन आदि लक्षण दिखे तो उन्हें नजदीकी सरकारी अस्पताल पर आने हेतु प्रेरित करे।

एसटीएस शाहिद अंसारी ने कहा कि बीते 9 सितम्बर से सघन टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा जिसमें टीमें घर घर जाकर व्यक्तियो के टीबी की स्क्रीनिंग कर रही तथा लक्षण वाले व्यक्तियों के बलगम भी एकत्र किये जा रहे है।उन्होंने इस कार्यक्रम में सबसे सहयोग करने की अपील किया। बच्चों द्वारा टीबी रोग को लेकर प्रश्न भी किये गए जिनका पर्यवेक्षको ने तथ्यपरक उत्तर दिया जिससे बच्चे सन्तुष्ट दिखे। मदरसा के प्रधानाध्यापक सदाकत अली कादरी ने टीबी पर्यवेक्षको के प्रति आभार प्रकट करते हुये कहा कि समय समय ऐसे कार्यक्रमों से बच्चें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते रहते है। इस दौरान अध्यापक दरवेश आलम, मोहम्मद दीन, फखरुद्दीन, इरशाद अहमद, जैनुल आबदीन, कहकशा, सल्ले, सानिया, नजराना, समीरा, निकहत, गुलाम हुसैन, एजाज, नबीहसन, अख्तर, अयूब आदि स्कूली बच्चें उपस्थित रहे।

# कैग टीम ने मनरेगा के पत्रावलियों का किया जांच

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



मनरेगा योजना के तहत विकासखंड में 2019 से 31 मार्च 2024 तक हुए विकास कार्यों की जांच करने कैग टीम कप्तानगंज ब्लॉक कार्यालय में पहुंची जिसको लेकर विभाग पूरे दिन हलकान रहा।

बुधवार को भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग कैग टीम के महालेखा परीक्षक गिरीश चंद्र मुर्मू के निर्देश पर कैग की तीन सदस्यी टीम कप्तानगंज ब्लाक कार्यालय मे 11 बजे पहुंची जहां वर्ष 2019 से 31 मार्च 2024 तक मनरेगा के तहत गांव में हुए विकास कार्यों के पत्रावलियों की पूरा दिन गहनता से एक-एक बिंदु पर जांच की। और देर शाम जिले के लिए रवाना हो गयी।

खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार शुक्ल, एपीओ अमित भार्गव से पत्रावलियों के बारे में पूरी जानकारी इकट्ठा की और पत्रावलियों के जांच के बाद गांव में हुए कार्यों का भौतिक सत्यापन के लिए कहा।

कैग टीम के सदस्यों ने बताया कि वर्ष 2019 से 31 मार्च 2024 तक विकासखंड में हुए मनरेगा के तहत कार्यों की जांच और भौतिक सत्यापन किया जाएगा तीन दिनों में चयनित गांव में जाकर मनरेगा के तहत कितना काम हुआ जिसकी गुणवत्ता क्या रही है कहां क्या धांधली हुई है इससे जनता को क्या लाभ मिला है इन तथ्यों की जांच कर विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

जांच टीम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मनरेगा के तहत योजनाओं को जनता से कितना लाभ मिल रहा है उसका परीक्षण करना भी है।

इस दौरान खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार शुक्ला एपीओ अमित भार्गव लेखाकार अखिलेश सिंह एडीओ आईएसबी प्रमोद कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान की हुई जाँच, गलती सुधारने का दिया गया निर्देश

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। विकास खण्ड विशुनपुरा क्षेत्र के पड़री पिपरपाती के ग्रामीणों ने बुधवार को तहसीलदार पडरौना को एक लिखित शिकायती पत्र देकर कोटेदार द्वारा हर महीने उपभोक्ताओं से अंगूठा लगवा कर राशन नही देने व घटतौलीं करने का आरोप लगाया था।जिसको गंभीरता से लेते हुए। तत्काल मौके पर पहुंच जांच कर पूर्ति निरिक्षक ने स्टॉक व वितरण का जाँच कर कार्यवाही करने का आदेश दिया। तथा पूर्तिनिरीक्षक द्वारा जाँच कर एक सप्ताह के अंदर कोटेदार से जबाब मांगा गया है। मिली जानकारी के अनुसार पड़री पिपरपाती के ग्रामीणों ने सुबह तहसीलदार पडरौना पूर्णिमा सिंह को एक लिखित शिकायती पत्र देकर कहा था। की गांव के कोटेदार महेंद्र गोड़ द्वारा हर महीने उपभोक्ताओं से अंगूठा लगवा लिया जाता है। और राशन नहीं दिया जाता है। राशन के लिए बार बार कोटेदार के घर लोग आते जाते है।

# गोरखपुर में कांग्रेसियों का जबरदस्त प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

आज पूरे देशभर में कांग्रेस पार्टी ने अपने समर्थकों के साथ सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का असर गोरखपुर में भी नजर आया, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध जताया।

प्रदर्शनकारियों ने टाउनहाल स्थित गांधी प्रतिमा से अपनी यात्रा शुरू की और कचहरी चौराहा होते हुए अम्बेडकर चौराहा पहुंचते हुए कमिश्नरी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस का कहना है कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति बेहद खराब है और पुलिसिया उत्पीड़न बढ़ता जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए विरोध दर्ज कराया।



प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश महासचिव अवधेश कुमार और गोरखपुर जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान ने किया। ज्ञापन देने के बाद, उन्होंने मीडिया से बात करते हुए सरकार की नीतियों पर तीखे आरोप लगाए और कहा कि यह प्रदर्शन एक ताकतवर संदेश देने के लिए है कि कांग्रेस अपनी बात मनवाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश की जनता के अधिकारों की रक्षा और पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ एकजुटता की आवाज है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने योगी सरकार की विफलताओं को उजागर करते हुए कहा कि सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

ह्य9

## ताजनगरी में शुरू होगा लाइट एंड साउंड शो

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

लाल किले की बुलंद दीवारों के बीच एक बार फिर से रंग-बिरंगी रोशनी के संग घोड़ों के टापों की आवाज गूंजेगी। कबीर बेदी की आवाज में छत्रपति महाराज शिवाजी की गर्जना, मुगलों के आक्रमण की गाथा सुनाई देगी। किले के दीवान-ए-आम में लेजर शो के माध्यम से शिवाजी महाराज के साथ गुरू गोविंद साहब की कहानी जीवंत होगी।
पर्यटन निगम ने पीपीप मॉडल पर 22 सितंबर से यहां लाइट एंड साउंड शो शुरू करने की तैयारी कर ली है। मंगलवार को हुई समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी दीप्ति वत्स ने प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को यह जानकारी दी।
नोएडा की ट्राइ कलर कंपनी ने किले में शो के लिए उपकरणों को लगाने का काम लगभग पूरा कर लिया है। यह कवायद ताजनगरी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए की जा रही है। शो प्रारंभ होने से पर्यटकों को यहां रात में रुकने के लिए रात्रि आकर्षण मिलेगा। शो में मुगलों के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोबिंद सिंह की शौर्य गाथा दिखेगी।
आगरा किला में पर्यटन निगम द्वारा

# धर्मनगरी अयोध्या की हेलीकॉप्टर यात्रा 45 हजार में, 60 घंटे पहले होगी बुकिंग

- आगरा से अयोध्या श्रीराम मंदिर के हवाई दर्शन 45135 रुपये में होंगे
- 6 जिलों में रहेगी हेलीकॉप्टर सेवा, 5 लोगों के बैठने की क्षमता

**जन एक्सप्रेस | आगरा**



प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या के हवाई दर्शन की इच्छा रखने वालों को अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। हेलीकॉप्टर से वे धार्मिक नगरी अयोध्या के दर्शन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 45135 रुपये खर्च करने होंगे। मगर इसकी बुकिंग उन्हें 60 घंटे पहले करवानी होगी। कंपनी ने पहले आओ पहले पाओ की स्कीम के तहत 40 प्रतिशत की छूट दी है। यात्री अयोध्या के साथ वाराणसी, मथुरा, प्रयागराज, लखनऊ और आगरा की यात्रा कर सकते हैं। सरकार के साथ करार करने वाली राजस एयरो स्पोट्स एंड एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड ने सभी यात्राओं की रेट लिस्ट घोषित की है। जबकि यात्रा शुरू करने की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। आगरा भ्रमण पर आए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को हेलीकॉप्टर यात्रा कराने वाली कंपनी राजस एयरो स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर से किराए की दरों की जानकारी ली। जिस पर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि आगरा हेलीकॉप्टर में 5 यात्रियों के बैठने की क्षमता रहेगी। एक यात्री अपने साथ 5 किलोग्राम तक का वजन ले जा सकता है। पहले आओ और पहले पाओ योजना के चलते 40 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। आगरा से अयोध्या श्रीराम के मंदिर के हवाई दर्शन करने के लिए 45135 रुपये खर्च करने होंगे। हेलीकॉप्टर सेवा अयोध्या से मथुरा, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज और आगरा के बीच चलेगी।

### 25 दिसंबर को दिखाई हरीझंडी

हेलीकॉप्टर सेवा के लिए एत्मदपुर मदरा में 4.9 करोड से एक हेलीपैड बनाया है। 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने हेलीकॉप्टर सेवा को हरी झंडी दिखाई थी। जबकि जनवरी 2019 में पीएम मोदी ने इसका शिलान्यास किया था। हेलीकॉप्टर सेवा को सरकार ने पीपीपी मॉडल पर राजस एयरो स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ सरकार ने करार किया है।

### कितना कहां का किराया

आगरा से अयोध्या/अयोध्या से आगरा का किराया 45135, समय 135 मिनट, दूरी 440 किमी, अयोध्या से गोरखपुर/गोरखपुर से अयोध्या किराया 13373, समय 40 मिनट, दूरी 126 किमी, अयोध्या से वाराणसी/वाराणसी से आयोध्या किराया 18388, समय 55 मिनट, दूरी 160 किमी, अयोध्या से लखनऊ/लखनऊ से अयोध्या किराया 15045, समय 45 मिनट, दूरी 132 किमी, अयोध्या से प्रयागराज/प्रयागराज से अयोध्या किराया 16717, समय 50 मिनट, दूरी 157 किमी और अयोध्या से मथुरा/मथुरा से अयोध्या किराया 45135, समय 135 मिनट, दूरी 456 किमी। ये किराया 40 प्रतिशत की छूट पर आधारित है।

# नारायण फाउंडेशन ने धूमधाम से मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर**



संस्था द्वारा प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को वितरण किया गया पाठ्य सामग्री एवं बैग विद्यालय में किया गया वृक्षारोपण
जनपद में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही समाज सेवी संस्था नारायण फ़ाउंडेशन ने संस्था के संरक्षक विवेक मौर्य के निर्देश पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74 वें जन्मदिन को अकबरपुर के अफ़ज़लपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्रों के साथ केक काटकर, 150 स्कूल बैग व पठन सामग्री का वितरण, मिष्ठान वितरण व वृक्षारोपण कर मनाया गया।
नारायण फ़ाउंडेशन के तत्वाधान में क्षेत्राधिकारी अकबरपुर देवेंद्र मौर्य, एसडीएम सौरभ शुक्ला के कर कमलों से प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को बैग व पठनसामग्री वितरित की गई।
इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्यों ने मोदी जी के अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की व समाज सेवा के क्षेत्र में नारायण फ़ाउंडेशन के कार्यों की जमकर सराहना की।
कार्यक्रम में अफ़ज़लपुर के प्राथमिक विद्यालय में नारायण फ़ाउंडेशन की ओर से क़रीब 150 बैगों, पठन सामग्री, मिष्ठान वितरण व वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में नारायण फ़ाउंडेशन द्वारा ज़रूरतमंद छात्रों की मदद करने व उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करने की अच्छी पहल है
नारायण फ़ाउंडेशन उत्तर प्रदेश में जनसेवा के क्षेत्र में अग्रणी ग़ैर सरकारी संस्थान है जो मुख्यतः शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण व सामाजिक जागरूकता को बढ़ाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश के अम्बेडकरनगर जैसे पिछड़े ज़िले में नारायण फ़ाउंडेशन के कार्यों को वहाँ की जनता का भरपूर आशीर्वाद व सराहना मिल रही है।
इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों में अध्यक्ष दिनेश मौर्य ,सचिव अजय निषाद, राजकुमार ,अभिषेक पांडेय ,आशुतोष ,विक्रांत, शशिकांत, कृष्ण कुमार,धनंजय सिंह ,अभिषेक गुप्ता, आकाश,सूर्यकान्त,कृष्ण कुमार,अंकित ,सोनू मौर्य,अफ़रोज़ आदि लोग मौजूद रहे।

## अपर जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में ली मीटिंग

**जन एक्सप्रेस**/आगरा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में बुधवार को अपर जिलाधिकारी (नगर) की अध्यक्षता में जनपद के विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई। बैठक में बताया गया कि जनपद की सभी विधान सभा क्षेत्रों के अन्तर्गत पूर्व में अनुमोदित 1731 मतदान केन्द्र तथा 3695 मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन एवं सम्भाजन के उपरान्त 1724 मतदान केन्द्र तथा 3696 मतदेय स्थल प्रस्तावित हैं। बैठक में बताया गया कि विधानसभा 86-एत्मादपुर, 88-आगरा दक्षिण, 89-आगरा उत्तर, 90-आगरा ग्रामीण (अ.जा.), 91-फतेहपुरसीकरी, 92-खेरागढ़, 93-फतेहाबाद एवं 94-बाह में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में कोई भी सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं। जबकि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 87-आगरा कैन्टोनमेंट (अ0जा0) में विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा मतदेय स्थल सम्भाजन हेतु कुल 07 सुझाव/प्रस्ताव उपलब्ध कराये गये हैं।

## जल जीवन मिशन卐 परियोजना से हो रहा है ग्राम पंचायतों मे स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल का प्रवाह



**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

जनपद आई एस ए -मां दुर्गा शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश मे अधिशासी अभियंता सूरज वर्मा के कुशल नेतृत्व मे एवं सहायक अभियंता पवन के मार्ग दर्शन मे ग्राम पंचायत - बाला पैकोली , विकस ख ण्ड - भीटी, मे जागरूकता कार्यक्रम मे जल जीवन मिशन - हर घर जल परियोजना के अंतर्गत आई एस ए माँ दुर्गा शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा पानी की टंकी के पानी को अपने दैनिक जीवन मे प्रयोग करने तथा उसके रख रखाव के बारे मे जानकारी दी गयी द्य जानकारी मे यह बताया गया की आप जिस टंकी के पानी का प्रयोग करेंगे ओ प्रत्येक दशा मे शुद्ध एवं सुरक्षित अमृत के सामान होगा द्य इसलिए इस जल का उपयोग केवल अपने दैनिक जीवन मे खाने पीने इत्यादि मे ही करेंद्य जल का उचित रख रखाव कैसे किया जाय, जल प्रवंधन कैसे करें, जल को इधर उधर बहने ना दे द्य जल को अपने आस पास इकठ्ठा ना होने दे जिससे जल जनित बीमारियों के प्रकोप से बचा जा सके और परियोजना के लक्ष्य को धरातल पर पूर्ण किया जा सके, । जागरूकता कार्यक्रम मे संस्था के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर सुरेंद्र मोहन वर्मा एवं सामुदायिक कार्यकर्त्ता सविता देवी एवं बिन्दू देवी उपस्थित रही। वही भीटी विकासखंड के बिरसिंहपुर सरैया ग्राम पंचायत में ई रिक्शा पर साउंड सिस्टम लगाकर प्रचार वाहन के माध्यम से ग्राम पंचायत में जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया एवं लोगों को जल जीवन मिशन के उद्देश्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जमीनी विवाद को लेकर जमकर चले लाठी डंडे पथराव एक युवक घायल, फायरिंग की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत गांव खेरडांडा झोरियन में जमीनी विवाद को लेकर गाली गलौज हो गई और दो पक्ष आमने-सामने आ गए जिसमें जमकर लाठी डंडे चले और पथराव हुआ ।जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।झगड़े और फायरिंग की पुलिस ने गांव में दौड़ लगा दी मगर मामला फर्जी मिला। घायल युवक को पुलिस ने मेडिकल हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार को प्रवेश उम्र 16 वर्ष पुत्र सुरेश निवासी गांव सवाल दास का पुरा थाना पिनाहट अपने जीजा हरेंद्र निषाद के यहां गांव झोरियन गया था। जहां जमीनी विवाद को लेकर हरेंद्र और पड़ोसी नरेश में गाली गलौज के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों तरफ से लोग लाठी डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। और एक दूसरे पर हमला कर दिया जमकर पथराव हुआ। झगड़े के दौरान नरेश पक्ष के लोगों ने युवक प्रवेश पर हमला बोल दिया जिसमें उसके लाठी लग जाने के कारण गंभीर घायल हो गया। किसी ग्रामीण द्वारा गांव में झगड़ा और फायरिंग की सूचना दी। जिस पर पुलिस ने गांव की तरफ दौड़ लगा दी और मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली फायरिंग की झूठी सूचना दी गई थी। तब जाकर पुलिस की जान में जान आई। घायल युवक प्रवेश को पुलिस ने इलाज मेडिकल हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट में भर्ती कराया। प्रवेश ने बताया कि दबंग लोगों द्वारा चार राउंड फायरिंग की गई जिसमें वह बाल-बाल बच गए ।स्वास्थ्य केंद्र में घायल युवक का इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी पिनाहट ब्रह्म सिंह ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है जिसमे एक किशोर घायल है। जिसे मेडिकल इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। फायरिंग की झूठी सूचना दी गई थी मामला फर्जी है।

### तेज हवा बारिश से बाजरे की फसल खेतों में गिरी भारी नुकसान के आशंका

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** क्षेत्र में बीते सप्ताह लगातार हुई बारिश के चलते लोगों का जीवन अस्तित्व हो गया था बारिश के चलते खेत खलियान दरवाजे गली मोहल्ले तालाब लबालब हो गए थे। अचानक मौसम साफ हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली वहीं मंगलवार देर शाम से अचानक शुरू हुई तेज हवा के साथ हुई बारिश बुधवार शाम तक लगातार झमाझम जारी थी 24 घंटे की बारिश से लोग अपने घरों में कैद हो गए तो वहीं खेत खलियान पूरी तरह से जलमग्न हो गए। लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस गया अपने घरों से लगातार महिलाएं पानी निकालती हुई नजर आई। ज्यादातर घरों में बारिश के चलते खाना तक लोगों को नसीब नहीं हुआ। वही खेतों में पानी भर जाने के कारण तेज हवा बारिश से बाजरे की फसल खेतों में बिछ गई है। बाजरे के खेतों में पानी भरा हुआ है फसल जमीन पर लेट गई है जिससे बाजरे की फसल सड़ने से अन्नदाता को भारी नुकसान होगा। खेतों पर अपनी फसल को देखने के लिए पहुंचे ग्रामीण सत्य प्रकाश, मुन्ना सिंह, नरेंद्र, शिवराम ने बताया कि बाजरे के खेतों में फसल में पानी भरा हुआ है। हवा के कारण फसल भी पूरी तरह से पलट गई है। कुदरत की मार किसान को झेलनी पड़ेगी। लगातार हुई बारिश ने अन्नदाता के सामने संकट उत्पन्न कर दिया है। जिसके कारण किसानों की फसल सडने से भारी नुकसान की आशंका जताई गई है।

### भगवान राधा रानी का अपमान करने पर बवाल

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** दिल्ली गेट स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भगवान की टाइल्स पर गुटखा कर थूकने पर कुछ हिंदूवादियों ने विरोध किया। हॉस्पिटल में टाइल हटाने पहुंच गए। हॉस्पिटल स्टाफ पर अभद्रता करने का आरोप लगाया गया है। हिंदूवादी संगठन के सदस्य गुरुवार को टाइल हटाने पहुंचेंगे। कैलाश मंदिर के आचार्य कृष्ण गोस्वामी ने बताया कि उनके पास सूचना आई कि दिल्ली गेट स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल के फर्स्ट फ्लोर पर राधा रानी और भगवान कृष्ण की टाइल्स लगी हुई हैं। जिन पर आते-जाते लोग गुटका खा कर पीक मार रहे थे। जब कुछ हिंदूवादी लोगों ने इन टाइल्स को हटाने के लिए नर्सिंग होम के स्टाफ को बोला तो स्टाफ के लोग भड़क गए। हाथापाई करने लगे। टाइल हटाने का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोमवार का बताया जा रहा है। वीडियो में जो शख्स टाइल्स को हटा रहा है, उसका नाम पंकज है। हॉस्पिटल स्टाफ ने पंकज से कहा कि टाइल अपनी खरीद कर लाओ। इस पर पंकज ने कहा कि मैं राधा रानी को यहां से लेकर जाऊंगा। राधा रानी पर कोई थूक नहीं सकता है। इस पर दोनों पक्षों में काफी देर तक बहस होती रही ।हॉस्पिटल स्टाफ का कहना था कि लोग दीवारों पर थूकते हैं, इसलिए भगवान की टाइल्स लगाई हैं। हिंदूवादी संगठन के सदस्यों का कहना था कि पीक मारने वालों को रोकने की जिम्मेदारी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की है। भगवान की फोटो के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आचार्य कृष्ण गोस्वामी का कहना है कि गुरुवार को सुबह 10 बजे हॉस्पिटल में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। भगवान की टाइल्स के साथ हो रहे अभद्र व्यवहार के लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट दोषी है। इसकी शिकायत पुलिस में भी की जाएगी।

### विधवा महिला के घर में घुसकर दबंगों ने की तोड़फोड़, वीडियो वायरल पुलिस पर मिली भगत का आरोप

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कस्बा पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत रामलीला मार्ग स्थित मोहल्ला में विधवा महिला के घर में घुसकर दबंगों ने आकर घर में घुसकर जबरदस्ती तोड़फोड़ शुरू कर दी जिस पर पीड़ित महिला ने तोड़फोड़ करने का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया जिससे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया। और आगे की विधिक कार्रवाई की है। कीर्ति पत्नी स्वर्गीय संजय चौहान निवासी मोहल्ला रामलीला रोड कस्बा पिनाहट का आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद वह अपने पति की मृत्यु के बाद वह अपने छोटे बच्चों के साथ रहती है और जैसे तैसे अपना भरण पोषण कर रही है। उसके घर का परिवार के ही लोगों से विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में बिचाराधीन है। बुधवार को उसके ही परिवार के कुछ दबंग लोग उसके घर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए घर में घुस आए हथोड़ा अन्य सामान लेकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर धमकी दी गई जिस पर विधवा महिला ने तोड़फोड़ करने का वीडियो मोबाइल फोन से बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और पुलिस को भी मामले की जानकारी दी गई। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तोड़फोड़ करने वाले कुछ लोगों को हिरासत में लेकर थाने गई मगर उन पर कोई पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई जिस पर पीड़ित विधवा महिला ने पुलिस पर दबंगों मिली भगत का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से संज्ञान लेने की गुहार लगाई है।
इसी संदर्भ में थाना प्रभारी पिनाहट ब्रह्मपाल सिंह का कहना है कि घर को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा है। तीन हिस्सों में से दो ने अपने हिस्से बिक्री कर दिए हैं। और आगरा में किराए पर रह रहे हैं। वहीं तीसरे हिस्से में महिला रह रही है। मकान पर कब्जा किए हुए हैं। मामले में जांच की जा रही है।

## पुराजवाहर में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया जा रहा है ताकि लोगों को इसका फायदा और लाभ मिल सके। इसी क्रम में क्षेत्र के गांव पुरा जवाहर में आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों को राशन वितरण किया गया। इसी दौरान गर्भवती महिला का गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी द्वारा किया गया जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा गर्भवती महिला की गोद भराई कराई गई जिसमें निम्न प्रकार के राशन सब्जियां फल फ्रूट आदि सामग्री गोद भराई में दी गई।


**उत्तर रेलवे**

**ई– ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Parking-LKO-JNH-TW-11-24-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.09.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.09.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Parking-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.09.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.09.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Parking-LKO-MEM-MX-142-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.09.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.09.2024 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Parking-LKO-MCDA-MX-143-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.09.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.09.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | Parking-LKO-LBA-MX-145-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.09.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.09.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.09.2024 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: C/113-E Auction Policy/2024/SKS Dt. 17.09.2024 2905/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पित्र प्रतिपदा को राजा दशरथ व रानी कौशल्या ने मां की रसोई में कराया भोज

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** पित्रपक्ष की प्रतिपदा के दिन राजा दशरथ व रानी कौशल्या के स्वरूप (संतोश शर्मा व ललिता शर्मा) ने बेलनगंज स्थित मां की रसोई में जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया। भारत विकास परिषद, आगरा संस्कार मुख्य शाखा द्वारा आज बेलनगंज स्थित मां की रसोई में संतोष शर्मा व उनकी ध4मपत्नी ललिता शर्मा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां संतोष शर्मा ने पितृ पक्ष का महत्व समझाते हुए हुए कहा कि अपने पित्रों व पूर्वजों का आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए यह समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। साथ ही सेवा के रूप में जरूरतमंद लोगों की मदद भी होती है। इसलिए हर व्यक्ति को श्रद्धा भाव के साथ पितृपक्ष में जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। मां की रसोई में आज से पूरे 16 दिन पितृपक्ष तक भोजन की व्यवस्था में सहयोग शाखा द्वारा किया जाएगा।

## ग्राहकों को मिलेगा अमेज़न प्राइम का लाभ

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** एयरटेल डिजिटल टीवी ने अपने नए अल्टीमेट और अमेज़न प्राइम लाइट प्लान के तहत लाइव टीवी और प्राइम लाइट की सुविधा प्रदान करने के लिए अमेज़न प्राइम के साथ साझेदारी की है। इस प्लान के ग्राहक लीनियर टीवी चैनलों का आनंद लेने के अलावा, एचडी क्वालिटी में दो डिवाइसों पर प्राइम वीडियो प्लेटफार्म पर बेजोड़ मनोरंजन का आनंद ले सकते हैं। प्राइम लाइट सब्सक्रिप्शन में अन्य प्राइम लाभ भी शामिल हैं जैसे अमेज़न पर 10 लाख से अधिक उत्पादों पर मुफ़्त अनलिमिटेड उसी दिन डिलीवरी सुविधा और 40 लाख से अधिक उत्पादों पर अगले दिन डिलीवरी सुविधा, सेल इवेंट और लाइटनिंग डील्स तक जल्दी पहुंच और अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ अमेज़न डॉट इन पर खरीदारी पर पांच फीसदी (5 प्रतिशत)कैशबैक की सुविधाएं शामिल हैं।

# श्री अग्रसेन जयंती सेवा महोत्सव: 22 सितंबर को विशाल निशुल्क मल्टी स्पेशलिस्ट मेडिकल कैम्प का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

महाराजा अग्रसेन सेवा समिति, लोहमंडी और श्री अग्रवाल संघ ट्रस्ट इस वर्ष श्री अग्रसेन जयंती को एक अनूठे सेवा महोत्सव के रूप में मनाने जा रहे हैं। समिति के महासचिव डॉ. वीडी अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष का उत्सव समाज सेवा को समर्पित होगा, जहाँ मंच और माला से दूर रहकर सच्चे उत्सव की परिभाषा लोगों की सेवा के रूप में की जा रही है। यह आयोजन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। 22 सितंबर, रविवार, को शहर में एक विशाल निशुल्क मल्टी स्पेशलिस्ट मेडिकल कैम्प आयोजित किया जाएगा। कोषाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल के अनुसार, इस कैम्प में 25 विशेषज्ञ डॉक्टरों का पैनल अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा, जिसमें 101 निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन होंगे। मरीजों को ऑपरेशन के लिए मौके पर ही चिन्हित किया जाएगा, जिससे उन्हें समय पर सटीक और प्रभावी चिकित्सा सेवाएँ मिल सकें। ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकुल गर्ग ने बताया कि इसके अलावा, कैम्प में कान से सुनने की मशीनें, निशुल्क चश्मों का वितरण, और ब्लड शुगर, क्रिएटिनिन, थायराइड, कैल्शियम और कोलेस्ट्रॉल जैसी महत्वपूर्ण जाँचें भी निशुल्क की जाएँगी। इसके अतिरिक्त, एक्स रे, सीटी स्कैन जैसी उन्नत जाँचें रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि समाज के हर वर्ग तक सुलभ और किफायती चिकित्सा सेवाएँ पहुँच सकें। इस कैम्प में शहर के सम्मानित डॉक्टर, जैसे डॉ. वी. के. अग्रवाल, डॉ. विजय कत्याल, डॉ. अजय महाजन, डॉ. तिरुपति नाथ शर्मा, डॉ. निखिल पुरूसनानी, डॉ. मयंक महाजन, डॉ. रचना अग्रवाल, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. आकृति गर्ग, डॉ. नीरज, डॉ. पवन, डॉ. कार्तिकेय शर्मा, डॉ. सपना गोयल, डॉ. अंकुर गोयल, डॉ. कुशल सिंह, डॉ. सचिन, डॉ. नीतू चौधरी, डॉ. मृदुल शर्मा, डॉ. रिधिमा, डॉ. आशीष, और डॉ. वी. के. सोनकर अपनी सेवाएँ निशुल्क प्रदान करेंगे। इन डॉक्टरों का समर्पण और सेवा भावना समाज के उन वर्गों तक पहुंचेगी, जिन्हें चिकित्सा की सबसे अधिक आवश्यकता है। सेवा उत्सव के इस महायज्ञ में शहर का हर वर्ग सहयोग कर रहा है। अग्रवाल समाज के अलावा, अन्य समुदायों के लोग भी इस पवित्र कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। शहर में मानो सेवा का महोत्सव छा गया है, जहाँ हर व्यक्ति समाज सेवा में अपना योगदान देने के लिए आगे आ रहा है।

# जल्द ही शुरू होने वाली महिला हैंडबॉल लीग में शामिल हुई कोलकाता थंडर स्ट्राइकर्स

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

अलीगढ़ स्थित पावना स्पोर्ट्स वेंचर गर्व से कोलकाता थंडर स्ट्राइकर्स (केटीएस) का उद्घाटन महिला हैंडबॉल लीग (डब्ल्यूएचएल) के लिए एक फ्रैंचाइज़ी टीम के रूप में स्वागत करता है। इस लीग का आग़ाज़ अगले साल की शुरुआत में होगा।
पश्चिम बंगाल की भावना और सांस्कृतिक जीवंतता का प्रतिनिधित्व करते हुए कोलकाता थंडर स्ट्राइकर्स (जिसका स्वामित्व एक पहली पीढ़ी की उद्यमी - कस्तूरी मित्रा के पास है), का लक्ष्य पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत में खेलों को अगले स्तर पर ले जाना है।
महिला एथलीटों को सशक्त बनाने के लिए जुनूनी, कोलकाता थंडर स्ट्राइकर्स का उद्देश्य न केवल हैंडबॉल के खेल के माध्यम से महिलाओं के लिए पारंपरिक भूमिकाओं को फिर से परिभाषित करना है बल्कि यह एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम भी विकसित करने के लिए समर्पित है जो राज्य में शहर-आधारित खेल टीमों को पुनर्जीवित करने का प्रयास करेगी।
पावना इंडस्ट्रीज की कार्यकारी निदेशक और पावना स्पोर्ट्स वेंचर की निदेशक प्रिया जैन ने गर्व से लीग में कोलकाता की टीम का स्वागत किया।
जैन ने कहा, हमें महिला हैंडबॉल लीग में कोलकाता थंडर स्ट्राइकर्स का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। भारत के सबसे उत्साही खेल क्षेत्रों में से एक का प्रतिनिधित्व करते हुए, केटीएस प्रतिभा के गहरे भंडार का दोहन करने और पश्चिम बंगाल के जीवंत और जोशीले खेल सांस्कृतिक परिदृश्य के साथ एक मजबूत संबंध बनाने के लिए तैयार है।
जैन ने आगे कहा, इस टीम की उपस्थिति न केवल लीग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगी बल्कि मैचों में उत्साह और तीव्रता का एक नया स्तर भी लाएगी। हम उत्सुकता से उन्हें भविष्य के एथलीटों को प्रेरित करते हुए और पूरे भारत में महिला हैंडबॉल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देखने का इंतजार कर रहे हैं।
कोलकाता थंडर स्ट्राइकर्स (केटीएस) भारत की पहली महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में छह टीमों में से एक है। टीम प्रशिक्षण शिविरों की मेजबानी करेगी, स्कूल टूर्नामेंट आयोजित करेगी और आउटरीच प्रोग्राम्स, सोशल मीडिया और फैन बेस्ड प्रोग्राम्स के माध्यम से समुदाय को जोड़ेगी।
लीग में अपने प्रवेश के बारे में केटीएस की मालिक कस्तूरी मित्रा ने कहा, हम महिलाओं के खेल को बढ़ावा देने और भारत में हैंडबॉल को आगे बढ़ाने में योगदान देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं। हमारा ध्यान एक प्रतिस्पर्धी टीम बनाने से कहीं आगे है। हमारा उद्देश्य युवा एथलीटों के लिए अवसर पैदा करना और खेल को हर स्तर पर आगे बढ़ाने में मदद करना है। हमारा उद्देश्य पश्चिम बंगाल में बहु-खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करना है, जो एक समय में हैंडबॉल की मजबूत उपस्थिति का दावा करता था।
मिश्रा ने आगे कहा, कोर्ट के बाहर, हम समुदाय के साथ जुड़ने और एक भावुक फैन बेस पबनाने के लिए उत्साहित हैं, जो हैंडबॉल के लिए हमारे प्यार को साझा करता है और पूरे भारत में खेल के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करता है।
दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ, एशियाई हैंडबॉल महासंघ के तत्वावधान में आयोजित और भारतीय हैंडबॉल संघ द्वारा समर्थित-महिला हैंडबॉल लीग भारत में खेल को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया एक मंच है। लीग के आयोजक जल्द ही शेष पांच टीमों की भी घोषणा करेंगे। युवा लड़कियों को प्रेरित करने, एक मजबूत जमीनी नेटवर्क बनाने और खेलों में महिलाओं के लिए अधिक अवसर पैदा करने की दृष्टि से महिला हैंडबॉल लीग समावेशिता को बढ़ावा देने और देश भर में महिलाओं के खेल की प्रोफ़ाइल बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कटान कर राहुलनगर की आबादी के निकट पंहुची शारदा, ग्रामीणों में खलबली





* दर्जनों किसानों की खेतिहर भूमि फसल सहित नदी मे कटी
* बाढ़ खंड के अधिकारियों पर बचाव कार्य में लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

शारदा नदी का जलस्तर कम होने के बाद काटन की रफ्तार तेज हो गई है। नदी लगातार किसानों की खेतिहर भूमि का कटान कर राहुल नगर की ओर बढ़ रही है। कटान तेज होने से तटवर्ती ग्रामीणों में भारी दहशत व्याप्त है। आशंका जताई जा रही है कि गुरुवार सुबह तक नदी राहुल नगर आबादी का कटान शुरू कर देगी। ग्रामीणों ने बचाव कार्य की मांग की है। शारदा नदी के तटवर्ती ग्रामीण अभी बाढ़ के दंश से उभरे भी नहीं थे इधर जलस्तर कम होने के बाद नदी ने व्यापक स्तर पर कटान शुरू कर दिया है। मंगलवार रात से नदी का बहाव राहुल नगर की ओर चल रहा है। नदी तेजी से कटान कर राहुल नगर, मजदूर बस्ती की आबादी की ओर बढ़ रही है। नदी दर्जनों किसानों की कई एकड़ भूमि काटन कर पानी में समा चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बाढ़ खंड की ओर से कोई भी बचाव कार्य नहीं किए जा रहे हैं। बाढ़ का पानी आबादी से उतरने के बाद गांव, और कच्चे रास्तों पर सिल्ट जमी हुई है।कई एकड़ हल्दी और सब्जि़यां सिल्ट की वजह से बर्बाद हो गई है। निकले क्षेत्रफल में खड़ी धान की फसल डूबी हुई है। किसानों का कहना है कि शीघ्र पानी नहीं निकलता है तो फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी।

जल भराव की वजह से गन्ने की फसल भी सूखने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि शारदा नदी का कटान नहीं रुका तो राहुल नगर और मजदूर बस्ती का अस्तित्व मिट जाएगा। ग्रामीणों ने शीघ्र बाढ़ बचाव कार्य कराने की मांग की है। बुधवार चंदिया हजार ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने मोकर वोट से कटान प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया।

> “ शारदा नदी का जलस्तर सामान्य है। भूमि कटान की जानकारी नहीं है। पानी की लहरों से कुछ रेत गिर रही है।
>
> **ध्रुव नारायण, एसडीओ बाढ़ खंड।**

# हरदोई ब्रांच नहर की पश्चिमी पटरी से शुरू हुआ पानी का रिसाव, खलबली

* जेसीबी लेकर पंहुचे सिंचाई विभाग के अवर अभियंता ने कराई मरम्मत
* मरम्मत के बाद ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

देर रात हरदोई ब्रांच नहर की पश्चिमी पटरी पर मिट्टी धंसने से सड़क में होल होने के बाद पानी का रिसाव शुरू हो गया। जानकारी से ग्रामीणों में खलबली मच गई। सूचना के बाद घुंघचाई थाना प्रभारी विषेश कुमार मौके पर पंहुच गए। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता ने जेसीबी से खुदाई कर मरम्मत कराई। जिसके बाद पानी का रिसाव बंद हुआ। बाईफरकेशन से निकली हरदोई ब्रांच नहर से तराई सहित कई जनपदों के किसान फसलों की सिंचाई करते हैं।बीते दिनों लगातार हुई बारिश से हरदोई ब्रांच नहर का जलस्तर बढ़ गया था। मंगलवार डूंडा कलोनी नम्बर आठ के सामने हरदोई ब्रांच नहर की पश्चिमी पटरी पर मिट्टी का कटान होने से सड़क में होल हो गया। रात अचानक पानी का रिसाव शुरू होने से खलबली मच गई। जानकारी पर दर्जनों किसान एकत्र हो गए।मौके पर पंहुचे घुंघचाई थाना प्रभारी विषेश कुमार ने मामले की जानकारी सिंचाई विभाग को दी। टीम के साथ मौके पर पंहुचे सिंचाई विभाग के अवर अभियंता राम शब्द यादव ने जेसीबी से पटरी की खुदाई कराई।मरम्मत के बाद बमुश्किल पानी का रिसाव बंद हुआ। जिसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली। मौके पर सिंचाई विभाग के अवर अभियंता राम शब्द यादव, सींचपाल पंचमदास, संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

### मरम्मत के नाम पर ठिकाने लगा दिए करोड़ों रुपए

शासन की ओर से नहरों के रखरखाव के लिए करोड़ों रुपए का बजट दिया जाता है। हाल ही में सिंचाई विभाग की और से करोड़ों रुपए की लागत से हरदोई शाखा नहर के अंतरिक स्लोप में बोल्डर पिचिंग, नहर पटरी मरम्मत, साफ सफाई, खड़ंजा निर्माण आदि कार्य कराए गए। निर्माण कार्यों की आड़ में जमकर भ्रष्टाचार किया गया। मानकविहीन कार्य कर अधिकारियों ने सांठगांठ कर शासन की ओर से दिए गए करोड़ों रुपए के बजट को ठिकाने लगा दिया।

> “ नहर पटरी से पानी के रिसाव की सूचना पर टीम के साथ मौके पर पंहुचा था। हरदोई ब्रांच नहर की पश्चिमी पक्की पटरी पर मिट्टी धंस गई थी। जेसीबी की मदद से मरम्मत करा दी गई।
>
> **राम शब्द यादव, जेई बाईफरकेशन हैंड वर्क्स खंड शारदा।**



## मीरपुर वाहनपुर की बाजार में मछली को लेकर हुआ विवाद, चले लाठी डंडे



जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरपुर वाहनपुर की बाजार में दो पक्षों में हुआ विवाद, चले लाठी डंडे।

मीरपुर वाहनपुर निवासी वीरवती ने आरोप लगाते हुए बताया कि उनका बेटा सोमेन्द्र उम्र 10 वर्ष सुबह 7 बजे घर से शौच करने के लिए गया था। वहीं पर गांव के राधे कश्यप मछली पकड़ रहा था। राधे ने सोमेंद्र के हाथ पर मछली रख दी। मछली का विरोध करने पर सोमेंद्र ने मछली का विरोध किया तो गांव के राधे कश्यप, अशोक कुमार, जितेंद्र कुमार व रामस्वरूप आदि ने मिलकर सोमेंद्र को बुरी तरीके से मारा पीटा और जब इस बात का वीडियो वीरवती द्वारा बनाया गया तो उक्त दबंगो ने घर में घुसकर वीरवती के साथ भी मारपीट की। जिससे तमाम लोग एकत्र हो गये। समाचार लिखे जाने तक कोई कार्रवाई नहीं हो की गई। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि तहरीर मिल गई है जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय में हुआ शोक सभा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**सुइथाकला।** शिक्षा क्षेत्र के शान्ति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारी जहांगीर पट्टी में बुधवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। उक्त विद्यालय में कार्यरत रहे सेवानिवृत्त शिक्षक व अखण्ड नगर थाना क्षेत्र के पारा निवासी अमरनाथ त्रिपाठी का हृदयाघात से निधन हो गया।जिसकी जानकारी होते ही बुधवार को क्षेत्र के उक्त विद्यालय में एक शोक सभा का आयोजन हुआ। शोक सभा में अपने सम्बोधन के दौरान जहां प्रधानाध्यापक महेश दूबे ने श्री त्रिपाठी के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया, वहीं शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान हरिप्रकाश शुक्ल, दिनेश चन्द्र चतुर्वेदी, राम सजीवन मौर्य समेत अन्य लोग और छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# और जब झूम उठे सभी भक्त..... तेरे हाथों का मैं झुनझुना..





* श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार के महंत सेवक विशाल के नेतृत्व में भैरव मंदिर में लगाया दरबार

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

**पीलीभीत।** जनपद भर में ही नहीं दूर-दूर तक विख्यात श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार जनपद के सी टू सी सुपरमार्केट के समीप सुप्रसिद्ध प्राचीन भैरव मंदिर पीलीभीत में श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार के महंत सेवक विशाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बताते चले की वंशबाल परिवार द्वारा कमेटी रखकर समस्त परिजनों ने श्री बालाजी महाराज का दरबार प्राचीन भैरव मंदिर में लगवाया इस दरबार में सैकड़ो भक्तों ने बाबा के नाम की जय जयकार कर अपनी अपनी हजारी लगाई। जब महंत सभासद सेवक विशाल द्वारा बाबा का एक भजन तेरे हाथों की कठपुतली में तेरे हाथों का झुनझुना सुनाया गया तो सभी भक्तगण घंटो इस भजन पर झूमते हुए दिखाई दिए। श्री बालाजी महाराज और नीम करोली बाबा का यह दरबार रात्रि ८:०० बजे शुभारंभ हुआ जिसमें सैकड़ो भक्तों का इस भव्य दरबार में तांता लगा रहा। सभासद महंत सेवक विशाल के भजनों पर सभी ने तालियां बजाकर बाबा की जय जयकार की एवं श्री बालाजी महाराज और नीम करोली बाबा के भजन गाकर इस दरबार का शुभारंभ महंत सभासद सेवक विशाल द्वारा किया गया। तथा अंत में श्री बालाजी महाराज की आरती कर सभी को प्रसाद वितरण किया गया यह दरबार देर रात तक चलता रहा और श्रद्धालुओं की भीड़ भी देखने लायक थी। इस अवसर पर महंत सेवक विशाल के साथ रवि रत्नाकर, सौरभ सिंह, हर्ष तिवारी, हिमांशु, अंशु, वीरू सहित दर्जनों दरबारी उपस्थित रहें।

# खाना बनाने के दौरान गैस का पाइप लीक होने से फटा सिलेंडर, खलबली

* छप्पर पोस रसोई में आग लगने से हजारों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख
* घटना की जानकारी पर पंहुची पुलिस, खोजबीन के दौरान खेत मिला सिलेंडर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर




**हजारा।** खाना बनाने के दौरान सिलेंडर का पाइप लीक होने से आग लग गई। तेज धमाके के साथ सिलेंडर फटने से अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया गया।

हजारा थाना क्षेत्र के गांव नहरोसा निवासी राम-लखन की पुत्री सुनीता बुधवार देर शाम खाना बना रही थी। अचानक गैस सिलेंडर का पाइप लीक होने से आग लग गई। तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। आग की लपटों से छप्पर पोस रसोई धू धू कर जलने लगी। घर के अंदर मौजूद परिवार ने बमुश्किल भाग कर जान बचाई। तेज धमाके की आवाज सुनकर आज पड़ोस के दर्जनों ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों की मदद से पानी डालकर व मुश्किल आग पर काबू पाया गया। आज की चपेट में आने से छप्पर पोस रसोई उसके अंदर रखा हजारों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार मैं पुलिस टीम को मौके पर भेजा। आग शांत होने पर ग्रामीणों ने सलेंडर की खोज किया तो काफी दूर मिला है।सिलेंडर फटने से पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया है।सिलेंडर फटने का धमाका इतनी तेज था की नहरोसा गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर गांव राणा प्रताप नगर तक धमाका से ग्रामीण सहम गए थे।

# रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जा कर ट्रस्ट बनाने का आरोप

* तहसीलदार से शिकायत कर ट्रस्ट की जांच कर कार्रवाई की मांग
* ट्रस्ट के लोगों पर ग्रामीणों की झूठी शिकायत कर उत्पीड़न करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



ग्रामीणों ने गांव के ही आधा दर्जन लोगों पर रास्ते की जमीन पर कब्जा करने के बाद ट्रस्ट बनाने का आरोप लगाया है। आरोप है ट्रस्ट के सदस्य ग्रामीणों पर झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाकर लगातार शिकायत कर उत्पीड़न कर रहे हैं। ट्रस्ट की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलडहा निवासी ग्रामीणों ने तहसीलदार को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के ही आधा दर्शन दबंगों ने रास्ते की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। कब्जे की जमीन पर कई लोगों को शामिल कर एक ट्रस्ट बनाया गया है। ट्रस्ट की भूमि के चारों तरफ खेत और रास्ता है। ट्रस्ट के लोग आए दिन ग्रामीणों पर झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाकर फर्जी हस्ताक्षर से शिकायत कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों के मान-सम्मान को क्षति पहुंच रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रस्ट के लोग दबंग प्रवृत्ति के है। शिकायतों के विरोध पर उत्पीड़न का डराया धमकाया जाता है। ग्रामीणों ने ट्रस्ट की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में अनिल कुमार, अरविंद राठौर, राजेंद्र कुमार, सुरेश शर्मा, प्रदीप, राजाराम, बालक राम, सियाराम, छत्रपाल, नारायन सिंह, सत्य प्रकाश, श्यामू राठौर, अजय सिंह, सुभाष यादव शामिल रहे।

# जौनपुर से बहुत अच्छी यादें लेकर जा रहे हैं: निवर्तमान डीएम





जन एक्सप्रेस । जौनपुर

निवर्तमान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ का विदाई सम्मान समारोह और वर्तमान जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र का स्वागत समारोह मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, इशिता किशोर, अपर जिलाधिकारी द्वय सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों और कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगणों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ।

जिलाधिकारी ने अपने विदाई समारोह कार्यक्रम पर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों/ मीडिया प्रतिनिधियों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि हम लोगो ने आपस में मिल जुलकर टीम भावना के साथ काम किया। जनपद जौनपुर से हम बहुत ही अच्छी यादें लेकर जा रहे हैं। जिले में लोकसभा निर्वाचन और मिशन समर्थ के तहत दिव्यांग बच्चों के करेक्टिव सर्जरी एवं अन्य बड़े कार्यक्रम हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिसे जो जिम्मेदारी दी गयी उसे सभी लोगों ने कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। जनसुनवाई को प्राथमिकता दी गई, इसके साथ ही अन्य योजनाओं में नियमित रूप से समीक्षा करते हुए तीव्र गति से विकास कार्य हुए।

इस अवसर पर नवागत जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व जिलाधिकारी के द्वारा जनपद में बहुत ही अच्छे कार्य किए गए हैं और जो कार्य अवशेष रह गए हैं उनको पूरा करने का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने निवर्तमान जिलाधिकारी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, अपर जिलाधिकारी भू राजस्व गणेश प्रसाद सिंह, समस्त उप जिलाधिकारीगण, नायब तहसीलदारगण, कलेक्ट्रेट बार संघ अध्यक्ष मनोज मिश्रा, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष शिव मोहन श्रीवास्तव, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संचालन अशीष त्रिपाठी के द्वारा किया गया।

# किसानों की समस्यओ को त्वरित गति से निस्तारण करें: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा किसानो की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा किसानो की समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया है, इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि किसान दिवस पर प्राप्त हुई शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और ससमय निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया कि कहीं भी लटकते हुए तार न मिले यदि कहीं भी तार की वजह से कोई दुर्घटना होती है तो विद्युत विभाग के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह से खाद एवं उर्वरकों के उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली और कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता रहे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि गोशालाओ में नैपियर घास लगवाई जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय, जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, डिप्टी पीडी आत्मा डॉ0 रमेश चंद्र यादव, किसान यूनियन के प्रांतीय सचिव राजनाथ यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# तहसीलदार के नेतृत्व में हुई पैमाइश को एसडीएम ने ठहराया जायज

* एसडीएम केराकत सुनील भारतीय ने मौके पर पहुंच कर खुद करवाया पैमाइश, लगवाया निशान
* पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो पत्रकारों ने एडीजी को सौप था ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

> विपक्षी अनिल दुबे ने जिलाधिकारी से शिकायत किया था कि तहसीलदार केराकत के नेतृत्व में जो धरौरा में विवादित भूमि की पैमाइश की गई है वह प्रभाव में हुई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर मैं खुद राजस्व टीम के साथ बुधवार को मौके पर पहुंच कर जब पैमाइश किया तो तहसीलदार केराकत महेंद्र बहादुर के नेतृत्व में की गई पैमाइश सही पाई गई। मौके पर निशान लगवाने के साथ ही विजेंद्र दुबे को खिड़की खोलने के साथ ही दोनों पक्षों को सीमा पर दीवार बनाने के भी निर्देश दे दिए गए हैं।अनिल दुबे का मकान बंजर में निर्मित कराए जाने का जो प्रकरण है उसे पर भी कार्रवाई चल रही है।
>
> **सुनील भारतीय उप जिलाधिकारी केराकत जौनपुर**

जिले के धरौरा गांव में भाजपा के एक कथित नेता अनिल दुबे के धन बल के प्रभाव में आकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित विजेंद्र दुबे का जिस तरीके से शोषण किया की उसे सुनकर हर लोग दांतों तले उंगली दबाने को विवश है। वैसे यह मामला जब तूल पकड़ा तो एडीजी जोन पियूष मोर्डिया के निर्देश पर एसपी डॉ अजय पाल शर्मा ने एसडीम केराकत सुनील भारतीय को टीम बनाकर पैमाइश करवाने के लिए निर्देशित किया था। एसडीम केराकत सुनील भारतीय ने केराकत तहसीलदार महेंद्र बहादुर के नेतृत्व में राजस्व टीम का गठन कर तत्काल प्रभाव से पैमाइश करने का निर्देश दिया। बीते रविवार को तहसीलदार महेंद्र बहादुर ने राजस्व टीम के साथ धरौरा गांव में पहुंचकर पैमाइश की कार्यवाही किया तो यह पाया गया कि विपक्षी अनिल दुबे का जो मकान है वह बंजर की भूमि में निर्मित है। इसके साथ ही आरोपी अनिल दुबे द्वारा जो विजेंद्र दुबे के दीवाल में लगी हुई खिड़की को अपना बताकर जबरन रोका जा रहा था वह भी जमीन विजेंद्र दुबे की ही निकली। आरोपी अनिल दुबे अपनी पराजय को देखते हुए नवागत जिलाधिकारी से शिकायत किया कि तहसीलदार केराकत महेंद्रबहादुर तथा उनकी पूरी टीम विजेंद्र दुबे के प्रभाव में आकर गलत तरीके से पैमाइश की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीम केराकत सुनील भारतीय बुधवार की दोपहर खुद राजस्व टीम के साथ धरौरा गांव में पहुंच कर जब पैमाइश करवाया तो तहसीलदार महेंद्र बहादुर के नेतृत्व में की गई पैमाइश शत प्रतिशत सही निकली। इस दौरान एसडीएम केराकत ने मौके पर निशान लगवा कर मामले को रफा दफा करवा दिया। एसडीम केराकत सुनील भारती ने मौके पर ही विजेंद्र दुबे से कहा कि आप अपने दीवाल में खिड़की भी लगवा सकते हैं और सीमा पर लगे हुए निशान पर दीवाल का निर्माण भी करवा सकते हैं। इससे साफ हो गया कि अनिल दुबे द्वारा तहसीलदार केराकत के विरुद्ध जो जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी, वह झूठी निकली। बताते चलें कि इसके पूर्व विजेंद्र दुबे के साथ हो रही पुलिस व प्रशासनिक जुल्मों सितम के खिलाफ पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक के नेतृत्व में सैकड़ो पत्रकारों ने एडीजी जोन पियूष मोर्डिया से मुलाकात कर उन्हें इस आशय का पत्रक सोप था कि अनिल दुबे की फर्जी तहरीर पर गलत तरीके से केराकत पुलिस मुकदमा दर्ज कर बिजेंद्र को प्रताड़ित कर रही है। एडीजी जोन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जौनपुर के एसपी डॉ अजय पाल शर्मा को पत्र लिखकर कार्रवाई का निर्देश दिया था। एडीजी जोन के हस्तक्षेप पर विजेंद्र दुबे तथा उनके परिजनों पर पुलिसिया उत्पीड़न बंद हुआ।

# दो पिकअप और चार कुंतल एल्युमिनियम तार के साथ आरोपियों को भेजा जेल

* अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर किया चोरी का खुलासा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने प्रेस वार्ता में चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि अमरिया क्षेत्र के अंतर्गत निर्माणाधीन 33 के.बी विद्युत लाइन से तार चोरी जनपद एवं गैर जनपद के विभिन्न स्थानों क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार शातिर चोरों को अमरिया पुलिस द्वारा पकड़ा गया। जिनके पास से 2 चार पहिया वाहन, चार कुंतल विद्युत तार, नकदी, मोबाइल सहित सारा सामान इन चोरों के पास से बरामद पुलिस ने बरामद किया। सूचना के आधार पर थाना अमरिया पुलिस द्वारा संज्ञान लेते हुए तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना का शीघ्र सफल अनावरण करने हेतु टीमों का गठन कर थाना अध्यक्ष अमरिया को निर्देश दिए गए थे जिसके चलते पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई जिसमें पुलिस ने चार पहिया वाहन (पिकअप लोडर), करीब चार कुंतल एल्युमिनियम बरामद हुआ। आरोपी कमल पुत्र छोटेलाल, मोहम्मद जुनेद पुत्र मसीद, आसिब अली उर्फ सलमान पुत्र वाजिद अली, मोहम्मद इजराइल पुत्र शाहिद इन चारों आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में से ब्रजवीर सिंह थाना अध्यक्ष, राजेश कुमार, जयदेव सिंह, अंकुर कुमार, जोनी यादव, अजय कुमार शामिल है।

# उचित मात्रा में उर्बरक और उन्नत तकनीक से हो सकती है बेहतर फसल और कृषको की आय दुगनी

**जिले के 27वें स्थापना दिवस पर आयोजित आलू गोष्ठी में वक्ताओं ने दी कृषको को सलाह**

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया तथा मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने सयुंक्त रुप से कलेक्ट्रेट परिसर में दो दिवसीय किसान आलू गोष्ठी/प्रदर्शनी का शुभारम्भ फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज ही के दिन जिले की स्थापना हुई थी। स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय किसान आलू गोष्ठी का आयोजन किया गया। जनपद कन्नौज इत्र, अगरबत्ती, आलू आदि उत्पादों के लिए विख्यात है। यह जनपद बहुत आगे तक जाये, इसके लिये हम लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। जो लेस्टेट टेक्नॉलाजी है, वैज्ञानिको द्वारा दी जाने वाली जानकारी को गहनता से सुने और अपने उत्पाद में बढोत्तरी करें। कहा कि उत्पाद बढ़ाना चाहते है तो हमे वैज्ञानिक ढंग से खेती करनी होगी। अब वैज्ञानिक ढंग से खेती करने का समय है। कहा कि खेती में बहुत ज्यादा फर्टिलाइजर डालना उपयोगी नही है। बहुत अधिक फर्टिलाइजर का उपयोग करने से मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आती है। सही मात्रा के विषय में वैज्ञानिकों से जानकारी प्राप्त करें।

श्री शुक्ल ने कहा कि आलू के अच्छे उत्पाद हेतु वैज्ञानिकों एवं किसानों के मध्य वार्ता होना आवश्यक है, जिसको ध्यान में रखते हुये गोष्ठी का आयोजन कराया गया है। जिससे किसान आलू की बुआई के लिये खेत की तैयारी, बीज का चुनाव, शोधन और बुआई की विधि, आलू की सिचाई, फसल को रोगों से बचाव, हार्वेस्टिंग की विधि एवं स्टोरेज के संबंध मे जानकारी हेतु वैज्ञानिको और किसानों का सीधे सम्पर्क कराया गया है। उन्होने कहा कि कोई भी युवा/किसान तकनीकी खेती करना चाहता है, तो संबंधित विभाग को अवगत कराये, हम उसकी मदद करेंगे। ऐसे युवाओं को तकनीकी खेती करने हेतु ट्रेंनिग करायी जायेगी। कहा कि सरकारी प्रयास इस लिये किये जा रहे हैं ताकि किसानो की आय दोगुनी हो सके। कम लागत से अत्यधिक आलू उत्पाद हो, ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान भाई आलू की खेती के साथ सूरजमुखी की खेती पर भी विचार करें। पूर्व में सूरजमुखी की खेती बड़ी मात्रा में की जाती थी। मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी एवम जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया ने कृषकों से अपील करते हुये कहा कि उच्च गुणवत्ता की आलू एवं मक्का का उत्पादन करने के लिये वैज्ञानिकों द्वारा बतायी गई तकनीक अपनाकर अधिक से अधिक लाभ उठाये। गोष्ठी में कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी के कृषि वैज्ञानिक डा0 अमर सिंह ने शकरकन्द एवम अदरक की उन्नतशील खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वहीं कृषि वैज्ञानिक डा0 सुशील कुमार ने कहा कि मक्का की बुबाई का कार्य हर हाल में 25 फरवरी तक पूर्ण करे। विलम्ब की दशा में तापमान अधिक हो जाने के कारण भुट्टों में दाने की कमी हो जाती है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम संचालक डा0 अरविन्द कुमार ने मक्के की खेती में जलवायु के प्रवाह पर विस्तृत जानकारी दी।

> गोष्ठी में डीडी कृषि प्रमोद सिरोही, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सी0पी0 अवस्थी और जिले भर से आये कृषक उपस्थित रहे।

इसी कडी में केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम् मेरठ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अशोक कुमार ने आलू की व्यवसायक प्रजातियों की खेती के बारे में बताते हुये आलू की खेती में सूक्ष्म सिचाई प्रणाली, ड्रिप स्प्रिंकलर सिचाई के महत्व व लाभ पर विस्तार से चर्चा की। डा0 विश्वनाथ ने टिसूकल्चर विधि से आलू उत्पादन के बारे में बताया।

जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं पार्टी जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रुप से विभिन्न स्टॉलो का निरीक्षण किया। जिसमें आलू किस्म के बीज, ड्रोन के माध्यम से नैनो डीएपी एवं कीट नाशक दवाओ का छिड़काव, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान केडिट कार्ड, हरी खाद, ट्रैक्टर, स्प्रिंकल सिंचाई यंत्र आदि स्टॉलों से विस्तृत जानकारी ली गयी।

# उर्बरक विक्रेताओं के साथ डीएम की बैठक, स्टाक की सूचना देना जरूरी




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में उर्वरक थोक विक्रेताओं के साथ उर्वरक वितरण के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान कहा कि समस्त कंपनी प्रतिनिधि रैक लगने के पूर्व सूचना देने के साथ किस-किस थोक विक्रेता को कितनी मात्रा मे उर्वरक दी जा रही है, उसकी भी सूचना कृषि विभाग को दें। इसी प्रकार थोक विक्रेता उर्वरक प्राप्त होने के पश्चात जिन-जिन खुदरा विक्रेताओं को दी जा रही है उसकी मात्रा सहित सूची उपलब्ध करायें। श्री शुक्ल ने कहा है कि उर्वरक की रैक लगने एवं प्रेषण के पश्चात कंपनी प्रतिनिधि एवं थोक उर्वरक विक्रेता तत्काल ई- पॉस मशीन से संबंधित विक्रेता की आई0एफ0एम0एस0 आईडी पर एकनॉलेज करना होगा। उन्होंने कहा कि खुदरा विक्रेताओं का स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर अद्यतन कराते हुए पॉस मशीन से उर्वरको का वितरण सुनिश्चित करायें। समस्त थोक उर्वरक विक्रेताओं द्वारा साप्ताहिक उर्वरक प्राप्ति एवं वितरण की सूचना कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। कहा कि जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसी भी किसान बंधुओं को उर्वरक को लेकर परेशान होने की आवश्यकता नही है। कि समस्त उर्वरकों की बिक्री मूल्य यूरिया 266.50 रू0, एन0पी0के0 12:32:16 रू0 1470, अन्य 1350 निर्धारित मूल्य पर अनिवार्य रूप से वितरण सुनिश्चित करायी जाए।

उन्होंने कहा कि कम्पनियों अथवा थोक विक्रेताओं द्वारा मुख्य उर्वरकों के साथ किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग न किया जाए, जिस किसान को जिस चीज की जरूरत है वही दिया जाए किसी अन्य प्रोडक्ट को लेने के लिए बाध्य ना किया जाए। कृषकों को उनकी जोत के अनुसार की उर्वरक उपलब्ध कराया जाये, सभी खुदरा विक्रेताओं द्वारा स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर अद्यतन रखना होगा और भौतिक स्टॉक पॉस मशीन में प्रदर्शित स्टॉक के अनुरूप रखना होगा। थोक विक्रेताओं द्वारा उर्वरक स्टॉक को एक जनपद से दूसरे जनपद के किसी भी डीलर को किसी भी दशा में विक्रय न किया जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ धोखाधड़ी नहीं होनी चाहिए, न0-2 का धंधा ना करें और नकली खाद किसी भी दशा में विक्रय नहीं होनी चाहिए। जमाखोरी व कालाबाजारी, नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। कहा कि किसानों के साथ धोखाधडी करने वाले उर्वरक विक्रेताओं को बख्शा नही जायेगी। उर्वरक कम्पनी के द्वारा थोक विक्रेताओं को प्रमुख उर्वरक यूरिया एवं डी0ए0पी0 तथा एन0पी0के0 की आपूर्ति दिये जाने के साथ अन्य उर्वरक/ उत्पाद की टैगिंग करके उर्वरको की बिक्री न की जाए।यूरिया डी0ए0पी0 आदि अनुदानित उर्वरकों की बिक्री शत-प्रतिशत पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से कृषकों के मध्य सुनिश्चित करायी जाए। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह सहित विभिन्न उर्वरक कम्पनियों के प्रतिनिधि व उर्वरक विक्रेता उपलब्ध आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता पखवाड़े के दूसरे दिन राजकीय महाविद्यालय की छात्राओं ने की साफ सफाई

जन एक्सप्रेस । कन्नौज




भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान का स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम मे एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर नेहा मिश्रा ने सर्वप्रथम आज के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर कन्नौज की राष्ट्रीय सेवा योजना की सावित्रीबाई फुले छात्रा इकाई के तत्वाधान मे शासन के आदेशानुसार एवं प्राचार्य रीतू सिंह के संरक्षण मे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा अभियान का द्वितीय दिवस का प्रारम्भ किया गया जिसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मे स्वच्छता गतिविधियों में छात्राओं द्वारा स्वच्छता गतिविधियां की गई। छात्राओं ने झाड़ू लगाकर कूड़े को एकत्रित किया तत्पश्चात उस कूड़े को डस्टबिन में डंप किया। छात्राओं ने पेड़ों के नीचे, कक्षाओं मे, नालियों के किनारे, प्राचार्य कक्ष कार्यालय के बाहर, नलकूपों के आसपास, खेल के मैदान आदि स्थानों को साफ सुथरा किया। इसी के साथ छात्राओं ने बच्चों और आसपास उपस्थित सभी को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए जागरूक भी किया। इस जागरूकता के दौरान छात्राओं ने कूड़े को अलग-अलग डंप करने की लोगों को जानकारी दी प्लास्टिक एकत्रित किया, जंगली घास आदि को साफ किया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर नेहा मिश्रा और शैलेन्द्र कुमार छात्राओं के साथ सतत उपस्थित रहे। स्वच्छता का कार्य प्रातः 11:30 बजे से प्रारंभ हो कर अपराह्न 1:00बजे तक चला। महाविद्यालय की प्राचार्या एवं सभी शिक्षकों ने स्वयंसेवको की प्रशंसा एवं उत्साहवर्धन किया।

साफ सफाई के समय सभी छात्राओं ने कैप एवं ग्लव्स पहना और स्वच्छता के उपरांत सभी स्वयंसेवकों ने हैंड वॉश करने के बाद स्वयं को सेनीटाइज किया उसके बाद छात्राओं को अल्पाहार दिया गया।

# अपर निदेशक लखनऊ ने अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में स्थाई गौशालयों की हकीकत जानने लखनऊ से अपर निदेशक दो बीके सिंह ने बुधवार को नसीरपुर और पलिया बुजुर्ग गांव पहुंचकर हकीकत जानी वहां पर कर्मचारी से भी पूछताछ की भूसा भंडारण दाना गुड और बीमार पशुओं के भी हाल-चाल जाने और गौशाला में बरसात के दिनों में गंदगी मिलने से उनको हिदायत दी की सुबह शाम दोनों वक्त गोबर और सफाई की व्यवस्था की जाए क्योंकि इन दिनों बारिश में बीमारी बढ़ने का खतरा बहुत है नसिरापुर प्रधान रविंद्र कटियार ने बताया कि सारी व्यवस्थाएं हमारे यहां दुरुस्त मिली है। पलिया ग्राम सभा के प्रधान सुशील यादव ने बताया कि हमारे यहां साफ सफाई और सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिला अधिकारी ने कहा और अच्छा काम करो, खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी शिवपाल सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.ईश्वर देव नारायण चतुर्वेदी, बिल्हौर पशु चिकित्सा अधिकारी यस के द्विवेदी आदि चिकित्सक टीम और केयरटेकर मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि बरसात के दिनों में कई जगह पर जल भराव की समस्या के चलते दिक्कत है बाकी सभी गौशालाएं इस समय दुरुस्त हैं चारा पानी और दाने की समुचित व्यवस्था है।

# सीएमओ की नाक के नीचे चल रही 4 अवैध पैथालाजी को नोटिस




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के बाहर 4 पैथोलॉजी बिना मानकों के संचालित हो रही थीं। यह जानकारी तब सामने आई, जब डिप्टी सीएमओ ने अचानक छापा मारा। जांच के दौरान पाया गया कि लैब में न तो टेक्नीशियन मौजूद थे और न ही पैथोलॉजिस्ट। इसके अलावा, जैविक कचरे के निस्तारण की कोई व्यवस्था भी नहीं थी। इसके बाद विभाग ने 4 पैथोलॉजी संचालकों को नोटिस जारी किया है।

### सीएमओ दफ्तर के पास ही चल रही थीं अवैध पैथोलॉजी

मकरंदनगर-कन्नौज रोड पर स्थित विनोद दीक्षित अस्पताल परिसर में सीएमओ का ऑफिस है। इसी अस्पताल से सटी हुई मार्केट में 5 पैथोलॉजी चल रही हैं, जहां खून की जांच के साथ-साथ एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड भी होते हैं। इनमें से 4 पैथोलॉजी बिना मानकों के चल रही थीं, जबकि सीएमओ और अन्य अधिकारी इन पैथोलॉजी के सामने से रोज गुजरते रहे।

### स्थानीय लोगों की शिकायत पर हुई कार्रवाई

स्थानीय लोगों ने सीएमओ डॉ. बिनोद कुमार से पैथोलॉजी के कचरे को लेकर शिकायत की थी, जिसके बाद उन्होंने डिप्टी सीएमओ डॉ. ओपी गौतम को जांच के आदेश दिए। जब डिप्टी सीएमओ ने जांच की, तो पैथोलॉजी में न तो रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण कराया गया था और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे। इस पर 4 पैथोलॉजी संचालकों को नोटिस जारी किया गया है, और संतोषजनक जवाब न मिलने पर कार्रवाई की गई।

### अवैध पैथोलॉजी पर कार्यवाही का अभाव

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में अवैध पैथोलॉजी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड सेंटर और अस्पताल स्वास्थ्य अधिकारियों की मिलीभगत से चलते हैं। शिकायतें मिलने के बाद केवल नोटिस थमाया जाता है, लेकिन बाद में लेन-देन के जरिए उन्हें क्लीनचिट दे दी जाती है। यही कारण है कि अवैध चिकित्सा केंद्रों पर ठोस कार्यवाही नहीं होती।

### नेत्र परीक्षण अधिकारी पर भी नहीं हुई कार्रवाई

जिला अस्पताल के नेत्र परीक्षण अधिकारी असीम कटियार पर धन उगाही के आरोप लगे थे। जिसके कई वीडियो 4 अगस्त को सामने आए थे। इसके बाद भी डेढ़ महीने बीतने के बावजूद उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिससे जनता में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है।






# अमर कोल्ड स्टोर में अमोनिया गैस रिसाव पर चौकी इंचार्ज पहुंचे बताया वाल्व लीक हुआ था

**अग्निशमन दाल भी मौके पर पहुंचा**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के बिल्हौर मकनपुर रोड के किनारे गुलाब पुरवा गांव के समीप स्थित अमर कोल्ड स्टोरेज है उसमें दोपहर बाद अमोनिया गैस प्लांट से बाल लीक हो जाने से गैस निकलने लगी क्योंकि रिसाव इतना अधिक नहीं था लेकिन फिर भी गांव के लोग वहां इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना पर 112 नंबर पीआरबी व चौकी इंचार्ज मकनपुर सूचना के चंद मिनट बाद पहुंच गए हालांकि तब तक कोल्ड स्टोर के कर्मचारियों ने गैस रिसाव बंद कर बाल को बदलने लगे थे ।प्रबंधक सैफ ने बताया कि प्रेशर अधिक होने की वजह से वाल में लगी हुई सीट लीक हो गई थी जिसे धीरे-धीरे गैस रिसाव होने लगा था वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने वाल बनवा दिया है। अग्निशमन दल को भी बुला लिया गया था। किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई है अरौल थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि सूचना पर तत्काल चौकी इंचार्ज मकनपुर को भेज कर दिखाया था तो वहां पर हल्का रिसाव था वह भी वहां के कर्मचारियों ने ठीक कर लिया है किसी तरह की कोई अप्रिय सूचना नहीं है।

# चबूतरे की पटिया टूटी, हादसे में दस लोग घायल




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

इंदरगढ़ कस्बे में बुढ़वा मंगल के अवसर पर एक हादसा हो गया। भीड़ के कारण एक चबूतरे की पटिया टूट गई। जिससे उस पर लगा टीन शेड भर भराकर नीचे गिर गया।

इस हादसे में 10 लोग घायल हो गए। जिनमें से कुछ को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को तिर्वा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### हनुमान मंदिर में हो रहा था कार्यक्रम

घटना इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के नई बस्ती मोहल्ले की है। जहां सोनू लाल नामक व्यक्ति द्वारा हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। रात के समय जागरण हो रहा था। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए थे।

### बारिश के दौरान हुआ हादसा

रात 8 बजे अचानक बारिश शुरू हो गई। जिससे बचने के लिए लोग पास के चबूतरे पर बने टीन शेड के नीचे आ गए। भारी भीड़ के कारण चबूतरे की पटिया टूट गई। टीन शेड नीचे गिर गया, जिससे 10 लोग घायल हो गए। अन्य कई लोगों को भी मामूली चोटें आईं हैं। जिन्हें स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया।

### गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया

घायलों में अभि, अनुज, वंश और दयाराम को गंभीर हालत में तिर्वा के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारुल चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। मामले की जांच शुरू की। पुलिस को इस घटना की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी, लेकिन अब जांच जारी है।

# बैडीअलीपुर ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हुई खुली बैठक

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में हर गांव सभा में ब्लॉक स्तर के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा खुली बैठक का आयोजन कराया जा रहा है इस बैठक का मूल उद्देश्य है कि पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाए जाएं वहीं पर कई गांव सभा में चुनाव में हारे हुए प्रधान भी आपत्ति दर्ज कर रहे हैं प्रधान अपने लोगों को आवास दिलवा रहे है। खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि क्रास चेकिंग के लिए एक टीम अलग से भेज कर रिपोर्ट मंगवाई जा रही है जिससे कोई आरोप प्रत्यारोप ना लगा सके। बुधवार ग्राम पंचायत बैड़ीअलीपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मीटिंग आयोजित की गई जिसमें ज्यादा तर गरीब परिवार के लोगो को आवास योजना का लाभ मिलेगा। ग्राम पंचायत अधिकारी पूजा तिवारी ने बताया कि पात्र लोगों को ही आवास मुहैया कराए जाएंगे जिससे कहीं पर कोई आरोप प्रत्यारोप ना लगा सके। उन्होंने बताया कि सभी ग्राम वासियों को सफाई पर स्वयं ध्यान देना होगा ज्यादातर नालियां चोक पड़ी है जहां पर ग्रामीण अपने जानवरों को बांधकर उनके द्वारा किया गया गोबर, कूड़ा कर कट नालियों में बहा दिया जाता है जिससे नालियां चोक हो जाती हैं और पानी रोड पर बहने लगता है और जब वाहन निकलते हैं तो रोड टूट जाता है जिससे आरोप लगने लगता है की सफाई नहीं हो रही है वास्तव में हर नागरिक सफाई का बीड़ा उठा ले तो आसानी से सफाई कर्मचारी कम समय में सफाई कर सकता है।

# बिल्हौर कस्बे की बाबा बिजलेश्वर धाम पर धूमधाम से बुढ़वा मंगल पर्व पर हवन कीर्तन के साथ विशाल भंडारा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में बुढ़वा मंगल के उपलक्ष पर जगह-जगह मंदिरों में भंडारा पाठ और कीर्तन हुए बाबा बिजलेश्वर मंदिर पर बुढ़वा मंगल पर हवन सुंदर काण्ड और भंडारे का आयोजन किया गया।

सुबह साढ़े सात बजे पंडित अरुण कुमार बाजपेई द्वारा शुद्ध मंत्रोचार के द्वारा हवन पूजन कराया गया इसके बाद सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक संगीतमय सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया इसके बाद दोपहर 12 बजे से देर रात तक भंडारे का प्रसाद वितरण होता रहा भंडारे में लोग प्रसाद चगने के साथ ही अपने साथ लाई हुई पन्नी और झोले में पूरे परिवार के लिए पूड़िया और स्वादिष्ट सब्जी अपने साथ लेकर गए वहां पर व्यवस्थापकों का कहना था कि किसी भी को भी वापस ना भेजें भोजन उनको बैठाल कर कराए अगर वह घर ले जाने के लिए प्रसाद मांगते हैं तो उनको जरूर दें। इस अवसर पर समिति के सेवानिवृत शिक्षक बीआरडी कॉलेज विद्यासागर कटियार, नानामऊ पूर्व जिला पंचायत सदस्य अश्विनी कटियार, बिल्हौर देहात प्रधान वीरेंद्र कटियार, समाजसेवी अजय कान्त बाजपेई, आशुतोष तिवारी, मुरारी कटियार, डिम्पल श्रीवास्तव, प्रेमू विश्वकर्मा, नरेंद्र शर्मा, बबलू कटियार, वशिष्ठ चौरसिया, रामबाबू कटियार आदि लोग उपस्थित रहे। मिश्रिख सांसद अशोक रावत, सांसद प्रतिनिधि रवि बाजपेई, ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला बिल्हौर ब्लाक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, सिपाही लाल कठेरिया, जेपी कटियार, सुशांक मिश्रा ने भी आकर प्रसाद ग्रहण किया।

## वृद्ध की ट्रेन से टकरा कर हुई मौत



जन एक्सप्रेस । हमीरपुर। हमीरपुर जिले के भरुआ सुमेरपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर दो के किनारे वाली पटरी पर एक वृद्ध की ट्रेन से टकरा कर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी बांदा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांदा ले गई है। कस्बे के प्लेटफार्म नंबर दो के किनारे वाली पटरी पर रात में एक वृद्ध की ट्रेन से टकरा कर मौत हो गई। सुबह जब रेलवे कर्मियों ने उसके शव को देखा, तो कार्रवाई के लिए जीआरपी बांदा को सूचना दी।

मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के शरीर में कपड़े भी नहीं थे, जिससे ऐसा लगता हैज्कोई अर्धविक्षिप्त रात में पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने मामले की छानबीन में जुटी है।

# लोकतंत्र को अधिक जीवंत करने की दिशा में अहम कदमः पीएम मोदी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

वन नेशन-वन इलेक्शन के मसौदे को आज मोदी सरकार की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को वन नेशन-वन इलेक्शन पर गठित पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी की सिफारिशों पर अपनी मुहर लगा दी। फैसले को मंजूरी मिलने के बाद अब पीएम मोदी की प्रतिक्रिया सामने आई है। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि, कैबिनेट ने एक साथ चुनाव कराने संबंधी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। मैं इस प्रयास की अगुआई करने और विभिन्न हितधारकों से परामर्श करने के लिए हमारे पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी की सराहना करता हूं। यह हमारे लोकतंत्र को और भी अधिक जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत परिवर्तनकारी सुधारों का गवाह बन रहा है। आज, इस दिशा में, केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने के साथ, भारत ऐतिहासिक चुनाव सुधारों की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहा है। यह स्वच्छ और वित्तीय रूप से कुशल चुनावों के माध्यम से हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने और संसाधनों के अधिक उत्पादक आवंटन के माध्यम से आर्थिक विकास में तेजी लाने की मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

### इस फैसले पर क्या बोला विपक्ष

"'एक देश-एक चुनाव' व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब चुनाव नजदीक आते हैं, तो असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा ऐसी बातें करती है।
–मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस प्रमुख


"'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था के तहत देश में लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय निकाय का चुनाव एक साथ कराने वाले प्रस्ताव को केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा आज दी गयी मंजूरी पर हमारी पार्टी का स्टैण्ड सकारात्मक है, लेकिन इसका उद्देश्य देश व जनहित में होना ज़रूरी।
–मायावती, बसपा प्रमुख

### हमेशा होने वाले चुनाव देश के प्रगति में बाधकः शिवराज

केंद्रीय मंत्रिमंडल में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को मंजूरी दिए जाने पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, आज मैं मन से बहुत प्रसन्न हूं, आज कैबिनेट ने पीएम मोदी की अध्यक्षता में बहुत बड़ा फैसला किया है। हमेशा होने वाले चुनाव देश के प्रगति में बाधक थे इस देश में 24 घंटे चुनाव की तैयारी चलती रहती है....इसलिए विकास के बड़े फैसले नहीं लिए जा पाते। मैं पीएम मोदी को दिल से बधाई देता हू ऐसा फैसला उनके नेतृत्व में ही हो सकता है। सभी मिलकर इसका समर्थन करें।

# चंद्रयान-4 मिशन को कैबिनेट की मंजूरी

## इसमें चंद्रमा से मिट्टी लाई जाएगी, अंतरिक्ष स्टेशन और वीनस मिशन 2028 में लॉन्च होगा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कैबिनेट ने चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी दे दी है। इस मिशन का उद्देश्य स्पेसक्राफ्ट को चंद्रमा पर उतारना, सैंपल कलेक्ट करना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। कैबिनेट ने वीनस ऑर्बिटर मिशन और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना को भी मंजूरी दे दी। दोनों मिशन्स को साल 2028 तक लॉन्च करने का प्लान बनाया गया है।

### चंद्रयान-4 मिशन

2104 करोड़ रुपए के इस मिशन में चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा। मिशन में दो अलग-अलग रॉकेट का इस्तेमाल होगा। हेवी-लिफ्टर एलवीएम-3 और इसरो का रिलायबल वर्कहॉर्स पीएसएलबी अलग-अलग पेलोड लेकर जाएंगे। स्टैक 1 में लूनर सैंपल कलेक्शन के लिए एसेंडर मॉड्यूल और सतह पर लूनर सैंपल कलेक्शन के लिए डिसेंडर मॉड्यूल शामिल हैं। स्टैक 2 में थ्रस्ट के लिए एक प्रोपल्शन मॉड्यूल, सैंपल होल्ड के लिए ट्रांसफर मॉड्यूल और सैंपल को पृथ्वी पर लाने के लिए री-एंट्री मॉड्यूल शामिल हैं।

### वीनस ऑर्बिटर मिशन

1,236 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इसे मार्च 2028 में लॉन्च किया जाना है। वीओएम का प्राइमरी ऑब्जेक्टिव शुक्र की सतह और वायुमंडल के साथ-साथ शुक्र के वायुमंडल पर सूर्य के प्रभाव के बारे में हमारी समझ को बढ़ाना है।

### भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन

कैबिनेट ने गगनयान प्रोग्राम का दायरा बढ़ाकर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस-1) के पहले मॉड्यूल के विकास को भी मंजूरी दे दी है। रिवाइज्ड गगनयान प्रोग्राम में बीएएस-1 यूनिट सहित आठ मिशन शामिल हैं। इसे दिसंबर 2028 तक पूरा किया जाना है। गगनयान प्रोग्राम की टोटल फंडिंग को 11,170 करोड़ रुपए बढ़ाकर 20,193 करोड़ रुपए कर दिया गया है। गगनयान में 3 दिनों के मिशन के लिए 3 गगनयात्री को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजा जाएगा। इसके बाद क्रू मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से समुद्र में लैंड कराया जाएगा। भारत अपने मिशन में कामयाब रहा तो वो ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इसे पहले अमेरिका, चीन और रूस ऐसा कर चुके हैं। 12 अप्रैल 1961 को सोवियत रूस के यूरी गागरिन 108 मिनट तक स्पेस में रहे। 5 मई 1961 को अमेरिका के एलन शेफर्ड 15 मिनट स्पेस में रहे। 15 अक्टूबर 2003 को चीन के यांग लिवेड 21 घंटे स्पेस में रहे।

### 2025 की शुरुआत तक इसके पूरा होने की संभावना

पीएम मोदी ने 2018 में गगनयान मिशन की घोषणा की थी साल 2018 में, पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस भाषण में गगनयान मिशन की घोषणा की थी। 2022 तक इस मिशन को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। हालांकि, कोविड महामारी के कारण इसमें देरी हुई। अब 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत तक इसके पूरा होने की संभावना है। गगनयान मिशन के लिए करीब 90.23 अरब रुपए का बजट आवंटित किया गया है।

# पश्चिम बंगाल और कोलकाता नगर निगम को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, शत्रु संपत्ति पर अवैध निर्माण करें ध्वस्त

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और कोलकाता नगर निगम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि शहर में ÷शत्रु संपत्ति÷ पर अवैध और अनधिकृत निर्माण को तुरंत ध्वस्त किया जाए। बता दें कि शत्रु संपत्ति अधिनियम 1968 के तहत, शत्रु संपत्ति को किसी शत्रु, शत्रु विषय या शत्रु फर्म के स्वामित्व वाली, उसके पास रखी या प्रबंधित की गई संपत्ति के रूप में परिभाषित किया गया है।

### 'हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ को दें रिपोर्ट'

न्यायमूर्ति कांत ने खुली अदालत में आदेश सुनाते हुए कहा, दूसरे शब्दों में, पश्चिम बंगाल राज्य, कोलकाता नगर निगम, भारत के शत्रु संपत्ति के संरक्षक और अन्य सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अवैध और अनधिकृत निर्माण को तुरंत ध्वस्त कर दिया जाए और अनुपालन रिपोर्ट उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ को सौंपी जाए।

### नगर निकाय के वकील की दलील पर पीठ की टिप्पणी

वहीं जब इस मामले में नगर निकाय के वकील ने कहा कि साइट पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने में समय लग रहा है, क्योंकि उन्हें सत्यापन करने की आवश्यकता है, तो पीठ ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य और नगर निगम मिलीभगत कर रहे हैं। इस पर भारत के शत्रु संपत्ति के संरक्षक की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि उन्हें कोई सहयोग नहीं मिल रहा है और इमारत को खाली कराने के लिए उन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की मदद लेनी पड़ी।




# चीन के मंसूबों पर भारत ने फेरा पानी, तस्करी के कुख्यात म्यांमार बॉर्डर पर लगेगी शील्ड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लगातार म्यांमार बॉर्डर से हो रही हथियारों और ड्रग्स की तस्करी के चलते भारत सरकार अब पूरे सीमा पर कटीली फेंसिंग करवा रही है। जानकारी के मुताबिक, भारत-म्यांमार की 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा पर केंद्र सरकार बाड़ लगवाने के लिए 31,000 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। यह बॉर्डर हथियारों, गोला-बारूद और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कुख्यात है। मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पर 30 किलोमीटर क्षेत्र में बाड़ लगाने का काम पूरा हो गया है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने सैद्धांतिक रूप से भारत और म्यांमार के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगभग 31,000 करोड़ रुपये की लागत से सीमा पर बाड़ लगाने और सड़कों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस कदम से चीन से आने वाले अवैध हथियार और ड्रग्स की तस्करी पर रोक लगेगी।

### 10 किमी की फेंसिग पूरी हुई

बता दें कि, मोरेह के पास करीब 10 किलोमीटर की बाड़ लगाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है और मणिपुर के अन्य इलाकों में 21 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ लगाने का काम चल रहा है।

### भारत-म्यांमार सीमा मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है

पड़ोसी देश में चल रही अस्थिरता के चलते केंद्र सरकार पहले ही भारत-म्यांमार मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म कर चुकी है। जो सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज़ के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक जाने की अनुमति देती थी। इसे भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत 2018 में लागू किया गया था। सूत्रों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर की स्थिति को लेकर लगातार समीक्षा बैठकें कर रहे हैं और आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दे रहे हैं। मणिपुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की दो बटालियन पहले ही तैनात की जा चुकी हैं। इसके अलावा, अशांत राज्यों में केंद्रीय पुलिस बलों की करीब 200 कंपनियां तैनात की गई हैं। मणिपुर सरकार ने आम जनता को उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए 25 मोबाइल वैन का उपयोग दुकानों के रूप में करना शुरू कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि ये दुकानें मणिपुर के सभी जिलों में चल रही हैं। उन्होंने बताया कि एक नई पहल के रूप में मणिपुर के लोगों को उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए मंगलवार से केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार (केपीकेबी, पुलिस कैंटीन) खोले गए हैं। मौजूदा 21 पुलिस कैंटीनों के अलावा 16 नई दुकानें खोली जा रही हैं। 16 नई पुलिस कैंटीनों में से आठ मणिपुर के घाटी जिलों में और शेष आठ पहाड़ी इलाकों में होंगी। पिछले साल 3 मई को मणिपुर में जातीय हिंसा की तब शुरुआत हुई थी, जब बहुसंख्यक मैतेई समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में राज्य के पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च निकाला गया था। तब से जारी हिंसा में कुकी और मैतेई दोनों समुदायों के 220 से अधिक लोग और सुरक्षाकर्मी मारे जा चुके हैं।

## डिप्टी सीएम बनाए जाने की अटकलों को उदयनिधि ने बताया 'अफवाह', कहा

# सीएम स्टालिन लेंगे अंतिम फैसला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



तमिलनाडु में इस समय मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन को डिप्टी सीएम बनाए जाने की अटकलें जोरों पर चल रही हैं। रिपोर्टों में दावा किया गया है कि उन्हें उपमुख्यमंत्री पद पर पदोन्नत किए जाने की संभावना है। लेकिन उदयनिधि स्टालिन ने उपमुख्यमंत्री नियुक्त किए जाने की खबरों को खारिज कर दिया और इन्हें %अफवाह% बताया है। सत्तारूढ़ द्रमुक की यूथ बिंग के सचिव और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने बुधवार को इस मामले पर बोलते हुए कहा कि, आपको सीएम (मुख्यमंत्री) से पूछना होगा। इस बारे में निर्णय लेना पूरी तरह से अधिकार मुख्यमंत्री को है। हालांकि उन्होंने खुद तो डिप्टी सीएम बनाए जाने के दावों को खारिज कर दिया है। जब इस मामले पर पत्रकारों ने जब उदयनिधि को बताया कि पार्टी कार्यकर्ता जश्न मनाने के लिए पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम÷ पर एकत्र हुए हैं, तो उन्होंने कहा कि वह बुधवार को मुख्यालय नहीं जा सके, क्योंकि वह अन्ना शताब्दी पुस्तकालय गए हुए थे। उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं हैं। बता दें कि, इसी महीने अमेरिकी यात्रा पर रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बड़ा संकेत दिया था। जिसके बाद अटकलों का दौर शुरू हो गया था। उपमुख्यमंत्री बनाए जाने से जुड़े एक अन्य सवाल पर उन्होंने जोर देते हुए कहा, हम इस बारे में बात करेंगे, बशर्ते कोई घोषणा हो। कुछ दिन पहले, सीएम स्टालिन ने कैबिनेट में फेरबदल का संकेत दिया था और कहा था कि जो अपेक्षित है, वही होगा। लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही हैं कि स्टालिन के बेटे उदयनिधि को जल्द ही सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। आपको बताते चलें कि पिछले महीने अगस्त में तमिलनाडु सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री राजकन्नप्पन ने भी उदयनिधि स्टालिन को राज्य का उपमुख्यमंत्री बताया था। हालांकि बाद में वह अपने बयान से पलट गए थे। इस समय उदयनिधि स्टालिन तमिलनाडु सरकार में खेल और युवा कल्याण मंत्रालय के अलावा विशेष कार्यक्रम कार्यान्वयन का प्रमुख विभाग भी संभालते हैं। इसके अलावा वह डीएमके की युवा शाखा के सचिव भी हैं।

# कोलकाता अस्पताल कांड में आरोपी पुलिस अधिकारी अभिजीत मंडल निलंबित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में हुए दुष्कर्म-हत्याकांड मामले में गिरफ्तार ताला पुलिस थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल पर गाज गिरी है। कोलकाता पुलिस ने अभिजीत को निलंबित कर दिया है। बता दें कि सीबीआई ने बीते 14 सितंबर को अभिजीत मंडल को गिरफ्तार किया था। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल उत्तरी कोलकाता के ताला पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है।

### सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में अभिजीत मंडल गिरफ्तार

सीबीआई ने ताला पुलिस थाने के थाना प्रभारी अभिजीत मंडल को दुष्कर्म और हत्या के मामले में सबूतों से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वहीं अभिजीत मंडल को सियालदह की एक अदालत ने पहले 17 सितंबर फिर 20 सितंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेजा दिया है। अधिकारियों के मुताबिक ताला पुलिस पर आरोपी संजय रॉय के कपड़े और अन्य सामान जब्त करने में दो दिन की देरी की। अगर समय रहते कपड़े जब्त कर लिए जाते तो उसके खिलाफ मजबूत सबूत मिल सकते थे। इन सब के बीच जूनियर डॉक्टरों का 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत के साथ बैठक के लिए नबन्ना पहुंच गया है। दूसरे दौर की वार्ता करने के लिए जूनियर डॉक्टर का दल पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय नबन्ना पहुंचा है।

### सीसीटीवी फुटेज के साथ होगी पूछताछ

एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई सभी फोन कॉल के विवरण को सत्यापित करेगी ताकि मुख्य आरोपी और सह-आरोपियों के बीच आपराधिक साजिश रचे जाने की संभावना का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि एजेंसी दोनों से ताला पुलिस थाने, अपराध स्थल, मेडिकल कॉलेज के सीसीटीवी फुटेज के साथ पूछताछ करेगी।

### पुल हुआ गुल

आजकल गिरने के लिए बनते हैं
पुल। ईट, सीमेंट और रेती जब
होती है गुल। हाटकेश्वर पुल ने भी
लिया होगा संकल्प। आम आदमी
को दूंगा एक नया विकल्प। जब हुए
इस पर बयालिस करोड़ खर्च।
सोचा ना था यह सब हो जाएगा
व्यर्थ। सौ साल चलने का था इसका
जीवनकाल। पाँच साल में ही हो
गया इसका बुरा हाल। पुल बनकर
भी ना हुआ इसका उपयोग। जनता
के दुख कम होने का न था योग।
भ्रष्टाचार के भोग का सफल हुआ
प्रयोग। 52 करोड़ में टूटेगा देखते
रह जाएंगे लोग।
**(संदर्भः हाटकेश्वर ब्रिज, अहमदाबाद।)**



**संजय एम. तराणेकर**
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इंदौर (मध्यप्रदेश)

### 'लाउडस्पीकर का इस्तेमाल पर गणेश उत्सव और ईद दोनों में हानिकारक'

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने फेस्टिवल सीजन के दौरान बजने वाले तेज लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को लेकर अहम टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि यदि गणेश उत्सव के दौरान एक लेवल से ज्यादा तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाना हानिकारक है तो ईद के जुलूसों के दौरान भी इसका यही असर होता है।



आर एस एस के स्वयं सेवक उमाकांत तिवारी एम आई जी कालोनी आदर्श नगर वरली के यहाँ विराजे गणपति, बप्पा का दर्शन कर आर्शीवाद लेते वरिष्ठ स्वयम् सेवक हरिनाथ तिवारी।

# श्वानोमा ट्यूमर या कैंसर ट्यूमर की पहली अवस्था को यूनानी चिकित्सा से रोका जा सकता हैः डॉ. लियाकत अली मंसूरी

**जन एक्सप्रेस। विशेष**



यह श्वानोमा कोशिकाओ की एक ट्यूमर है जो परिधीय तंत्रिका तंत्र या तंत्रिका जड़ों में श्वान कोशिकाओं से विकसित होने से होती है। ये सौम्य (गैर कैंसरयुक्त) होते हैं और धीमी गति से बढ़ने वाली गांठें हैं। सबसे आम प्रकार वेस्टिबुलर श्वानोमा है, जो आंतरिक कान में एक तंत्रिका में बनता है। लेकिन कभी-कभी घातक (कैंसरयुक्त) भी हो सकते हैं। अभी तक इसके कारणों का पता नहीं चला है। श्वानोमा का सबसे आम प्रकार वेस्टीबुलर श्वानोमा और मस्तिष्क ट्यूमर है।

### श्वान कोशिकाओं के कार्य

ये श्वान कोशिकाएँ तंत्रिका आवेगों के संचालन में सहायता करती हैं। वे परिधीय तंत्रिकाओं के चारों ओर लिपटी रहती हैं और सुरक्षा और सहायता प्रदान करती हैं। परिधीय तंत्रिका तंत्र में वे तंत्रिकाएँ शामिल होती हैं जो रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क से होकर शरीर के बाकी हिस्सों में संकेतों को ले जाती हैं । श्वानोमा का एक सामान्य क्षेत्र तंत्रिका का है जो मस्तिष्क को आंतरिक कान से जोड़ती है जिसे वेस्टिबुलर श्वानोमा कहते हैं । कैंसरयुक्त श्वानोमा सबसे अधिक बार पैर की साइटिक तंत्रिका , बांह में ब्रेकियल प्लेक्सस तंत्रिका और पीठ के निचले हिस्से में स्थित तंत्रिकाओं के समूह को प्रभावित करता है जिसे सैक्रल प्लेक्सस कहते है। श्वान्नोमा को कभी-कभी न्यूरिलेमोमा या न्यूरोमा भी कहते है। यदि श्वान्नोमा घातक है, तो इसे नरम ऊतक सार्कोमा कहते हैं। 90 प्रतिशत मामलों में श्वानोमा एकल होती है, अर्थात केवल एक ही ट्यूमर होता है। आमतौर पर ये निम्न दो प्रकार की होती है...




### वेस्टिबुलर का श्वानोमा ट्यूमर

वेस्टिबुलर श्वानोमा को ध्वनिक न्यूरोमा भी कहते हैं,यह आंतरिक कान को आपूर्ति करने वाली संतुलन और श्रवण तंत्रिकाओं से विकसित होता है। यह आमतौर पर सौम्य (गैर-कैंसरयुक्त) और धीमी गति से बढ़ने वाला होता है। लेकिन जैसे-जैसे ट्यूमर बढ़ता है, यह सुनने और संतुलन तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है, जिससे कान में सुनने की क्षमता कम हो जाती है, कान में टिनिटस यानि घंटी बजना और चक्कर शुरू हो जाते हैं।

### श्वानोमा के निदान में मदद करने वाले इमेजिंग परीक्षणों में शामिल हैं

- चुंबकीय अनुनाद इमेजिंग (एमआरआई)
- कम्प्यूटेड टोमोग्राफी (सीटी) स्कैन
- अल्ट्रासाउंड
- बायोप्सी

### मस्तिष्क का श्वानोमा ट्यूमर

यह मस्तिष्क ही नहीं बल्कि यह शरीर में कहीं भी बन सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि श्वानोमा परिधीय तंत्रिका तंत्र में कोशिकाओं (श्वान कोशिकाओं) से विकसित होता है, जिसमें मस्तिष्क और पूरे शरीर में तंत्रिकाएँ होती हैं।

### श्वानोमा के लक्षण क्या हैं

श्वानोमास धीरे-धीरे बढ़ता है और बिना किसी लक्षण के सालों तक बना रह सकता है। एक दिखाई देने वाली गांठ जो दबाव डालने पर कोमल महसूस हो सकती है, सुन्न होना ,मांसपेशियों में कमजोरी,पिन्स और सुईयों जैसा अहसास , दर्द पीड़ादायक, जलनयुक्त या तीव्र हो। वेस्टिबुलर श्वानोमा सुनने और संतुलन को प्रभावित कर सकता है और/या बजने जैसी अनुभूति (टिनिटस) पैदा कर सकता है। चेहरे की तंत्रिका में ट्यूमर निगलने, आंखों की गति और स्वाद संवेदना को प्रभावित कर सकता है या चेहरे का पक्षाघात पैदा कर सकता है। साइटिक तंत्रिका श्वान्नोमा डिस्क हर्नियेशन के समान हो सकता है, जिसमें पीठ के निचले हिस्से में दर्द होता है।

### प्रबंधन और हर्बल यूनानी चिकित्सा से उपचार

श्वानोमा का उपचार इस बात पर निर्भर करता है कि शरीर में ट्यूमर कहां है और यह कितनी तेजी से बढ़ रहा है। हर्बल यूनानी चिकित्सा में शहद के साथ रोगन कलौंजी, हीरक भस्म, पन्ना भस्म, सुवर्ण भस्म, रस कपूर, सर्वेश्वर परपटी, ताम्र भस्म, सफ़ेद मरी, पुनर्नवा, सरागवा, वयवरूण , यष्टि मधु, गिलोय, अर्दुषी, हल्दी, पिप्पली, चन्दन, मुलेठी, लौकी, खसखस, गोंद कतिरा आदि देकर रोका जा सकता है। सही चिकित्सा के लिए अनुभवी यूनानी चिकित्सक से ही परामर्श लें। 2.सर्जरी 3. विकिरण चिकित्सा 4.घातक (कैंसरयुक्त) श्वानोमा का उपचार इम्यूनोपैथी और कीमोथेरेपी का उपयोग।

### श्वानोमा की संभावित जटिलताएँ

जटिलताएं ट्यूमर की सर्जरी के बाद होती हैं। निम्न परिस्थितियों में पोस्टऑपरेटिव के बाद जटिलताओं की घटना काफी अधिक होती हैद्वद्व
1.यदि ट्यूमर बड़ा है
2.यदि ट्यूमर शरीर के अंदर गहराई में स्थित है।
3.यदि ट्यूमर उलनार तंत्रिका (बांह की तीन मुख्य नसों में से एक) से उत्पन्न होता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)